# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी


### बताई जाती है अध्ययन की बारीकियां

*हिंदी विषय के अंतर्गत एमए हिंदी और भाषा विज्ञान के पाठ्यक्रम संचालित होते हैं। एमए हिंदी में उपन्यास, कहानी आदि का अध्ययन कराया जाता है जबकि भाषा विज्ञान में व्याकरण के नियम और भाषा संबंधित संपूर्ण जानकारी*

▶▶ शेष पेज 4 पर

# सर चढ़कर कैसे बोलेगी हमारी हिंदी...विश्वविद्यालयों में कहीं सीटें आधी भर रहीं, कहीं विभाग ही नहीं खुला, सालाना जलसा बना 'हिंदी दिवस'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर- रुचि वर्मा, बिलासपुर- अंजनी तिवारी, जगदलपुर-सुरेश रावल



हिंदी दिवस

हिंदी दिवस अब सालाना जलसा मात्र बनता जा रहा है। विश्वविद्यालयों में हिन्दी विभागों की स्थिति खराब है। एक तरफ पूरा देश हिंदी दिवस मना रहा है, वहीं दूसरी ओर उच्च शिक्षण संस्थानों में हिंदी विभाग में पढ़ने वाले विद्यार्थियों की संख्या घटते जा रही है। हालात ये हैं कि रायपुर-बिलासपुर से लेकर बस्तर तक विश्वविद्यालय हिंदी के छात्रों के लिए तरस रहे हैं। इन विश्वविद्यालयों की स्थिति देखकर और छात्रों की ओर से मांग नहीं आने के कारण अन्य विवि हिंदी संबंधित पाठ्यक्रम के लिए दिलचस्पी भी नहीं दिखा रहे हैं। राजधानी रायपुर स्थित पं.रविशंकर विवि ▶▶ शेष पेज 4 पर

### पाठ्यक्रम प्रारंभ करना ही भूल बैठा विवि

16 साल पहले 2 सितंबर 2008 को संभाग मुख्यालय जगदलपुर में बस्तर विश्वविद्यालय की स्थापना की गई। भाषा के प्रचार-प्रसार को लेकर जहां शासकीय स्तर पर अभियान चलाए जा रहे हैं, तो वहीं विश्वविद्यालय ने इसकी सुध ही नहीं ली है। विश्वविद्यालय में भाषा विज्ञान संबंधित कोई कोर्स फिलहाल नहीं है। इस संदर्भ में किसी ▶▶ शेष पेज 4 पर

### *एमए हिंदी में प्रवेश, लेकिन भाषा विज्ञान में नहीं*

*छात्र एमए हिंदी में दिलचस्पी ले रहे हैं। इस वर्ष सीट संख्या 20 से बढ़ाकर 25 की गई है। इनमें से 23 में प्रवेश हो चुके हैं। भाषा विज्ञान में छात्रों का रुझान अपेक्षाकृत कम है। 20 में से 9 सीटों में ही प्रवेश हुए हैं।*

*- डॉ.शैल वर्मा, हिंदी विभागाध्यक्ष, रविवि अध्ययनशाला*

### भाषा विज्ञान फिलहाल नहीं

शहीद महेंद्र कर्मा विवि में भाषा विज्ञान विषय शुरू नहीं हुआ है। हिंदी साहित्य की पढ़ाई इसी साल से शुरू हुई है।

- **डॉ. विनोद सोनी**, मीडिया प्रभारी महेन्द्र कर्मा विवि

### शासन को भेजा है प्रस्ताव

अटल बिहारी वाजपेयी यूनिवर्सिटी में अब हिंदी विभाग संचालित नहीं है। यूनिवर्सिटी में नया हिंदी विभाग खोलने के लिए शासन को प्रस्ताव भेजा गया है। स्वीकृति पश्चात ही विभाग खोला जा सकेगा।

- **डॉ. तरुणधर दीवान** मीडिया प्रभारी, एयू

जरूरत भी, जज्बा भी

## इस पर करें गर्व, विदेशी जुबान अब बोलने लगी हिंदी



*सूडान नाइजीरिया के छात्रों ने सीखी हिंदी, यह जरूरी भी था और नया सीखने का जज्बा भी*



दीपांजली साहू ▶▶ रायपुर

राज्य के विश्वविद्यालयों में सालाना उत्सव बन कर रह गए हिंदी दिवस पर अपनी मातृभाषा के सम्मान में कई आयोजन होंगे, पर इसकी गंभीरता कितनी रहेगी, यह उत्सव में भीड़ की मौजूदगी बयां करेगी। यह हिंदी का स्याह पहलू हो सकता है, पर अच्छी खबर यह भी है कि इन सबके बीच छग में पढ़ाई कर रहे सैकड़ों छात्रों में से ज्यादातर ने अपनी शिक्षा के साथ हिंदी को भी सिर और जुबान पर बैठाया है। भाषा की संप्रेषिता के लिए हिंदी उनकी जरूरत कहीं जा सकती है, लेकिन सच यह भी है कि उनमें कुछ नया सीखने का जज्बा भी है। ऐसे ही विदेशी मूल के कुछ ▶▶ शेष पेज 4 पर

### यूट्यूब से सीख रहे

कलिंगा यूनिवर्सिटी से बीफार्मा के छात्र हलीरू उस्मान नाइजीरिया का रहने वाला है। हलीरु भी दो बरस से रायपुर में रह रहा है। उसने कहा, शुरुआती दिनों में हिन्दी भाषा ना आने के कारण शहर व कॉलेज में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। दिक्कतों को देखते हुए उसने हिंदी की जरूरत को भी समझा और उसके बाद हिन्दी सीखने के लिए ऑनलाइन प्लेटफॉम यूट्यूब और दोस्तों की मदद ली। अभी ▶▶ शेष पेज 4 पर






## खबर संक्षेप

### राशन घोटाले में ईडी की प. बंगाल में छापेमारी

**कोलकाता।** ईडी ने कथित राशन घोटाले के मामले में शुक्रवार को पश्चिम बंगाल के कई स्थानों में छापेमारी की। अधिकारियों ने बताया कि संघीय जांच एजेंसी के विभिन्न दलों ने यह छापेमारी की। ईडी के अधिकारियों ने राशन दुकान, व्यापारियों के घरों और गोदामों, एक खाद्य निरीक्षक के आवास और एक सहकारी बैंक की चार शाखाओं की भी तलाशी ली।

### वियतनाम में चक्रवात से मृतक संख्या 233 हुई

**हनोई।** वियतनाम में चक्रवात 'यागी' के कारण आई बाढ़ तथा भूस्खलन प्रभावित क्षेत्रों से और शव बरामद होने के बाद मरने वालों की संख्या शुक्रवार को बढ़कर 233 हो गई। वियतनाम के सरकारी प्रसारक 'वीटीवी' ने बताया कि उत्तरी लाओ काई प्रांत में मंगलवार को पहाड़ से बहते बाढ़ के पानी से लैंग नू गांव तबाह हो गया था।

दो दिन चली कलेक्टर-एसपी कांफ्रेंस का समापन, अवैध शराब, जुआ-सट्टा, नशाखोरी पर हो जीरो टॉलरेंस

# राज्य में गो-तस्करी, नशाखोरी बड़ी समस्या, भू माफिया पर भी सख्ती जरूरी, अफसरों को सीएम की हिदायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

*मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने रायपुर में राज्यभर के पुलिस अधीक्षकों की एसपी कांफ्रेंस में पुलिस अधिकारियों को कानून व्यवस्था, अपराध नियंत्रण और पुलिस की कार्यप्रणाली में बदलाव लाने की हिदायत दी। उन्होंने सबसे पहले छत्तीसगढ़ के सभी पुलिस रेंज की कार्यप्रणाली की समीक्षा करते हुए हर रेंज की कमजोरी और अच्छे कार्य पर अपनी बात रखी।*

उन्होंने कहा कि गो तस्करी, नशाखोरी एक बहुत बड़ी समस्या है। इसके साथ ही उन्होंने भू-माफिया पर नजर रखने की हिदायत दी। सीएम ने रायपुर में भू माफिया द्वारा शासकीय और आम नागरिकों की जमीन पर कब्जे की शिकायतों पर गंभीर चिंता जताई। उन्होंने राजधानी पुलिस को संगठित अपराधों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए हैं। कलेक्टर-एसपी कॉन्फ्रेंस में मुख्य सचिव अमिताभ जैन, पुलिस महानिदेशक अशोक जुनेजा, राज्य के संभागायुक्त, पुलिस महानिरीक्षक, कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

### कलेक्टर एसपी कांफ्रेंस में सार्थक चर्चा, अब रिजल्ट दिखे

शुक्रवार को रायपुर के सर्किट हाउस में कलेक्टर एसपी कांफ्रेंस का दूसरा और अंतिम दिन था। पहले दिन कलेक्टर कांफ्रेंस थी। इस कांफ्रेंस के अंतिम सत्र को संबोधित किया। उन्होंने प्रदेश में अपराधों की रोकथाम के लिए बेसिक पुलिसिंग और कानून व्यवस्था पर लंबी समीक्षा के बाद महत्वपूर्ण निर्देश दिए। सीएम ने कहा कि कलेक्टर-एसपी कॉन्फ्रेंस में दो दिनों तक बहुत सार्थक चर्चा हुई है, इसका रिजल्ट दिखना चाहिए। ▶▶ शेष पेज 4 पर

### बेवजह किसी नागरिक को परेशान न करें

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा है कि अपराधियों के मन में कानून का भय हो, पीड़ितों को त्वरित न्याय मिले। आम जनता में पुलिस प्रशासन के प्रति विश्वास कायम रहे। बेवजह किसी नागरिक को परेशान न किया जाए। पुलिस का व्यवहार आम नागरिकों के साथ मित्रवत हो। पुलिस थानों का वातावरण ऐसा हो कि आम नागरिक को पुलिस थानों में प्रवेश करते समय सहयोग की उम्मीद हो। प्रदेश में अपराध पर नियंत्रण के लिए कलेक्टर एवं एसपी आपसी समन्वय स्थापित करते हुए प्रभावी कार्रवाई करें।

### शिकायतें मिलने पर एसपी होंगे जिम्मेदार





### पिछले वर्षों की तुलना में अपराध घटे

उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने दंड संहिता को बदल कर न्याय संहिता कर दिया है। इसका जमीनी क्रियान्वयन सुनिश्चित करते हुए पुलिस को इन नए कानूनों के अनुरूप कार्य करने के लिए स्वयं को ढालना होगा। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार सुशासन देने के लिए प्रतिबद्ध है, और पिछले वर्षों की तुलना में अपराध की संख्या में कमी आई है। राज्य में नए सिरे से सोशल पुलिसिंग को बढ़ावा दिए जाने की जरूरत है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में नए सिरे से सोशल पुलिसिंग को बढ़ावा दिए जाने की जरूरत है।

### गो तस्करी, नशाखोरी बहुत बड़ी समस्या

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में गो-तस्करी व नशाखोरी एक बहुत बड़ी समस्या है, इस पर कड़ाई से नियंत्रण सुनिश्चित करते हुए ऐसे मामलों में एंड टू एंड कार्रवाई करें। उन्होंने कहा कि अवैध शराब के परिवहन एवं बिक्री, जुआ, सट्टा एवं गांजा की तस्करी को रोकने के लिए अभियान चलाकर दोषियों पर कानूनी कार्रवाई करें। समाज में अशांति फैलाने वालों, अफवाह फैलाने वालों पर कड़ी नजर रखें और उनके खिलाफ तुरंत कार्रवाई हो। हत्या जैसे मामले में कार्रवाई में देर नहीं होनी चाहिए ▶▶ शेष पेज 4 पर

### सरगुजा सीतापुर हत्याकांड पर सीएम की नाराजगी

श्री साय ने सरगुजा रेंज पुलिस के कार्यों की समीक्षा करते हुए। सीतापुर मर्डर केस को लेकर सीएम ने नाराजगी जताई। उन्होंने कहा- सरगुजा पुलिस रेंज चार राज्यों से जुड़ा है, सीमावर्ती क्षेत्र होने के कारण अपराधों के नियंत्रण के लिए सतत निगरानी होनी चाहिए। जशपुर में मानव तस्करी रोकने में पुलिस ने किया है अच्छा काम, जिला प्रशासन और पुलिस को सराहना मिली है। जशपुर जिले में उड़ीसा से लगने वाले सीमावर्ती क्षेत्रों में हो 24 घंटे निगरानी, नशीले पदार्थों की तस्करी पर हो कड़ी कार्यवाही की जानी चाहिए। विकास कार्यों में अवरोध डालने वाले अराजक तत्वों को चिन्हांकित करे पुलिस तथा उनकी गतिविधियों पर नजर रखें।

### *रायपुर में भू माफिया पर रखें नजर, बेस्ट पुलिसिंग हो*

*मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का रायपुर रेंज पुलिस को निर्देश दिया है कि रायपुर प्रदेश की राजधानी है, यहां की पुलिसिंग बेस्ट हो ये बहुत जरूरी है। रायपुर में पिछली कुछ घटनाओं से राजधानी की छवि धूमिल हुई है। रायपुर में भू माफिया द्वारा शासकीय और आम लोगों की जमीन पर कब्जा की बहुत शिकायतें हैं, राजस्व और पुलिस मिल कर इसपर नियंत्रण करें। राजधानी में रात में गश्त बहुत जरूरी है यहां नशीली दवाइयों की बिक्री पर कार्रवाई बहुत जरूरी है , इनके इकोसिस्टम को तोड़िए और अपराध के जड़ में जाइए। नशे के खिलाफ स्कूल कॉलेज में अभियान चलाकर जागरूकता लाने की जरूरत है। रायपुर में पुलिस पेट्रोलिंग बराबर हो और संगठित अपराध पे लगातार कार्रवाई होनी चाहिए। सभी जिलों की पुलिस योजना बनाकर कार्रवाई करें, ताकि अपराध और अपराधियों पर लगाम लगे।*

### *सड़क दुर्घटनाओं पर जताई चिंता*

*मुख्यमंत्री ने प्रदेश में बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं पर चिंता जाहिर करते हुए कहा कि आम लोगों को यातायात नियमों का पालन करने और सीट-बेल्ट, हेलमेट पहनने की समझाइश दी जाए। उन्होंने बैठक में आने वाले दिनों में पुलिसिंग को और अधिक विश्वसनीय, पारदर्शी व उत्तरदायी बनाने की दिशा में किए जा सकने वाले उपायों पर चर्चा की।*

बिना जरूरी उपकरण के उड़ा रेड एंबुलेंस का एयरक्राफ्ट लौटा

# 10 दिन में 8 लाख खर्च, महिला की मौत, बेटे ने कहा-एमएमआई ने मेरी मां को मार डाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

लापरवाही

मरीजों के इलाज में लापरवाही के मामले में अक्सर विवादों में रहने वाले एमएमआई नारायणा हास्पिटल और रेड एंबुलेंस की लापरवाही से एक महिला की जान चली गई। खांसी-जुकाम से पीड़ित महिला को स्वाइन फ्लू बताकर दस दिन हास्पिटल में रखकर परिजनों से आठ लाख बिल वसूला गया। हालत नहीं सुधरने पर हैदराबाद के हास्पिटल भेजने एयर लिफ्ट के नाम पर 6 लाख का भुगतान कराया गया इसके बाद भी महिला की जान नहीं बचाई जा सकी। रेड एंबुलेंस की बिना उपकरण वाली एयर एबुंलेंस उड़ान भरने के बाद वापस एयरपोर्ट लौट आई। तब तक वेंटिलेटर पर सांस ले रही महिला का दम उखड़ चुका था।

इस बीच छत्तीसगढ़ के प्रतिष्ठित ट्रेवल्स कारोबारी कीर्ति व्यास ने बड़ा खुलासा किया है। श्री व्यास ने कहा कि एयर एंबुलेंस के नाम पर अस्पताल कमीशनखोरी कर रहे हैं। बिना संसाधनों के एयर एंबुलेंस चलाई जा रही हैं। मरीजों से पूरा पैसा वसूल किया जा रहा है। इस मिलीभगत में अस्पताल प्रबंधन शामिल हैं। उल्लेखनीय है कि टाटीबंध के नागराव स्टेट में रहने वाले ओम खेमानी और उसके रिश्तेदारों ने लालपुर के एमएमआई हास्पिटल के डाक्टरों पर गैर इरादतन हत्या का आरोप लगाया है। इस मामले की शिकायत पुलिस और स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल से की गई है, जिसके बाद मामले की जांच शुरू की गई है।

जान गंवाने वाली भारती खेमानी के शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। पुत्र ओम खेमानी ने बताया कि ▶▶ शेष पेज 4 पर

### प्रतिष्ठित कारोबारी कीर्ति व्यास ने कहा-एयर एंबुलेंस के नाम पर कमीशन खोरी कर रहे अस्पताल



### सालभर से चल रहा कमीशनखोरी का खेल

राजधानी के प्रतिष्ठित ट्रैवल्स कारोबारी तथा व्यास हॉलीडेज के संचालक कीर्ति व्यास ने एयर एंबुलेंस के नाम पर कमीशनखोरी का गंभीर आरोप लगाया है। उनका तर्क है कि पिछले कई सालों से गंभीर मरीजों को दूसरे बड़े अस्पताल ले जाने एयर एंबुलेंस बुलाया जाता है। ऐसे एयर क्राफ्ट में सभी तरह के उपकरण और चिकित्सक मौजूद रहते हैं। पिछले एक साल से रेड एंबुलेंस द्वारा इस काम के नाम पर कमीशनखोरी की जा रही है, जिसमें कई अस्पतालों के डाक्टरों की मिलीभगत है। एयर एंबुलेंस में मरीज के साथ दो अटेंडर के जाने की व्यवस्था होती है। इस प्रकरण में एक अटेंडर और ऑक्सीजन मशीन खराब होने की जानकारी गंभीर लापरवाही को इंगित करता है।

### पांच डॉक्टरों की टीम करेगी जांच

भारी बिल वसूलने के बाद भी महिला के इलाज में कोताही फिर कमीशनखोरी के लिए उसे एयरलिफ्ट करने के आरोप से घिरे एमएमआई के खिलाफ जांच शुरू हो चुकी है। इस मामले में सिंधी समाज और परिजनों ने स्वास्थ्य मंत्री से मुलाकात की थी। उनके निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग ने पांच डाक्टरों की टीम का गठन किया है, जिन्हें सात दिन के भीतर महिला के अस्पताल में भर्ती होने से लेकर एयर लिफ्ट और वापस अस्पताल में मृत्यु के मामले की जांच कर रिपोर्ट तैयार करनी है।

### अस्पताल प्रबंधन ने दी सफाई

लापरवाही के गंभीर आरोप से घिरे एमएमआई नारायणा हास्पिटल ने इस मामले में सफाई दी। अपने लिखित बयान में कहा कि भारती खेमानी की हालत गंभीर थी। हाईरिस्क होने के बाद भी परिजनों ने मेडिकल सलाह के विरुद्ध छुट्टी लेकर दूसरे अस्पताल ले जाने का फैसला लिया था। उड़ान के दौरान उन्हें कार्डियक अरेस्ट हुआ, जिससे मौत हो गई थी।

# महादेव सट्टा केस, सुनवाई में आया दाऊद इब्राहिम का नाम, वारंट रद्द करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर

- **प्रमोटर संचालक सौरभ चंद्राकर और रवि उप्पल ने दायर की है याचिका**

महादेव सट्टा ऐप मामले में हाईकोर्ट में लगातार सुनवाई जारी है। इसमें प्रमोटर-संचालक सौरभ चंद्राकर और रवि उप्पल के गिरफ्तारी वारंट केस में मोस्ट वांटेड आतंकी दाऊद इब्राहिम की एंट्री हुई है। आरोपियों के वकील ने सुनवाई के दौरान एक केस का जिक्र करते हुए वारंट रद्द



करने की मांग की है। वकील ने कहा कि ईडी ने कोर्ट को गलत जानकारी दी। शुक्रवार को हुई सुनवाई में बिलासपुर ईडी ने अपना पक्ष रखा। मामले की अगली सुनवाई अब 19 सितंबर को होगी। इसमें बचाव पक्ष अपना प्रतिउत्तर ▶▶ शेष पेज 4 पर

### एफआईआर में उल्लेख लेकिन एप्लीकेशन कोर्ट में नहीं

रवि उप्पल के अधिवक्ता ने कहा कि एफआईआर में जिन बातों का उल्लेख है, उन बातों की एप्लीकेशन कोर्ट में सब्मिट नहीं की गई है। याचिका में कहा गया कि न्यायाधीश ने नोटिस जारी करते समय कथित अभियुक्त बताया, लेकिन ईडी ने अपनी एफआईआर में अभियुक्त लिखा है। ये दोनों अलग-अलग बातें हैं। ईडी ने गलत जानकारी देकर कोर्ट से गैर जमानती वारंट जारी कराया है। इसे रद्द कर देना चाहिए। वकील किशोर श्रीवास्तव ने अपने तथ्यों को सही साबित करने के लिए पुराने कई केस ▶▶ शेष पेज 4 पर

तेलीबंधा थाना क्षेत्र का मामला

# भारी मात्रा में एसएलआर, एके-47 जैसे घातक हथियार के बुलेट बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

- **कारतूस के साथ बच्चे खेल रहे थे, इसी दौरान पुलिस को जानकारी मिली**

तेलीबंधा थाना क्षेत्र में पुलिस ने घातक हथियार एके-47, इंसास, एसएलआर, थ्री नॉट थ्री के 88 नग जिंदा कारतूस जब्त किए हैं। कारतूस मिलने से आसपास के इलाकों में सनसनी फैल गई है। पुलिस कारतूस मिलने की घटना की जांच करने की बात कह रही है। कारतूस मिलने की एएसपी सिटी लखन पटले ने पुष्टि की है। पुलिस के मुताबिक डब्लूबी केन्यान ▶▶ शेष पेज 4 पर

### सुरक्षा बलों के कारतूस

पुलिस अफसर के अनुसार बच्चे नाले में मछली पकड़ने गए थे, तब उनकी जाली में कारतूस फंसा। पुलिस ने जो कारतूस जब्त किया है, वह कारतूस सुरक्षा बलों द्वारा उपयोग किया जाने वाला है। वह कारतूस सुरक्षा बलों का है या किसी अन्य का, पुलिस इसकी जांच करने की बात कह रही है।

महान फुटबालर रोनॉल्डो की बड़ी उपलब्धि

# दुनिया के पहले शख्स, जिनके फॉलोअर्स 100 करोड़ से ज्यादा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

रोनाल्डो का नाम दुनिया के महानतम फुटबॉलर्स में शामिल है। पुर्तगाल और अल नस्र के लिए खेलने वाले इस दिग्गज फुटबॉलर ने सोशल मीडिया पर एक खास रिकॉर्ड बनाया है। वह सोशल मीडिया पर एक बिलियन यानी 100 करोड़ फॉलोअर्स का आंकड़ा छूने वाले पहले व्यक्ति बन गए। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर रोनाल्डो की लोकप्रियता उनके नए लॉन्च किए गए इंस्टाग्राम चैनल की बदौलत और बढ़ गई है।

39 वर्षीय रोनाल्डो ने यूट्यूब अकाउंट बनाया था और एक सप्ताह के अंदर उसके फॉलोअर्स की संख्या 50 मिलियन यानी पांच करोड़ का आंकड़ा पार कर गई। उन्होंने इस ▶▶ शेष पेज 4 पर

- *63.9 करोड़ से ज्यादा इंस्टाग्राम पर*
- *17 करोड़ फेसबुक पर*
- *11 करोड़ फॉलोअर्स 'एक्स' पर*
- *8-9 करोड़ यू ट्यूब, वीबो और कुआइशू पर*






### हमने इतिहास बनाया, 1 बिलियन फॉलोअर्स!

पुर्तगाली फुटबॉल आइकन ने सोशल मीडिया पर एक नोट साझा किया और बताया कि उन्होंने इंटरनेट पर एक बिलियन का आंकड़ा पार कर लिया है। उन्होंने लिखा, 'हमने इतिहास बनाया है। 1 बिलियन फॉलोअर्स! यह सिर्फ एक संख्या नहीं, बल्कि उससे ज्यादा है। यह हमारे साझा जुनून और प्यार का हिस्सा है। मदीरा की सड़कों से लेकर ▶▶ शेष पेज 4 पर

### दागा 900वां गोल

पुर्तगाल के इस स्टार फुटबॉलर ने कुछ दिन पहले क्रोएशिया के खिलाफ मैच में करियर का रिकॉर्ड 900वां गोल दागा था। 39 वर्षीय फुटबॉलर ने माइलस्टोन हासिल करते हुए ऐसे जश्न मनाया, जैसे कि उन्होंने अपने करियर का पहला गोल किया हो। पुर्तगाल की जर्सी में यह उनका 131वां गोल रहा। गोल का जश्न मनाते हुए रोनाल्डो भावुक नजर आए। 900 में से उनके आधे गोल रियल मैड्रिड के लिए आए हैं। बाकी गोल उन्होंने अंतरराष्ट्रीय मैच के अलावा स्पोर्टिंग लिस्बन, मैनचेस्टर यूनाइटेड, युवेंतस और मौजूदा क्लब अल नस्र के लिए किए हैं।

*जम्मू-कश्मीर में दस साल बाद 18 सितंबर से तीन चरणों में विधानसभा चुनाव होने जा रहा है। नई सरकार का गठन होने से पहले आइए समझते हैं इस राज्य का चुनावी इतिहास*

### भारत में शामिल होने के बाद 1951 में हुआ था पहला चुनाव

# कश्मीर में पहला चुनाव, एक ही पार्टी ने जीत ली थीं सारी सीटें

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

26 अक्टूबर, 1947 को भारत में शामिल होने के बाद जम्मू-कश्मीर में पहले चुनाव 1951 में हुए थे। उस समय इस राज्य में विधान सभा को संविधान सभा कहा जाता था। इस चुनाव में नेशनल कॉन्फ्रेंस ने सभी 75 सीटें जीतकर कभी न टूटने वाला रिकॉर्ड बना दिया था। यहां तक कि 73 सीटों पर तो नेशनल कॉन्फ्रेंस के उम्मीदवार बिना किसी विरोध के ही चुन लिए गए थे।

**उस समय इस राज्य में विधान सभा को कहा जाता था संविधान सभा**

**नेशनल कॉन्फ्रेंस ने जीती थीं सभी 75 सीटें अब्दुल्ला बने थे प्रधानमंत्री**

## प्रजा परिषद ने किया बहिष्कार

1951 के पहले चुनाव में 75 सीटों पर विधायक चुने जाने थे। उस समय जम्मू-कश्मीर में मुख्यमंत्री नहीं बल्कि प्रधानमंत्री चुने जाते थे। बंपर जीत दर्ज कर शेख अब्दुल्ला राज्य के पहले चुने हुए प्रधानमंत्री बने थे। इन चुनावों को राज्य के इलेक्शन एंड फ्रेंचाइजी कमिश्नर ने सम्पन्न कराया था। ये चुनाव शुरू से ही विवादों में घिर गए थे। चुनाव में हुई अनियमितताओं की तब काफी आलोचना हुई थी। नेशनल कॉन्फ्रेंस के बाद दूसरे प्रमुख राजनीतिक दल प्रजा परिषद ने अनैतिक गतिविधियों और प्रशासनिक हस्तक्षेप का आरोप लगाते हुए चुनावों का बहिष्कार किया था।



## 13 उम्मीदवारों का नामांकन खारिज

कश्मीर डिविजन की सभी 43 सीटों पर शेख अब्दुल्ला के नेतृत्व वाली पार्टी नेशनल कॉन्फ्रेंस के प्रत्याशी चुनाव से एक हफ्ते पहले ही निर्विरोध जीत गए थे। वहीं, जम्मू में प्रजा परिषद के 13 उम्मीदवारों का नामांकन खारिज हो गया था, जिसके बाद प्रजा परिषद ने चुनावों का बहिष्कार कर दिया। लद्दाख में भी नेशनल कॉन्फ्रेंस के नामांकित सदस्यों के रूप में प्रमुख लामा और उनके एक साथी ने जीत दर्ज की थी। इस तरह सभी 75 सीटें नेशनल कॉन्फ्रेंस के खाते में चली गईं।

**अब्दुल्ला को भेजा जेल :** प्रजा परिषद जब चुनाव में एक भी सीट नहीं जीत पायी तो सदन में नेशनल कॉन्फ्रेंस के सामने कोई विपक्ष मौजूद नहीं था। ऐसे में प्रजा परिषद ने विरोध प्रदर्शन का सहारा लिया और वो सड़कों पर शेख अब्दुल्ला सरकार की मुखालफत करने लगी। शेख अब्दुल्ला सरकार और प्रजा परिषद के बीच विवाद इतना बढ़ा कि केंद्र की नेहरू सरकार ने 1953 में शेख अब्दुल्ला को पद से हटाकर जेल भेज दिया गया। वह करीब दस साल तक जेल में रहे।

## किसी चुनाव में हिस्सा नहीं लिया

केंद्र सरकार ने अब्दुल्ला की जगह बख्शी गुलाम मोहम्मद को राज्य का अगला प्रधानमंत्री बना दिया। गुलाम मोहम्मद ने नौ अगस्त, 1953 को पद संभाला। उन्होंने शेख विरोधी नेताओं की मदद से सरकार चलाई। अब्दुल्ला की गिरफ्तारी के बाद उनके समर्थक नेताओं ने जनमत संग्रह समर्थक मोर्चा बनाया और किसी भी विधानसभा या संसदीय चुनाव में भाग नहीं लिया। जब स्थिति तब तक बनी रही जब तक 1975 में इंदिरा-शेख अब्दुल्ला के बीच सहमति नहीं हो गई। 1951 के बाद उन्होंने अगला चुनाव 1977 में लड़ा और शानदार जीत दर्ज की।

## खबर संक्षेप

### भाजपा नेता कर्णदेव काम्बोज कांग्रेस में हो गए शामिल



**चंडीगढ़।** भाजपा की हरियाणा इकाई के नेता एवं पूर्व मंत्री कर्णदेव काम्बोज शुक्रवार को पार्टी छोड़कर कांग्रेस में शामिल हो गए। काम्बोज ने अगले महीने होने वाले हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए टिकट नहीं मिलने के बाद हाल ही में भाजपा की प्रदेश इकाई के अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) मोर्चा के प्रमुख पद से इस्तीफा दे दिया था। काम्बोज रादौर या इंद्री सीट से टिकट चाह रहे थे। यहां जारी एक बयान में कहा गया कि वह पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा और प्रदेश कांग्रेस प्रमुख उदयभान की मौजूदगी में कांग्रेस में शामिल हुए।

### कई राज्यपाल राजनीति कर रहे : गहलोत

**जयपुर।** राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने पश्चिम बंगाल में राज्यपाल व मुख्यमंत्री बीच जारी 'गतिरोध' पर टिप्पणी करते हुए कहा कि कई राज्यों में राज्यपाल हस्तक्षेप और राजनीति करते हैं। इसके अलावा गहलोत ने कहा कि लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की अमेरिका यात्रा की सफलता से सत्तारूढ़ भाजपा बौखला गई है और उनकी यात्रा को लेकर तमाम तरह के झूठ फैला रही है। गहलोत ने पश्चिम बंगाल के राज्यपाल के एक बयान के बारे में पूछे जाने पर कहा, "वहां के राज्यपाल के साथ-साथ कई जगहों (राज्यों) के राज्यपाल हस्तक्षेप और राजनीति करते हैं।



### डब्ल्यूएचओ ने दी पहले एमपॉक्स टीके को मंजूरी

**जिनेवा।** विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने शुक्रवार को कहा कि उसने वयस्कों में एमपॉक्स के उपचार के वास्ते टीके के इस्तेमाल के लिए पहली मंजूरी दे दी है तथा उसने इसे अफ्रीका और अन्य स्थानों पर इस बीमारी का मुकाबला करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। टीके को मंजूरी दिये जाने का मतलब है कि जीएवीआई वैक्सीन एलायंस और यूनिसेफ जैसे दानकर्ता इसे खरीद सकते हैं। लेकिन आपूर्ति सीमित है क्योंकि केवल एक ही निर्माता है।




### हरियाणा में मुख्य पार्टी भाजपा और कांग्रेस ने जारी की स्टार प्रचारकों की सूची

# इधर मोदी-शाह के साथ बबीता तो उधर सोनिया-राहुल के साथ विनेश

*हरियाणा की 90 विधानसभा सीट के लिए पांच अक्टूबर को मतदान तथा मतगणना आठ अक्टूबर को होनी है। इसके लिए सत्तारूढ़ भाजपा सहित मुख्य विपक्षी पार्टी कांग्रेस ने अपने-अपने स्टार प्रचारकों की सूची जारी कर दी है। भाजपा की की नजर इस चुनाव को लगातार तीसरी बार जीतने पर है वहीं, एंटी इंकंबंसी सहित कई मुद्दों के चलते कांग्रेस से उसे कड़ी चुनौती मिल रही है।*

**5 अक्टूबर को होना है यहां चुनाव**

## गडकरी, वसुंधरा, ईरानी बनाएंगे भाजपा के पक्ष में माहौल

एजेंसी ▸▸ चंडीगढ़

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा)अध्यक्ष जे. पी. नड्डा, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए पार्टी के 40 स्टार प्रचारकों में शामिल हैं। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी, एमएल खट्टर, अर्जुन राम मेघवाल, शिवराज सिंह चौहान, धर्मेंद्र प्रधान, रवनीत सिंह बिट्टू, राव इंद्रजीत सिंह और कृष्ण पाल गुर्जर का नाम भी स्टार प्रचारकों की सूची में शामिल है। अन्य स्टार प्रचारकों में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा, उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा शामिल हैं। भाजपा के स्टार प्रचारकों में पीयूष गोयल, हरदीप सिंह पुरी, सुधा यादव, वसुंधरा राजे सिंधिया, स्मृति ईरानी, अनुराग ठाकुर, दीया कुमारी, हेमा मालिनी, किरण चौधरी, नवीन जिंदल, कुलदीप बिश्नोई और बबीता फोगाट भी शामिल हैं।



## हुड्डा, शैलजा, सूरजेवाला सहित 40 नेताओं के नाम

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस ने स्टार प्रचारकों की लिस्ट जारी कर दी है। पार्टी के स्टार प्रचारकों में पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा और पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा शामिल हैं। कांग्रेस महासचिव रणदीप सुरजेवाला तथा कुमारी सैलजा को भी स्टार प्रचारक बनाया गया है। पहलवान विनेश फोगाट और बजरंग पूनिया के नाम भी पार्टी के स्टार प्रचारकों की सूची में हैं। इसके अलावा कांग्रेस के स्टार प्रचारकों में हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू, पार्टी के हरियाणा प्रभारी दीपक बाबरिया, पार्टी की राज्य इकाई के प्रमुख उदय भान और वरिष्ठ नेता अजय माकन, बीरेंद्र सिंह, आनंद शर्मा और सचिन पायलट शामिल हैं। स्टार प्रचारकों की सूची में अशोक गहलोत, भूपेश बघेल, चरणजीत सिंह चन्नी तथा कई अन्य नेताओं को भी शामिल किया गया है।



### जुलाना सीट बनी हाई प्रोफाइल



*बता दें कि रेसलर विनेश फोगाट को कांग्रेस ने जुलाना से टिकट दिया है। वहीं बीजेपी ने यहां से पूर्व पायलट योगेश बैरागी को अपना उम्मीदवार बनाया है। आम आदमी पार्टी ने बड़ा दांव खेलते हुए डब्लूडब्लूई महिला रेसलर कविता दलाल को टिकट दे दिया है। कुछ समय पहले ही वह आम आदमी पार्टी में शामिल हुई थीं। कांग्रेस ने अब विनेश फोगाट और बजरंग पुनिया दोनों को स्टार प्रचारक बनाया है। हरियाणा में तमाम प्रयासों के बाद भी सीट शेयरिंग पर कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के बीच बात बन नहीं पाई। ऐसे में दोनों पार्टियां अलग-अलग ही ताल ठोक रही हैं। आम आदमी पार्टी ने सभी 90 सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारने का ऐलान कर दिया था। ज्यादार पर उम्मीदवारों की घोषणा कर दी गई है।*

### बांग्लादेश में लग रहे कई कयास मचा सियासी हड़कंप

# वापस जाएंगी शेख हसीना ? 10 मिनट की कॉल लीक

एजेंसी ▸▸ ढाका

बांग्लादेश में तख्तापलट के बाद से ही पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना भारत में रह रही हैं। मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व में बनी बांग्लादेश की अंतरिम सरकार शेख हसीना को वापस बुलाने की तमाम कोशिशें करने में जुटी हुई है। इस बीच, एक वायरल फोन कॉल सामने आई है, जिसमें दावा किया गया है कि यह कॉल शेख हसीना की थी। दस मिनट की इस लीक फोन कॉल में हसीना ने कहा है कि वह बांग्लादेश से ज्यादा दूर नहीं हैं और जरूरत पड़ी तो जल्द वापस लौट सकती हैं। हसीना की एक कथित कॉल रिकॉर्डिंग लीक होने के बाद चर्चा होने लगी है कि क्या हसीना बांग्लादेश लौटेंगी?



### ढाका ट्रिब्यून की रिपोर्ट

*दरअसल, ढाका ट्रिब्यून की एक रिपोर्ट में बताया गया है कि पूर्व पीएम शेख हसीना की अपने आवामी लीग के नेता तनवीर से बातचीत की 10 मिनट की एक कथित फोन कॉल लीक हो गई है। इसके चलते बांग्लादेश में हसीना को लेकर नई चर्चाएं होने लगी हैं। हालांकि अभी तक शेख हसीना की ये कथित कॉल रिकॉर्डिंग वेरिफाई नहीं हुई है।*

### कॉल में कई चीजों का खुलासा

वायरल हो रही इस कथित कॉल रिकॉर्डिंग में निर्वासन के दौरान अवामी लीग नेताओं के सामने आने वाली चुनौतियों और विदेश में पार्टी के वफादार नेताओं के साथ उनके संबंधों के बारे में जानकारी दी गई थी। कॉल के दौरान शेख हसीना ने उस अफवाह पर भी बात की कि उन्हें गाजियाबाद से दिल्ली हेलीकॉप्टर से ले जाया गया था। इस दावे पर हसीना ने हैरान होते हुए इसे बेतुका बताया और फोटो के सबूत मांगे। उन्होंने इस दौरान कहा कि अगर जरूरत पड़ी तो वह बांग्लादेश लौट सकती हैं। शेख हसीना ने कहा, ''वे कुछ अजीब बातें कह रहे हैं। मैं देश (बांग्लादेश) के बहुत करीब हूं। मैं बहुत दूर नहीं हूं, मैं जल्दी वापस लौटने के लिए काफी करीब हूं।'' बता दें कि आरक्षण विवाद पर बांग्लादेश में जबरदस्त हिंसा हुई थी, जिसके बाद शेख हसीना को प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा देकर भारत आना पड़ा था।

# टाइटलर के खिलाफ हत्या के आरोप तय, चलेगा मुकदमा

### सिख विरोधी दंगे

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

कांग्रेस नेता जगदीश टायटलर की मुश्किलें बढ़ गई हैं। दिल्ली की एक अदालत ने 1984 के सिख विरोधी दंगों के मामले में शुक्रवार को जगदीश टाइटलर के खिलाफ हत्या और अन्य अपराधों के आरोप तय किए। विशेष न्यायाधीश राकेश सियाल ने निर्देश दिया कि टाइटलर द्वारा अपराध के लिए दोषी न होने की बात स्वीकार करने के बाद उन्हें मुकदमे का सामना करना पड़ेगा। इससे पहले न्यायाधीश ने 30 अगस्त को कहा था कि आरोपी के खिलाफ आरोप तय करने के लिए पर्याप्त आधार हैं। एक गवाह ने पहले आरोप पत्र में कहा था कि टाइटलर 1 नवंबर, 1984 को गुरुद्वारा पुल बंगश के सामने एक सफेद एम्बेसडर कार से बाहर आए। उन्होंने भीड़ को यह कहकर उकसाया कि सिखों को मारो, उन्होंने हमारी मां को मार डाला है। उनके द्वारा भीड़ को उकसाया जाना तीन लोगों की 'हत्या' का कारण बना।



### कंगना रनौत के खिलाफ राष्ट्रद्रोह का मुकदमा दायर

फिल्म अभिनेत्री और मंडी से बीजेपी सांसद कंगना रनौत की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। आगरा कोर्ट में अधिवक्ता ने कंगना रनौत के बयानों को आधार बना कर कोर्ट में वाद दायर किया है। कंगना रनौत के विरुद्ध राष्ट्र द्रोह और राष्ट्र अपमान को लेकर आगरा न्यायालय में वाद दायर किया गया है, जिसमें 17 सितंबर को वादी अधिवक्ता के बयान दर्ज होंगे। रनौत के खिलाफ वाद दायर करने वाले अधिवक्ता रमाशंकर शर्मा ने बताया कि फिल्म अभिनेत्री और सांसद कंगना रनौत की तरफ से एम एस पी एवं अन्य मांगों को लेकर सन 20 और 2021 में दिल्ली बार्डर पर धरने पर बैठे लाखों किसानों के प्रति बेहद अभद्र टिप्पणी कर उनको हत्यारा और बलात्कारी होने का आरोप लगाया और 16 नवंबर 2021 में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के अहिंसात्मक सिद्धांत का मजाक उड़ाने के आरोप में कंगना रनौत के विरुद्ध स्पेशल कोर्ट एमपी एमएलए में उनके विरुद्ध राष्ट्रद्रोह एवं राष्ट्र अपमान में एक वाद दायर किया है।



### बयान रिकॉर्ड कराने से महू रेप पीड़िता का इंकार

# 'आरोपी को मार दो गोली या फिर मुझे'

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के महू में दो युवा आर्मी ऑफिसर पर बदमाशों ने हमला कर उनकी दो में से एक महिला मित्र का रेप किया है। जानकारी के अनुसार रेप पीड़िता ने बयान रिकॉर्ड कराने से इंकार कर दिया है। उसने कहा है- 'आरोपी को मार दो गोली या फिर मुझे'। एक पुलिस अधिकारी ने कहा, ''वे हमसे केवल यह कहती रहीं कि या तो आरोपी को गोली मार दो या मुझे मार दो। हम समझते हैं कि वह सदमे में हैं। हम उन लोगों को गिरफ्तार करने की कोशिश कर रहे हैं जिन्होंने ऐसा किया है।'' अधिकारी का कहना है कि लगातार समझाए जाने के बाद भी महिला बयान देने पर राजी नहीं हुई। इंदौर ग्रामीण के एसप हितिका वसल का कहना है कि वह बयान दर्ज कराने में सहज नहीं है। उनके स्वस्थ होने तक हम इंतजार करेंगे। पुलिस ने इस मामले में तीन लोगों अनिल, पवन और रितेश को गिरफ्तार किया है। रितेश को 2019 में हत्या के मामले में बरी किया गया था। बाकी आरोपियों की भी सरगर्मी से तलाश की जा रही है।



### रात 2.30 बजे हुआ था हमला

एफआईआर के मुताबिक दो आर्मी ऑफिसर और उनकी दो महिला मित्र जाम गेट के नजदीक आर्मी के फायरिंग रेंज पर रात 11 बजे गए थे। वे अपने वाहन से उतरे और वहां बैठ गए, रात 2.30 बजे सात से आठ अज्ञात लोग आए और उन्हें लाठी और रॉड से हमला कर दिया। जब उनसे पूछा गया कि उन्हें क्या चाहिए तो उन्होंने कहा कि हमें 10 लाख दो नहीं तो तुम्हें मार देंगे। उनके पास बंदूक थी और सबने अपना चेहरा ढंक रखा था। उनकी उम्र 20 से 35 साल के बीच थी।

# राहुल के खिलाफ होगा 'जूते मारो आंदोलन'

**धर्मशाला/शिमला।** केंद्रीय मंत्री रामदास आठवले ने धर्मशाला में कहा कि दलित समुदाय और 'रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया' आरक्षण पर राहुल गांधी की टिप्पणी के खिलाफ देशव्यापी 'जूते मारो आंदोलन' शुरू करेगी। हाल ही में अमेरिका के जॉर्जटाउन विश्वविद्यालय के छात्रों से बातचीत के दौरान लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने कहा था कि कांग्रेस तभी आरक्षण खत्म करने के बारे में सोचेगी, जब देश में सभी को समान अवसर मिलने लगेंगे और फिलहाल भारत में ऐसी स्थिति नहीं है। आठवले ने कहा कि दलितों, अन्य पिछड़ वर्ग और आदिवासियों का आरक्षण कोई नहीं छीन सकता और कोई भी व्यक्ति ऐसा प्रयास करेगा तो उससे निपटा जाएगा।






### पूर्व राष्ट्रपति बोले- हार के बाद एक और मौका चाहती हैं

# ट्रंप ने हैरिस के साथ दोबारा बहस करने से किया इंकार

एजेंसी ▸▸ वाशिंगटन

अमेरिका में राष्ट्रपति पद के चुनाव में रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप ने अपनी प्रतिद्वंद्वी डेमोक्रेटिक पार्टी की राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार कमला हैरिस के साथ फिर किसी ''प्रेसिडेंशियल डिबेट' की संभावना से इनकार किया है। वहीं हैरिस के चुनाव प्रचार अभियान टीम की प्रमुख ने दोनों उम्मीदवारों की मंच पर बहस के बाद काफी अधिक धन जुटने की जानकारी दी है। ट्रंप ने हैरिस के साथ मंगलवार को बहस के बाद सोशल मीडिया मंच 'ट्रूथ सोशल' पर पोस्ट किया, 'कोई तीसरी बहस नहीं होगी।' उन्होंने कहा कि जब कोई 'मुक्केबाज' प्रतियोगिता हार जाता है तो वही एक और प्रतियोगिता की चुनौती देता है। एक दिन पहले हैरिस के साथ एक और बहस के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा था, 'इस बारे में मैं अभी कुछ नहीं कह सकता।'



### कई रिपब्लिकन नेताओं ने किया बहस का अनुरोध

*रिपब्लिकन पार्टी के अहम सीनेटर जॉन थून समेत पार्टी के कई नेताओं ने ट्रंप से हैरिस के साथ एक और बहस का अनुरोध किया है। नवंबर में होने वाले राष्ट्रपति पद के चुनाव से पहले ट्रंप-हैरिस के बीच बहस को 6.7 करोड़ से अधिक लोगों ने देखा था। इस बीच, हैरिस के चुनाव प्रचार अभियान टीम की प्रमुख जेन ओमैली डिलन ने कहा कि मंगलवार की बहस के बाद पिछले 24 घंटे में उन्हें करीब 6,00,000 दानकर्ताओं से 4.7 करोड़ डॉलर मिले हैं। मंगलवार की बहस यह पहला मौका था जब ट्रंप और हैरिस का आमना सामना हुआ। इससे पूर्व जून में ट्रंप और उस वक्त डेमोक्रेटिक पार्टी के उम्मीदवार रहे राष्ट्रपति जो बाइडन के बीच बहस हुई थी। हालांकि बाद में बाइडन राष्ट्रपति पद की दौड़ से हट गए और उप राष्ट्रपति कमला हैरिस के लिए राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार बनने का मार्ग प्रशस्त किया।*

### ट्रंप के दावे के उलट कई सर्वे ने माना कमला को विजेता

कई सर्वे ने कमला को विजेता माना 27 जून को ट्रम्प और बाइडेन के बीच पहली डिबेट हुई थी। ट्रम्प और कमला के बीच बुधवार को दूसरी डिबेट हुई थी। दोनों के बीच 90 मिनट बहस चली। ट्रम्प के दावे के उलट कई सर्वे में कमला हैरिस को विजेता माना गया था। सीएनएन के सर्वे के मुताबिक 63% दर्शकों ने हैरिस को विजेता माना, जबकि 37% ने माना की जीत ट्रम्प की हुई है। ज्यादातर लोगों ने कहा कि कमला ने सवालों का बेहतर जवाब दिया। रॉयटर्स-इपसॉस पोल के मुताबिक 53% लोगों ने कमला को वहीं, 24% लोगों ने ट्रम्प को बेहतर माना।

रायपुर
शनिवार, 14 सितंबर 2024
भाद्रपद शुक्ल पक्ष एकादशी
वर्ष : 23, अंक : 59
पृष्ठ : 12+4+4 = 20 मूल्य : 5 .00**

**मौसम**
अधि. 31.8
न्यून. 25.3



# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com




# पितृपक्ष में विसर्जन का हिंदू संगठन करेंगे विरोध, कहा- डीजे बजाने पर मिलना चाहिए दंड

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

पितृ पक्ष में यदि विसर्जन किया अथवा इस दौरान डीजे का प्रयोग किया, तो बजरंग दल और संत महासभा के विरोध का सामना करना पड़ेगा। शुक्रवार को हुई संतों की बैठक में यह फैसला किया गया है। बैठक में विश्व हिंदू परिषद, बंजरग दल व संत महासभा छत्तीसगढ़ के सभी पदाधिकारी शामिल रहे। बैठक में सभी संतों ने सर्वसहमति से कहा कि वे पितृ पक्ष में मूर्ति विसर्जन की घोर निंदा करते हैं। गणेश विसर्जन के दौरान फिल्मी गानों पर पूर्णतः रोक लगाने की मांग भी उनके द्वारा की गई है। भजनों और धार्मिक गीतों का ही प्रयोग करने और नियमों का पालन करने कहा गया है।

भक्तों से निवेदन करते हुए उन्होंने कहा कि पूजा-पाठ मुहूर्त पर ही करें। मुहूर्त पर कार्य नहीं करने से आपको भी दोष लगेगा और करवाने वाले को भी। ऐसा नहीं किए जाने अथवा नियमविरुद्ध जाकर डीजे का प्रयोग करने और अनंत चतुर्दशी के बाद भी कई दिनों तक प्रतिमा स्थापित रखे रहने की जानकारी मिलने पर व्यापक आंदोलन और विरोध-प्रदर्शन किया जाएगा। बैठक में विश्व हिंदू परिषद के घनश्याम चौधरी, ऋषि मिश्रा, विजेंद्र वर्मा, रवि वाधवानी सहित संत महासभा से निराहारी बाबा, साध्वी सौम्या, भारत योगी, गोस्वामी, रूपेश महाराज सहित अन्य संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

**हरिभूमि मुद्दा**

### शंख, नगाड़े, ढोल का प्रयोग

महासभा में संतों ने कहा कि जिस तरह से स्थापना मुहूर्त देखकर की जाती है, उसी तरह से विसर्जन भी तय समय पर किया जाना चाहिए। हमारे शास्त्र में उल्लेखित शंख, नगाड़े, ढोल आदि का प्रयोग करते हुए पूजा-अर्चना करें। शास्त्र के खिलाफ कोई भी व्यक्ति जाएगा, तो हम बर्दाश्त नहीं कर पाएंगे। भक्तों से अनुरोध है कि वे अनंत चतुर्दशी के दिन ही विसर्जन करें। संत महासभा ने शासन से भी अनुरोध किया है कि यदि कोई व्यक्ति अथवा संस्था डीजे संग पितृपक्ष में गणेश विसर्जन करे, तो उसे दंडित किया जाए।

### विश्व हिंदू परिषद व संत महासभा की बैठक में निर्णय

- फिल्मी गानों पर भी आपत्ति, मुहूर्त में ही करना होगा विसर्जन
- संत महासभा ने कहा- मुहूर्त में काम न होने का लगता है दोष



### करेंगे आंदोलन

शासन से अपील है कि वे पितृपक्ष में किसी को भी रैली, जुलूस या विसर्जन का कार्य न करने दे। अगर ऐसा किया जाएगा तो सभी सनातनी संगठन और संत महासभा एक बड़ा आंदोलन करेगी, जिसकी पूरी जवाबदारी शासन-प्रशासन की होगी।
- **स्वामी राजेश्वरानंद**, प्रदेशाध्यक्ष संत महासभा

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### परीक्षा में गड़बड़ी पर होगी सख्त कानूनी कार्रवाई



नई दिल्ली। कर्मचारी चयन आयोग ने अपनी भर्ती परीक्षाओं में किसी भी तरह की गड़बड़ी में शामिल पाए जाने पर अनुशासनात्मक और कानूनी कार्रवाई की चेतावनी दी है। एक आधिकारिक परिपत्र में कहा गया कि कर्मचारी चयन आयोग उम्मीदवारों और अन्य हितधारकों के संज्ञान में लाया है कि गड़बड़ी होने पर सख्त कार्रवाई होगी।

### 'ट्रेडिंग' घोटाले की जांच सीबीआई करेगी : हिमंत



गुवाहाटी। असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने कहा कि शुक्रवार को मंत्रिमंडल ने 'ऑनलाइन ट्रेडिंग' घोटाले के संबंध में दर्ज 32 मामलों को जांच के लिए सीबीआई को स्थानांतरित करने का फैसला किया। मंत्रिमंडल की बैठक की अध्यक्षता करने के बाद पत्रकारों को संबोधित करते हुए शर्मा ने उक्त जानकारी दी।

एक बार फिर सुप्रीम कोर्ट ने दी सशर्त जमानत, जेल गेट पर समर्थकों ने लगाए नारे

# जेल से बाहर आए केजरीवाल: नहीं जा सकेंगे सीएम ऑफिस, न कर सकेंगे फाइलों पर साइन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति उज्जवल भुइयां की पीठ ने केजरीवाल को 10 लाख रुपये के मुचलके और दो जमानत राशियों पर जमानत दी। केजरीवाल जेल से रिहा होने के बाद समर्थकों के साथ पार्टी दफ्तर के लिए रवाना हुए।

अरविंद केजरीवाल तिहाड़ जेल से जैसे ही बाहर आए वैसे ही समर्थकों ने उनके समर्थन में नारेबाजी की। तिहाड़ जेल के गेट के बाहर उनके समर्थकों की भीड़ ने उन्हें घेर लिया। समर्थकों की भीड़ को देखकर अरविंद केजरीवाल भावुक हो गए। तिहाड़ जेल के बाहर दिल्ली के पूर्व डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया, पंजाब के सीएम भगवत मान, राज्यसभा सांसद संजय सिंह, दिल्ली सरकार की मंत्री आतिशी और सौरभ भारद्वाज भी मौजूद रहे। केजरीवाल ने सभी का आभार जताया। कोर्ट ने फैसले में जमानत की शर्तों को सख्त रखा है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा, अपीलकर्ता (केजरीवाल) इस केस के संबंध में सार्वजनिक रूप से कोई टिप्पणी नहीं करेगा। यानी बयानाजी से केजरीवाल को परहेज करना होगा वरना ये अदालत की शर्तों का उल्लंघन माना जाएगा। कोर्ट ने यह भी साफ किया कि ईडी मामले में जो शर्तें लगाई गई हैं, वो इस मामले में भी लागू होंगी।

*उच्चतम न्यायालय ने आबकारी नीति 'घोटाले' के संबंध में सीबीआई द्वारा दर्ज भ्रष्टाचार के मामले में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को सशर्त जमानत दी। कोर्ट ने कहा कि लंबे समय तक जेल में रखना स्वतंत्रता से अन्यायपूर्ण तरीके से वंचित करने के समान है।*

*केजरीवाल को जमानत मिलने से बढ़ा आप का उत्साह*

*हरियाणा विधानसभा चुनाव में भाजपा-कांग्रेस की बढ़ सकती हैं मुश्किलें*

### इन शर्तों पर मिली केजरीवाल को जमानत

- केजरीवाल मुख्यमंत्री कार्यालय नहीं जा सकेंगे।
- केजरीवाल किसी भी फाइल पर हस्ताक्षर नहीं कर सकेंगे।
- शराब नीति घोटाले से जुड़ा कोई सार्वजनिक बयान नहीं दे सकेंगे।
- दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल को 10 लाख रुपये का बेल बॉन्ड भरना होगा।
- जांच में बाधा डालने या केस से जुड़े गवाहों को प्रभावित करने की कोशिश नहीं करेंगे।
- जब भी जरूरत पड़ेगी। तभी ट्रायल कोर्ट में पेश होंगे और जांच में पूरा सहयोग करेंगे।



### पिंजरे में बंद तोता की धारणा हटाएं : कोर्ट

न्यायमूर्ति भुइयां ने कहा, सीबीआई के पिंजरे में बंद तोता होने की धारणा को दूर करना चाहिए, यह दिखाना चाहिए कि वह पिंजरे में बंद तोता नहीं है। जब केजरीवाल को ईडी मामले में इसी आधार पर जमानत मिल गई है तो उन्हें हिरासत में रखना न्याय की दृष्टि से ठीक नहीं होगा।

### दिल्ली शराब घोटाले का पूरा मामला

दिल्ली सरकार ने 17 नवंबर 2021 को एक्साइज पॉलिसी 2021-22 लागू की थी। इस पॉलिसी के तहत राजस्व बढ़ने की उम्मीद थी। दिल्ली में शराब की दुकानें निजी हाथों में दी गईं लेकिन इस पॉलिसी पर विवाद बढ़ता गया और 28 जुलाई 2022 को इसे रद्द कर दिया गया।

### जेल की सलाखें हौसला कमजोर नहीं कर सकतीं

दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल तिहाड़ जेल से जैसे ही रिहा हुए वैसे ही उनके समर्थकों ने जमकर नारेबाजी की केजरीवाल ने सभी का आभार जताया। केजरीवाल ने बीजेपी पर हमला बोलते हुए कहा कि इन लोगों ने मुझे जेल में डाल दिया, इन लोगों को लगा कि केजरीवाल को जेल में डाल देंगे तो मेरे हौसले टूट जाएंगे लेकिन मेरे हौसले और मेरी ताकत 100 गुना ज्यादा बढ़ गई है। उन्होंने कहा कि भगवान ताकत दे कि मैं देश की सेवा करता रहूं और जितनी राष्ट्रविरोधी ताकतें हैं, जिंदगी भर उनके खिलाफ लड़ता रहूं।

### हरियाणा के चुनाव प्रचार में कूदेंगे केजरीवाल

सुप्रीम कोर्ट ने केजरीवाल को जमानत देते हुए ऐसी कोई शर्त या पाबंदी नहीं लगाई है कि वे चुनाव प्रचार नहीं कर सकते हैं। दिल्ली के मुख्यमंत्री अब हरियाणा में चुनाव प्रचार करने उतरेंगे। आप के नेताओं का कहना है कि हरियाणा विधानसभा चुनाव अब अलग दिशा लेगा। भाजपा और कांग्रेस के बीच सीधे मुकाबले को अब अरविंद केजरीवाल अपनी मौजूदगी से रोचक तो बनायेंगे ही साथ ही आम आदमी पार्टी मजबूत दिखाई पड़ेगी।

ग्रेटर कैलाश में ताबड़तोड़ फायरिंग

# जिम संचालक को गोलियों से भूना, विश्नोई गैंग ने ली हत्या की जिम्मेदारी






हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली के ग्रेटर कैलाश में एक जिम संचालक अफगानी मूल का निवासी नादिर शाह पर खुलेआम फायरिंग कर उसकी हत्या कर दी गई। बदमाशों ने गोलियों से जिम मालिक को भून दिया, इससे उसकी मौत हो गई। जब इस घटना को अंजाम दिया गया, तो पता नहीं चल सका इसके पीछे कौन है, लेकिन बाद में लॉरेंस बिश्नोई गैंग ने इस हमले की जिम्मेदारी ली है। मृतक जिम संचालक की पहचान नादिर शाह के रूप में हुई है। पुलिस मामला दर्ज कर जांच में जुट गई है।

### नादिर का बदमाशों के साथ उठना-बैठना था

पुलिस द्वारा बताया जा रहा है कि नादिर शाह अफगानी मूल का निवासी है, जो पुलिस की मुखबिरी भी करता था। पुलिस में कई अधिकारी नादिर के दोस्त थे, जिनसे लगातार मिलना-जुलना लगा रहता था। दूसरी ओर नादिर का उन बदमाशों के साथ भी उठना-बैठना था।

### लारेंस-गोदारा ने कहा- हमने कराई हत्या

जिम संचालक की हत्या की लॉरेंस बिश्नोई गैंग के अलावा रोहित गोदारा गैंग ने भी जिम्मेदारी ली है। सोशल मीडिया पर एक पोस्ट वायरल हो रहा है, जो रोहित गोदारा नाम से लिखी गई है। इसमें लिखा है कि रोहित गोदारा बीकानेर गोल्डी बरार जो आज दिल्ली में नादिर की हत्या हुई है, वह हमने करवाया है। हमारे भाई समीर बाबा जेल में बंद हैं, उन्होंने ही हमसे नादिर को खत्म करने के लिए कहा, वह भाई का दुश्मन था।

### पुलिस ने कहा, 6-8 राउंड हुई फायरिंग

पुलिस ने बताया कि यह घटना गुरुवार देर शाम दक्षिणी दिल्ली के ग्रेटर कैलाश इलाके की है। यह घटना तब हुई जब रात के करीब साढ़े 10 बजे नादिर जिम के बाहर खड़ा था, तभी एक लड़का आया और उसने 6-8 राउंड फायरिंग कर दी।

मंत्री चौधरी एक्शन में, रायपुर, बिलासपुर और दुर्ग का पूरा स्टाफ बदल गया

# पंजीयन विभाग में बड़ी सर्जरी, रजिस्ट्रार से लेकर बाबू तक बदल दिए गए

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ के पंजीयन विभागों में बड़ी गड़बड़ियों के उजागर होने के बाद विभागीय मंत्री ओपी चौधरी अब एक्शन मोड पर है। उन्होंने शुक्रवार को प्रदेशभर के पंजीयन कार्यालयों में विगत वर्षों से जमे हुए रजिस्ट्रार से लेकर बाबू स्तर तक कर्मचारियों को बदलने का आदेश जारी किया है। इस आदेश के बाद पंजीयन विभागों में भी हड़कंप मचा हुआ है।

विदित हो कि इससे पूर्व मंत्री ने पंजीयन कार्यालय में गड़बड़ी करने वाले कुछ उप पंजीयकों को सस्पेंड किया है। इस कार्रवाई के बाद पंजीयन विभाग के अधिकारी-कर्मचारी तीन दिन का सामूहिक अवकाश लेकर आंदोलन करने की तैयारी भी की थी, लेकिन मंत्री से मिलने के बाद उन्हें आंदोलन को ही रद्द करना पड़ा था। वाणिज्यक कर (पंजीयन) विभाग के अवर सचिव मनोज कुमार मिश्रा द्वारा जारी आदेश में 11 जिला पंजीयक, 36 अधिकारी, 33 उप पंजीयक, 21 लिपिक, 12 रिकार्ड कीपर सहित अन्य अधिकारियों का तबादला किया गया है।

वाणिज्यक कर (पंजीयन) विभाग के अवर सचिव मनोज कुमार मिश्रा ने इस संबंध में आदेश जारी किया है। इसके तहत रायपुर, बिलासपुर एवं दुर्ग जिले में पंजीयन कार्यालय का पूरा स्टॉफ ही बदल दिया गया है।

ओपी ने लिखा मंत्रियों को पत्र

## आपके विभाग में नहीं हो रहा खर्च, 6 माह में करें 40 प्रतिशत पूंजीगत व्यय

- डिप्टी सीएम अरुण साव, विजय शर्मा समेत आधा दर्जन मंत्रियों को पत्र



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने दो उपमुख्यमंत्री, अरुण साव और विजय शर्मा समेत पांच मंत्रियों को पत्र भेजकर कहा है कि उनके विभाग में 2024-25 के बजट में खर्च काफी कम हो रहा है। पहले छह महीने में 40 फीसदी खर्च होना चाहिए। इससे अर्थव्यवस्था को भी गति मिलती है। लेकिन अब तक खर्च चालीस फीसदी से काफी कम है।

वित्त मंत्री ने इस संबंध में उप मुख्यमंत्री अरुण साव, विजय शर्मा, मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, रामविचार नेताम और केदार कश्यप को पत्र भेजा है। श्री साव को भेजे ⏭ शेष पेज 4 पर

### बताया किस मंत्री के विभाग में हुआ कितना खर्च

इसी तरह मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल को भेजे गए पत्र में वित्त मंत्री ने बताया है कि लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग में 91 करोड़, चिकित्सा शिक्षा विभाग में 15 लाख का पूंजीगत व्यय हुआ है। यह पिछले साल अगस्त की तुलना में कम है। मंत्री केदार कश्यप के विभाग के संबंध में बताया गया है कि जलसंसाधन विभाग में 655 करोड़, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग में 80 लाख पूंजीगत व्यय हुआ है। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के विभागों में पंचायत एवं ग्रामीण ⏭ शेष पेज 4 पर

### किसे, कहां भेजा गया

आशुतोष कौशिक रायपुर से गरियाबंद, दीपक कुमार मंडावी महासमुंद से रायगढ़ एवं जशपुर का अतिरिक्त प्रभार, पुष्पलता धुर्वे दुर्ग से कांकेर, प्रियंका श्रीरंगे दुर्ग के साथ बालोद का अतिरिक्त प्रभार, विनोज कुमार कोचे कबीरधाम से रायपुर एवं अतिरिक्त प्रभार धमतरी, आशु अग्रवाल बलौदाबाजार से कोरबा, विभूति कुमार क्षेत्रज्ञ रायगढ़ से दंतेवाड़ा, सोनाली बोर्डे कांकेर से राजनांदगांव, राजीव कुमार स्वर्णकार मुंगेली से बिलासपुर एवं अतिरिक्त प्रभार मुंगेली, मुरारी राम भूआर्य दंतेवाड़ा से बलौदाबाजार, रूपाली बोस श्रीवास्तव गरियाबंद एवं अतिरिक्त प्रभार पंजीयन मुख्यालय महानिरीक्षक रायपुर से जिला पंजीयक महासमुंद एवं जिला पंजीयक मुख्यालय महानिरीक्षक कार्यालय नवा रायपुर का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है।

# दृश्यम फिल्म की तर्ज पर हुई थी हत्या, आरोपियों के घर बुलडोजर चलाने पर हाईकोर्ट ने रोक लगाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

- आदिवासी युवक की हत्या कर शव दफना दिया, उसमें पानी टंकी का निर्माण

आदिवासी युवक की हत्या कर शव दफना कर ऊपर पानी टंकी निर्माण करने वाले आरोपियों के घर तोड़ने की कार्रवाई पर हाईकोर्ट ने रोक लगाते हुए शासन से जवाब तलब किया है। सर्वआदिवासी समाज ने मामले में धरना प्रदर्शन कर आरोपियों की संपत्ति में बुलडोजर चलाने की मांग की थी। अंबिकापुर के सीतापुर में दृश्यम फिल्म के अंदाज में किए गए अपराध में मुख्य आरोपी के घर को तोड़ने के लिए शासन ने कार्यवाही प्रारंभ करते हुए गत 11 सितंबर 2024 को सीएमओ नगर पंचायत सीतापुर द्वारा नोटिस जारी किया था। इसमें तीन दिन के भीतर भवन निर्माण अनुज्ञा प्रस्तुत करने अथवा कब्जा हटा लेने का नोटिस अभियुक्त अभिषेक पांडेय के घर पर चस्पा किया गया था। इसे ⏭ शेष पेज 4 पर


हत्या के बाद शव दफनाकर ऊपर बना दी जल जीवन मिशन की पानी टंकी

### यह है मामला

सरगुजा के सीतापुर निवासी ठेकेदार अभिषेक पांडेय के पास संदीप लकड़ा राजमिस्त्री का काम करता था। ठेकेदार अभिषेक पांडेय, मुंशी प्रत्युष पांडेय एवं उसके साथ राजमिस्त्री संदीप को जून माह के प्रथम सप्ताह में उठाकर अपने साथ ले गए एवं पिटाई कर हत्या कर दी। हत्या के बाद आरोपी शव को मैनपाट ले गए यहां शव दफना कर उसके ऊपर पानी टंकी निर्माण करा दिया। आरोपी उसके मोबाइल को लेकर मुंबई, गोवा व अन्य जगह घूमकर पुलिस को गुमराह ⏭ शेष पेज 4 पर

किश्तवाड़ इलाके को सेना ने घेरा

# आतंकियों से मुठभेड़ में दो जवान शहीद, दो घायल

एजेंसी ⏭ जम्मू

जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ में शुक्रवार को आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ में सेना के चार जवान घायल हो गए। इनमें से दो जवानों ने इलाज के दौरान जान गंवा दी। भारतीय सेना की ओर से जारी एक बयान में कहा गया कि सुरक्षा बलों ने इलाके को घेर लिया है और इलाके में ऑपरेशन अभी जारी है। सेना और आतंकियों के बीच यह मुठभेड़ किश्तवाड़ के चटरू इलाके में हुई। खुफिया जानकारी के आधार पर सेना ने शुक्रवार को कार्रवाई की ।



### बसंतगढ़ में मारे गए दो आतंकवादी

बुधवार को केंद्र शासित प्रदेश में कठुआ-उधमपुर सीमा के पास बसंतगढ़ में मुठभेड़ में दो आतंकवादी मारे गए। यह मुठभेड़ जम्मू के अखनूर सेक्टर में नियंत्रण रेखा पर पाकिस्तानी रेंजरों द्वारा अकारण गोलीबारी के बाद सीमा सुरक्षा बल के एक जवान के घायल होने के कुछ ही घंटों बाद हुई। बीएसएफ के जवान बसंतगढ़ में डेरा डाले हुए हैं।

मोदी सरकार ने बदला अंडमान-निकोबार द्वीप के पोर्ट ब्लेयर का नाम

# जहां दी जाती थी काले पानी की सजा, अब कहलाएगा 'श्रीविजयपुरम'

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

स्वतंत्रता संग्राम के दौरान सेनानियों को काले पानी की सजा दिए जाने के लिए अंडमान-निकोबार द्वीप का उपयोग किया जाता था उसका नाम बदल दिया गया है। केंद्र सरकार ने अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह की राजधानी पोर्ट ब्लेयर का नाम बदलकर अब 'श्री विजयपुरम' रखने का निर्णय लिया है। यह घोषणा शुक्रवार को केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने की। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भारत को औपनिवेशिक प्रतीकों से मुक्त करने की दृष्टि से प्रेरित होकर यह कदम उठाया गया है। यहां एकमात्र एयरपोर्ट है, जिसका नाम वीर सावरकर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा है। बता दें कि आज अंडमान की सेल्युलर जेल, जिसे 'काला पानी' के नाम से भी जाना जाता है, एक प्रमुख पर्यटन स्थल है।

### काला पानी के लिए भेजा जाता था

आज अंडमान की सेल्युलर जेल, जिसे 'काला पानी' के नाम से भी जाना जाता है, एक प्रमुख पर्यटन स्थल है। यहां अतीत की धरोहरें, कलाकृतियां और ऐतिहासिक अवशेष देख सकते हैं। बताया जाता है कि अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह ने कई ऐतिहासिक घटनाएं देखी हैं।




### सबसे पहले यहीं फहराया था तिरंगा

आपको बता दें कि यही वह स्थान है, जहां नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने देश में आजादी से सबसे पहले तिरंगा फहराया था और यहां की सेलुलर जेल में वीर सावरकर समेत अन्य स्वतंत्रता सेनानियों ने स्वतंत्रता के लिए संघर्ष के दौरान गिरफ्तारी के दौरान कई साल सजा के तौर पर बिताए थे।

### पोर्ट ब्लेयर और अंडमान निकोबार का संक्षिप्त परिचय

अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह भारत के उत्तर में हिंद महासागर में स्थित एक खूबसूरत द्वीप है, जिसका क्षेत्रफल 8249 वर्ग किलोमीटर है। पोर्ट ब्लेयर (अब श्री विजयपुरम) इस केंद्रशासित प्रदेश की राजधानी और एक लोकप्रिय पर्यटन स्थल है। द्वीपसमूह में 5 प्रमुख स्वदेशी जनजातियां निवास करती हैं।

### सोशल मीडिया पर गृहमंत्री अमित शाह ने लिखा

अमित शाह ने ट्वीट कर कहा, पोर्ट ब्लेयर का नाम एक औपनिवेशिक धरोहर का प्रतीक था, जबकि 'श्री विजयपुरम' नाम हमारे स्वतंत्रता संग्राम में प्राप्त विजय और अंडमान व निकोबार द्वीपसमूह के अद्वितीय योगदान को दर्शाता है। उन्होंने आगे कहा कि अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह का भारतीय स्वतंत्रता संग्राम और इतिहास में विशेष स्थान है। यह द्वीप, जो कभी चोल साम्राज्य के नौसेना अड्डे के रूप में कार्य करता था, अब भारत की सुरक्षा और विकास के लिए महत्वपूर्ण आधार के रूप में उभर रहा है।

## चिंतन

# पिंजरे में बंद तोता कहा जाना सीबीआई के लिए 'गंभीर बात'

सीबीआई एक बार फिर सवालों के घेरे में है। 11 वर्ष बाद सुप्रीम कोर्ट ने एक बार फिर से केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) को पिंजरे के तोते की छवि से बाहर निकलने की नसीहत दी है। आबकारी नीति घोटाले में आरोपी बनाए गए दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल की जमानत मांग वाले केस की सुनवाई करते हुए सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि, 'स्वायत्त जांच एजेंसी के लिए यह ''आवश्यक'' है कि उसे ''पिंजरे में बंद तोता'' की धारणा से बाहर निकलना चाहिए।' न्यायमूर्ति आर.एम. लोढ़ा (अब सेवानिवृत्त) की अध्यक्षता वाली शीर्ष अदालत की पीठ ने मई 2013 में कोयला घोटाला मामले की सुनवाई करते हुए सीबीआई को ''मालिक की आवाज में बोलने वाला पिंजरे में बंद तोता'' करार दिया था। तब सुप्रीम कोर्ट ने कोयला ब्लॉक आवंटन घोटाले मामले में सीबीआई जांच की प्रोग्रेस रिपोर्ट में सरकार के हस्तक्षेप पर कड़ी नाराजगी जताई थी। हाल में जांच एजेंसियां ईडी (प्रवर्तन निदेशालय) व सीबीआई पर सरकार के इशारे पर पक्षपातपूर्ण तरीके से कार्य करने के आरोप लगे हैं। विपक्ष की ओर से ये आरोप लगे हैं कि सीबीआई व ईडी ने गैर-भाजपा सरकार को परेशान करने के मकसद से जांच का जाल बिछाया है। झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन केस, पश्चिम बंगाल में ईडी जांच, दिल्ली में आबकारी नीति घोटाले की जांच, छत्तीसगढ़ में भूपेश बघेल से जुड़े महादेव मामले की जांच समेत लंबी फेहरिस्त है, जिसमें जांच एजेंसियों पर पक्षपात का आरोप लगा है। उच्चतम न्यायालय ने आबकारी नीति 'घोटाले' के संबंध में सीबीआई द्वारा दर्ज भ्रष्टाचार के मामले में शुक्रवार को दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को जमानत दे दी और कहा कि लंबे समय तक जेल में रखना स्वतंत्रता से अन्यायपूर्ण तरीके से वंचित करने के समान है। दो जजों की बेंच में से जस्टिस उज्ज्वल भुइयां ने कहा, सीबीआई की गिरफ्तारी जवाब से ज्यादा सवाल खड़े करती है। जैसे ही ईडी केस में उन्हें (सीएम अरविंद केजरीवाल) जमानत मिलती है, सीबीआई एक्टिव हो जाती है। ऐसे में अरेस्टिंग के समय पर सवाल खड़े होते हैं। सीबीआई को निष्पक्ष दिखना चाहिए और उसे गिरफ्तारी की ताकत का इस्तेमाल बहुत सोच समझकर करना चाहिए। हालांकि दूसरे जज जस्टिस सूर्यकांत ने कहा कि 'अगर कोई व्यक्ति पहले से हिरासत में है तो जांच के सिलसिले में उसे दोबारा अरेस्ट करना गलत नहीं है। सीबीआई ने बताया है कि उनकी जांच क्यों जरूरी थी? याचिकाकर्ता की गिरफ्तारी अवैध नहीं है। सीबीआई ने नियमों का कोई उल्लंघन नहीं किया है। उन्हें जांच की जरूरत थी। इसलिए इस केस में अरेस्टिंग हुई'। यह सवाल जरूर है कि ईडी से जमानत मिलने के समय ही सीबीआई एक्टिव क्यों हुई? सीबीआई एक स्वतंत्र जांच एजेंसी है, उसे ऐसा ही व्यवहार करना चाहिए। उसे न केवल पारदर्शी होना चाहिए, बल्कि व्यवहार में दिखना चाहिए। कानून का शासन हमारे संवैधानिक गणराज्य की एक बुनियादी विशेषता है, जो यह अनिवार्य बनाता है कि जांच निष्पक्ष, पारदर्शी और न्यायसंगत होनी चाहिए। निष्पक्ष जांच भारत के संविधान के अनुच्छेद 20 और 21 के तहत आरोपी व्यक्ति का मौलिक अधिकार है। सीबीआई को दिल्ली विशेष पुलिस स्थापना अधिनियम, 1946 के तहत जांच करने का अधिकार है। निश्चित रूप से सीबीआई के खाते में अनेक उपलब्धियां हैं, लेकिन साख सुधारना भी उसकी ही जिम्मेदारी है। सीबीआई को सरकार के दबाव में काम करना चाहिए और न ही राजनीतिक दबाव में आना चाहिए।



हिन्दी दिवस
ऐश्वर्या

# भाषाई दासता से मुक्ति का मार्ग हिंदी

**आज राजभाषा हिंदी की 75 साल की यात्रा पूरी हुई। इस कालखंड में खट्टे-मीठे अनुभव रहे हैं। वैश्विक स्तर पर हिंदी की स्वीकार्यता पिछले कुछ वर्षों से लगातार बढ़ी है। आज जरूरत इस बात की है कि हम औपनिवेशिक दासता से मुक्ति पाकर अपनी भाषा पर गर्व करें। विकसित भारत का लक्ष्य हिंदी भाषा को केंद्र में रखकर पाया जा सकता है। कोई भी राष्ट्र विदेशी भाषा को साथ लेकर उन्नत नहीं हो सकता है। हिंदी मात्र भाषा नहीं बल्कि भारतीय संस्कृति की संवाहिका है। समय की मांग है कि हिंदी के प्रयोग के महत्व को हर स्तर पर बढ़ावा मिले। सभी भारतीय नागरिक इस बात को लेकर संकल्पित हों कि हिंदी के विकास के लिए होने वाले आयोजन केवल रस्म अदायगी तक न सिमट कर रह जाएं।**

संविधान सभा द्वारा 75 वर्ष पूर्व 14 सितंबर 1949 को हिंदी को राजभाषा के रूप में स्वीकृति प्रदान करने के इस अभूतपूर्व निर्णायक दिवस को हम सभी हिंदी दिवस के रूप में मनाते हैं। हिन्दी के लिए 14 सितंबर की तारीख का चुनाव देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू ने किया था। आज राजभाषा हिंदी की 75 साल की यात्रा पूरी हुई। इन 75 वर्ष के कालखंड में खट्टे-मीठे अनुभव रहे हैं किंतु राजभाषा पर चिंतन, मंथन कर आगे के संकल्प लेने का समय आ चुका है। इस ऐतिहासिक वर्ष में हमें स्वतंत्रतापूर्व एवं वर्तमान में हिंदी की स्थिति, संविधान सभा में हिंदी पर हुई बहसों एवं आज के परिदृश्य, आजादी के 75 वर्षों में मीडिया में हिंदी, विज्ञान और तकनीक के क्षेत्र में हिंदी, अनुसंधान के क्षेत्र में हिंदी, शिक्षा में हिंदी, भारतीय कला जगत में हिंदी, हिंदी की वैश्विक स्थिति, हिंदी एवं अन्य भारतीय भाषा वाद-विवाद के मुख्य कारण आदि पर समग्र अध्ययन एवं समीक्षा कर आगे की कार्य योजना बनाने की आवश्यकता है।

इस साल भी चौदह सितंबर को हर वर्ष की तरह हिंदी का प्रशस्ति गायन किया जाएगा, लोग अंग्रेजी में हिंदी की शुभकामनाएं भेजेंगे, हिंदी को माथे की बिंदी कहेंगे, सरकारी प्रतिष्ठानों में कहीं पखवाड़ा, कहीं सप्ताह मनाया जाएगा और कर्तव्य की इतिश्री हो जाएगी। किंतु सच्चाई यह है कि हिंदी वाले स्वयं अपनी भाषा की कद्र नहीं करते। प्रमाणित है कि किसी भी समाज को शिथिल, मूक बनाना हो तो उसकी भाषा और संस्कृति नष्ट करो। इससे समाज हीनता की ग्रंथियों से जकड़ जाएगा। अंग्रेजों ने यही किया। और आज आलम यह है कि स्वतंत्रता के 78 वर्षों के बाद भी हम अंग्रेजी भाषा ही नहीं उनके चाल-चलन, हाव-भाव की नकल करने की कोशिश करते हैं। सम्पूर्ण भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में हिंदी का योगदान निर्विवाद है। रवीन्द्रनाथ ठाकुर ने ठीक ही कहा था कि 'भारतीय भाषाएं नदियां हैं और हिन्दी महानदी।'

फिर स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद ऐसा क्या हुआ कि पूरे भारत को जोड़ने वाली हिंदी को लेकर भाषायी विभाजन प्रारंभ हो गया। आश्चर्य यह कि यह भाषायी विवाद अंग्रेजी के साथ न होकर हिंदी और अन्य भारतीय भाषाओं के साथ हुआ। पूर्वोत्तर एवं दक्षिण राज्यों के विद्यालयों में हिंदी शिक्षा का विरोध यह कहकर किया गया कि इससे स्थानीय भाषा समाप्त हो जाएगी। एनईपी 2020 में कक्षा पांच तक शिक्षा मातृभाषा में अनिवार्य की गई है। यह समझना आवश्यक है कि हिंदी सहित भारतीय भाषाओं की प्रगति होनी चाहिए। अंग्रेजी की प्रमुखता कई कम बोली जाने वाली भाषाओं को समाप्त करती जा रही है। संख्याबल में हिंदी भाषा विश्व की अग्रणी भाषाओं में शुमार है। आज लगभग 43.63% भारतीय हिन्दी का उपयोग मातृभाषा के रूप में करते हैं। आज हिंदी माध्यम की पुस्तकों की कोई कमी नहीं है। तकनीक के क्षेत्र में भी हिंदी कमतर नहीं है। लेकिन 2023 में संघ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित भारत की सबसे बड़ी परीक्षा में कुल सफल 1016 अभ्यर्थियों में हिंदी माध्यम के मात्र 42 छात्र सफल रहे। सभी विशेषताओं के रहते हुए भी हिंदी 'एलीट' वर्ग की भाषा नहीं बन पाई है। क्या हिंदी माध्यम के छात्रों को दोयम दर्जे का माना जाता है? विदेशी भाषा




सीखने का दबाव छात्रों को आत्महत्या के लिए भी मजबूर करता है। आज के इस हिन्दी दिवस पर इन प्रश्नों को सोचने की जरूरत है। आज डिजिटल विश्व में हिंदी तीव्र गति से बढ़ने वाली भाषा है। 2004 में हिंदी में गूगल की शुरुआत के बाद लगातार हर तकनीकी सुविधा हिंदी में उपलब्ध होती गई है। पिछले वर्षों में हिंदी में इंटरनेट में प्रस्तुत होने वाली सामग्री में द्रुत गति से इजाफा हुआ है। भारत में 659 मिलियन लोगों के द्वारा स्मार्टफोन इस्तेमाल किया जाता है और इंटरनेट इस्तेमाल करनेवालों में भारतीय भाषाओं का प्रयोग 57 प्रतिशत के लगभग होता है। इन भारतीय भाषाओं में हिंदी (24 प्रतिशत) का स्थान सबसे ऊपर है। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि हिंदी में वॉइस सर्च का विस्तार 400 प्रतिशत की दर से हर वर्ष बढ़ रहा है। स्वतंत्रता के बाद सम्भवतः पहली बार हिंदी सहित अन्य भारतीय भाषाओं को राष्ट्रीय शिक्षा नीति -2020 में प्राथमिक शिक्षा से ही प्रमुखता मिली है। तकनीकी शिक्षा भी हिंदी में दी जानी शुरू हो चुकी है। मध्य प्रदेश देश का पहला राज्य बना जिसने मेडिकल की पढ़ाई हिंदी में शुरू की। उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड में भी यह पहल की गई है। इसी प्रकार आईआईटी जोधपुर ने हिंदी में भी बीटेक की पढ़ाई का विकल्प दिया है। अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआईसीटीई) द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप विभिन्न भारतीय भाषाओं में इंजीनियरिंग की किताबें तैयार की जा रही हैं। हिंदी और अन्य 11 क्षेत्रीय भाषाएं जिनमें तमिल, तेलुगु, उर्दू, मलयालम, बंगाली, असमिया, मराठी, कन्नड़, उड़िया, गुजराती और पंजाबी में बीटेक और बीई कोर्सेज की किताबें लिखी जा रही हैं। आज़ादी के 78 वर्ष के बाद भी भारतीय अपनी भाषा में न्याय पाने से वंचित हैं। आज भी हम अर्थात 'हम भारत के लोग' अपनी अदालतों से अपनी भाषा में न्याय पाने के लिए प्रयासरत हैं।

सुप्रीम कोर्ट एवं हाई कोर्ट की अधिकारिक भाषा अंग्रेजी ही है। जिला न्यायपालिका के के 75 वर्ष पूरे होने पर राष्ट्रीय सम्मेलन में सभी ने इस विषय पर चिंता व्यक्त की। सुप्रीम कोर्ट के माननीय मुख्य न्यायधीश डी वाई चंद्रचूड़ ने कानूनी मामलों में हिंदी भाषा के प्रयोग की बात कही है, ताकि आम आदमी को इसे समझने में आसानी हो। कानून के आसान भाषा में होने से लोग भी सोच-समझकर फैसला लेंगे और किसी भी तरह के उल्लंघन से बच पाएंगे। वैश्विक स्तर पर हिंदी की स्वीकार्यता पिछले कुछ वर्षों से लगातार बढ़ी है। आज आवश्यकता इस बात की है कि हम औपनिवेशिक दासता से मुक्ति पाकर अपनी भाषा पर गर्व करें। विकसित भारत का लक्ष्य हिंदी भाषा को केंद्र में रखकर पाया जा सकता है। कोई भी राष्ट्र विदेशी भाषा को साथ लेकर उन्नत नहीं हो सकता है। आज विश्व का हर छठा व्यक्ति हिंदी बोलता और समझता है।

हिंदी मात्र भाषा नहीं बल्कि भारतीय संस्कृति की संवाहिका है। समय की मांग है कि हिंदी के प्रयोग के महत्व को हर स्तर पर बढ़ावा मिले। सभी भारतीय नागरिक इस बात को लेकर संकल्पित हों कि हिंदी के विकास के लिए होने वाले आयोजन केवल रस्म अदायगी तक न सिमट कर रह जाएं। इसके विकास को लेकर किए जा रहे प्रयास का सिलसिला देश में हिंदी को मुकाम तक पहुंचाने तक निरंतर जारी रहे। हरिशंकर परसाई ने कहा था कि दिवस कमजोर के मनाए जाते हैं। हिंदी कमजोर नहीं है बल्कि विश्व की शक्तिशाली भाषाओं में शुमार है। आज के दिन को सिर्फ हिंदी नहीं बल्कि भारतीय भाषाओं और उनकी समृद्धि और उनकी प्रशस्ति के लिए मनाया जाना चाहिए। हर साल 10 जनवरी को विश्व हिन्दी दिवस मनाया जाता है। इसका मकसद हिन्दी के प्रचार-प्रसार के लिए जागरूकता पैदा करना।

(लेखिका वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।



## दिवस विशेष
डॉ. उन्मेष मिश्र

# हिंदी राष्ट्रभाषा कब बनेगी

स्वतंत्रता आंदोलन में हिंदी देश को एक सूत्र में बांधने वाली व्यावहारिक राष्ट्रभाषा बन गई थी। हिंदीतर भाषी भारतीय हिंदी सीखकर संवेत स्वर में - 'भारत माता की जय', वन्दे मातरम्', 'इन्क्लाप जिंदाबाद', 'भारत छोड़ो' आदि बोलकर आंदोलन कर रहे थे। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का मुखर स्वर देश में गूंज रहा था, 'हिंदी भाषा का प्रश्न स्वराज का प्रश्न है।' 15 अगस्त, 1947 को स्वतंत्रता प्राप्ति के तुरंत बाद बी.बी. सी. के संवाददाता ने गांधी जी से प्रश्न किया था- 'अब आप देश के नाम कुछ संदेश देना चाहते हैं?' उस समय गांधी जी का मौन व्रत चल रहा था। उन्होंने देश की राष्ट्रभाषा-प्रेम में उत्तर लिखकर दिया था- 'सबको कह दो कि गांधी अंग्रेजी नहीं जानता है।' भारत को स्वतंत्र हुए 75 वर्ष हो चुके हैं। राष्ट्रपिता महत्मा गांधी की राष्ट्रीय अवधारणा का महावाक्य 'राष्ट्रभाषा के बिना राष्ट्र गूँगा है' हर भारतीय के मन-मस्तिष्क में विद्यमान है, फिर भारतीय संविधान में स्थान क्यों पड़ा है? आर्य समाज के संस्थापक, समाज सुधारक महर्षि स्वामी दयानंददेश में घूम-घूमकर कह रहे थे- "हिंदी द्वारा भारत को एक सूत्र में पिरोया जा सकता है।" संस्कृत के महान विद्वान होते हुए भी सर्वजन उपयोगार्थ उन्होंने समाज- सुधार और प्रगति के लिए आर्य समाज के दिव्य ग्रंथ 'सत्यार्थ प्रकाश' की रचना हिंदी में की है। हिंदी के क्रांतिकारी कविनाथूराम शर्मा ने हिंदुओं को झकझोर कर जगाते हुए लिखा है –

*"भारतीय धर्म की है, घोषहा घमंड भरी।*
*हिंदी नहीं जाने उसे, हिंदु नहीं जानिए ।।"*

राष्ट्रीय काव्य धारा के चर्चित कवि भारतेंदु हरिश्चंद्र ने हिंदी को भारतीयों की गरिमा और गौरव का आधार कहकर उसे हृदयंगम करने का आह्वान किया- "निज भाषा उन्नति अहै, सब उन्नति को मूल।

*बिन निज भाषा ज्ञान के, मिटे न हिय को सूल ।।"*

राष्ट्रकवि मैथिली शरण गुप्त राष्ट्र की गौरव-गाथा गाते हुए थकते ही नहीं। हिंदी को भारत राष्ट्र की राष्ट्रभाषा और नागरी लिपि को राष्ट्रलिपि के रूप में संबोधित कर मार्ग-दर्शन करा रहे हैं –

*"मानस भवन में आर्य जन जिसकी उतारें आरती।*
*भगवान भारतवर्ष में गूँजे, हमारी भारती ।।*
*"है भव्य भारत ही हमारी मातृभूमि हरी-हरी।*
*हिंदी हमारी राष्ट्रभाषा और लिपि है नागरी ।।"*

देश के प्रशासनिक अधिकारियों ने भी समय-समय पर राष्ट्र की भाषा को




उन्नति में राष्ट्र की प्रगति का जयघोष किया है। देशरत्न डॉ. राजेंद्र प्रसाद ने कहा है- "जिस देश की अपनी भाषा और अपने साहित्य के गौरव का अनुभव नहीं है, वह उन्नत नहीं हो सकता।" डॉ. संपूर्णानंद ने हिंदी को राष्ट्र के गौरव के आधार रूप में स्वीकारते हुए कहा है- "हिंदी राष्ट्रीय एकता का प्रतीक है।" देश के विभिन्न भाषाविदों ने हिंदी को राष्ट्र की गौरव गाथा प्रस्तुत करने वाली अभिव्यक्ति शक्ति मानते हुए इसे राष्ट्रभाषा पद पर प्रतिष्ठित करने का आह्वान किया है। भाषा के अधिकारी विद्वान डॉ. धीरेन्द्र वर्मा हिंदी के महत्त्व को रेखांकित करते हुए कहते हैं- "हिंदी भाषा और साहित्य ने तो जन्म से ही अपने पैरों पर खड़ा होना सिखाया है।" चर्चित भाषाविद् डॉ. भोलानाथ तिवारी ने कहा है- "भारतीय संस्कृत की संवाहिका हिंदी को राष्ट्रभाषा का पद मिलना ही चाहिए।" स्वतंत्रता के बाद लंबे विचार-विमर्श के बाद 14 सितंबर, 1949 को भारतीय संविधान में हिंदी को 'राजभाषा का पद मिला है। हिंदी देश की जनभाषा, संपर्क भाषा, माध्यम भाषा, संचार भाषा और मातृभाषा है। आज जब वैश्विक क्षेत्र में हिंदी का प्रचार-प्रसार गतिशील है, भारत में भारतीय संस्कृति की संवाहिका हिंदी का प्रयोग बहुसंख्यक लोगों द्वारा किया जा रहा है। प्रत्येक राष्ट्र की पहचान एक झंडा, एक नेता, एक संस्कृति और एक भाषा से होती है। इस प्रकार देश के जन मानस की आवाज को बुलंद करने वाले राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, महर्षि स्वामी दयानंद सरस्वती, पूर्व राष्ट्रपति देशरत्न राजेंद्र प्रसाद, राष्ट्रकवि मैथिली शरण गुप्त आदि अनेक साहित्यकारों और भाषा वैज्ञानिकों आदि-आदि के उद्घोष को सम्मान करते हुए हिंदी को यथाशीघ्र राष्ट्रभाषा पद पर प्रतिष्ठित करना चाहिए।

(लेखक असिस्टेंट प्रोफेसर हैं, ये उनके अपने विचार हैं)

## ईश्वर के प्रति समर्पण निष्काम बना देता है



संकलित
दर्शन

भगवान ही सब लोकों के एकमात्र ईश्वर हैं और वे भगवान जीवमात्र के परम सुहृदय होने के कारण मेरे भी परम सुहृदय हैं। यह जानते ही उसे शांति मिल जाती है। उसे निश्चय हो जाता है कि अब मैं सब प्रकार से सुरक्षित और पूर्ण काम हो गया। जब सर्वशक्तिमान भगवान मेरे परम सुहृदय हैं, तब मुझे किसका डर!मनुष्य के मन में नाना प्रकार के मनोरथ हैं। संसार में वह सदा ही अपने को किसी-न-किसी अभाव से ग्रस्त पाता है। किसी भी अवस्था में वह यह अनुभव नहीं करता कि मुझको सब कुछ मिल गया, अब और कुछ भी नहीं चाहिए। बड़ी-से-बड़ी दुर्लभ वस्तु के पाने पर भी वह उसमें किसी कमी का अनुभव करता है और यह सोचता है कि जब मेरी यह कमी पूरी होगी, तब मुझे शांति मिलेगी। यह अभाव का अनुभव कभी मनुष्य के चित्त को शांत नहीं होने देता। शांति की दो ही स्थितियां हैं। एक तो वह, जिसमें पहुंचने पर वह स्वयं शांतिस्वरूप हो जाता है। फिर उसे किसी वस्तु की कमी का कभी बोध होता ही नहीं। वह सभी में सर्वत्र, सर्वथा और सर्वदा एकमात्र परमात्मा को देखता है और अपने को उनसे अभिन्न पाता है। उसकी यह पूर्णता उसकी स्वरूपभूता होती है, इसी का नाम मुक्ति है। दूसरी वह स्थिति है, जिसमें वह अपने को सदा-सर्वदा भगवान के संरक्षण में पाता है, जहां भगवान अनंत हाथों और अनंत शक्तियों से उसकी कमी को पूरा करने के लिए सदा प्रस्तुत रहते हैं, परंतु उसे भगवान को पाकर किसी कमी का अनुभव होता ही नहीं, वह कृतार्थ हो जाता है।

## चेतना का जाग्रत होना ही पूर्ण विकास है



संकलित
प्रेरणा

अज्ञात नींद से जागना मनुष्य का जन्म है और चिर निद्रा में चले जाना मृत्यु। जन्म-मृत्यु के बीच भी इंसान सोने-जागने के उपक्रम में लगा रहता है। उसकी पूरी आयु इसी में निकल जाती है और वह अपना पूर्ण विकास नहीं कर पाता। मनुष्य का पूर्ण विकास तभी होता है, जब उसकी चेतना जाग्रत होती है। रात बीतती है। सूरज उगता है और आदमी जाग जाता है। सोने के बाद जागना, यह निश्चित क्रम है। कोई भी आदमी चौबीस घंटे तक नहीं सोता। जो चौबीस घंटा सोया रहता है, वह मूर्च्छित माना जाता है। चेतना लंबे समय तक सोयी रहती है। वह मूर्छा में रहती है। ध्यान का प्रयोजन है- मन जागे, चेतना जागे। जागना विकास है, सोना हास है। खलील जिब्रान ने अपने आपसे पूछा- सभ्यता का जन्म कब हुआ? उत्तर मिला, जिस दिन आदमी ने बीज बोया उसी दिन सभ्यता का जन्म हुआ। धर्म या कर्तव्य का जन्म कब हुआ? जिस दिन बीज पर मेह बरसा कर्तव्य का जन्म हुआ। कला का जन्म कब हुआ? जिस दिन बीज फला, सौंदर्य देखा, उसी दिन कला का जन्म हुआ। दर्शन का जन्म कब हुआ? जिस दिन मनुष्य ने अपने बोए हुए बीज को अधिक मात्रा में खाया, अजीर्ण हो गया और उसे मिटाने के लिए दिमागी कसरत की, तब दर्शन का जन्म हुआ। बेचारा शरीर भारवाही है। बहुत भार ढोता है। वह तीन प्रकार के भार ढोता है। एक है- चित्त या भावधारा का भार। दूसरा है- इच्छा का भार और तीसरा है- मन का भार। अकेला शरीर इन तीनों का भार ढोता है।

## अंतर्मन




### आज की पाती

#### हथकरघा को और बढ़ावा मिले

वर्ष 1905 में जब अंग्रेजी शासक लार्ड कर्जन ने बंगाल विभाजन की कोशिश की, तो उसी समय कोलकाता के टाउनहॉल में हमारे देश के लोगों ने स्वदेशी आंदोलन का श्रीगणेश किया था। हथकरघा हमारे देश की सभ्यता और संस्कृति की एक पहचान भी है। इनमें हमारे देश के इतिहास की झलक देखने को मिलती है। केंद्र सरकार देश में स्वरोजगार को बढ़ावा देने के लिए हमेशा तत्पर रहती है। इसलिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 7 अगस्त 2015 को इस दिवस को मनाने का ऐलान किया था, ताकि देश में हथकरघा उत्पादों और इसके जरिए रोजी-रोटी चलाने वाले लोगों को प्रोत्साहित किया जाए। देश में हथकरघा को और बढ़ावा देने की जरूरत है।

- मयंक

## ट्रेंड

### देश की अस्मिता

मेरा इससे कोई सरोकार नहीं है कि राजनीतिक दल कैसी राजनीति करें, बस वे जो करें वो कानून और संविधान के दायरे में हो। सरकार की आलोचना करें, पर देश की अस्मिता के ऊपर नहीं।

-जगदीप धनखड़, उपराष्ट्रपति



### हमारी सबसे बड़ी उपलब्धि

जेकेएनसी-कांग्रेस धारा 370 बहाल कर अलग झंडा वापस लाना चाहती है; बीजेपी ऐसा नहीं होने देगी। लोकसभा चुनाव में अब्दुल्ला-मुफ्ती की हार जम्मू-कश्मीर के मूड को दर्शाती है। आज कश्मीर के युवाओं के हाथ में पत्थर नहीं, बल्कि तिरंगा है- ये हमारी सबसे बड़ी उपलब्धि है।

-अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री



### 'बहुजन समाज' सर्वोपरि

बीएसपी जातिवादी संकीर्ण राजनीति के विरुद्ध है। अतः चुनावी स्वार्थ के लिए आपाधापी में गठबंधन करने से अलग हटकर 'बहुजन समाज' में आपसी भाईचारा बनाकर राजनीतिक शक्ति बनाने का मूवमेंट है ताकि सत्ता की मास्टर चाबी प्राप्त कर आत्मनिर्भर हो सकें।

-मायावती, बसपा सुप्रीमो



### दिव्य रत्न की प्राप्ति

रामकथा की अमृत-धारा प्रत्येक दिन हम सबको अनेक अद्वितीय अनुभूतियों से समृद्ध कर रही है। इस दिव्य रत्न की प्राप्ति स्मृति-पटल पर सदा के लिए अमिट रहेगी।

-कुमार विश्वास, कवि व व्याख्याता



## करंट अफेयर

# मोहम्मद अली जिन्ना को राष्ट्रपिता घोषित करने की मांग

क्या बांग्लादेश अब बदल गया है? 5 अगस्त को शेख हसीना सरकार को सत्ता से बेदखल करने के बाद देश के जो हालात हैं, उससे तो ऐसा ही लगता है। देश में मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व में अंतरिम सरकार चल रही है और इन दिनों बांग्लादेश मुक्ति संग्राम का नेतृत्व करने वाले मुजीबुर रहमान तक के खिलाफ विचार प्रकट किए जा रहे हैं। यही नहीं हिंसक प्रदर्शनों के दौरान देश में कई जगहों पर मुजीबुर रहमान की मूर्तियां तक हथौड़े से तोड़ डाली गईं, जिन्हें बंगबंधु कहा जाता है। यही नहीं, अब हालात ऐसे हैं कि ढाका में पाकिस्तान के निर्माता कहे जाने वाले मोहम्मद अली जिन्ना को फादर ऑफ नेशन घोषित करने की मांग की गई। बुधवार को ढाका प्रेस क्लब में मोहम्मद अली जिन्ना की 76वीं पुण्यतिथि के मौके पर एक कार्यक्रम आयोजित किया गया था। इस दौरान जिन्ना को याद किया गया और यह भी मांग की गई कि मुजीबर रहमान की जगह उन्हें ही राष्ट्रपिता घोषित कर दिया जाए। बांग्लादेश 1971 में मुक्ति संग्राम के बाद अस्तित्व में आया था। मुख्य तौर पर बांग्ला और उर्दू भाषा को लेकर छिड़े विवाद के बाद यह आंदोलन शुरू हुआ था और पूर्वी पाकिस्तान कहे जाने वाला हिस्सा बांग्लादेश के तौर पर एक अलग देश बन गया। उसी विरासत से अवामी लीग जुड़ी रही है, लेकिन अब शेख हसीना के देश छोड़कर भागने के बाद पाकिस्तान समर्थक तत्व हावी हैं।



## ऑफ बीट

# चीन में सरकार बढ़ा रही रिटायरमेंट एज, अगले साल से लागू

चीन की सरकार अपने कर्मचारियों के रिटायर होने की उम्र बढ़ा रही है। चीन के सरकारी प्रसारणकर्ता सीसीटीवी के अनुसार, देश की नेशनल पीपुल्स कांग्रेस (संसद) ने शुक्रवार को यह घोषणा की। यह पॉलिसी 15 साल में धीरे-धीरे लागू की जाएगी। इसमें पुरुषों के लिए रिटायरमेंट की एज बढ़ाकर 63 साल की जाएगी। महिलाओं के लिए सेवानिवृत्ति की आयु उनकी भूमिका के आधार पर 55 और 58 साल की जाएगी। चीन में फिलहाल सेवानिवृत्ति की आयु पुरुषों के लिए 60 वर्ष और महिलाओं के लिए श्रमिक वर्ग में (ब्लू कॉलर) 50 साल, जबकि ऑफिस में काम करने वाले वर्ग में (व्हाइट कॉलर) 55 साल है। सेवानिवृत्ति की यह आयु विश्व की प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में सबसे कम है। चीन की आबादी और अर्थव्यवस्था की स्टडी करने वाले शिंउजियान पेंग ने इससे पीछे की वजह बताई है। पेंग ऑस्ट्रेलिया में विक्टोरिया यूनिवर्सिटी में रिसर्च स्कॉलर हैं। उन्होंने कहा कि बड़े पैमाने पर लोग रिटायर होने की उम्र पर पहुंच रहे हैं। इसलिए पेंशन फंड पर काफी दबाव है। इसलिए मुझे लगता है कि अब इस दिशा में गंभीरता से काम करने का समय आ गया है। पिछली बार रिटायरमेंट उम्र साल 1950 में तय की गई थी। उस वक्त वहां पर लाइफ एक्सपेक्टेंसी करीब 40 साल थी।



### अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय
टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242221 पर या सीधे मेल से aapkepatra.haribhoomi@gmail.com पर भेज सकते हैं।



# अब दुश्मनों के ड्रोन और फाइटर जेट पलभर में होंगे नेस्तनाबूद, भारत ने तैयार कर ली ये मारक मिसाइल

डीआरडीओ और नौसेना ने चांदीपुर में सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल वीएलएसआरएसएएम का सफल परीक्षण किया। मिसाइल ने कम ऊंचाई वाले हवाई लक्ष्य को सटीकता से निशाना बनाया।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भुवनेश्वर

इंडियन नेवी ने सतह से हवा में मार करने वाली शॉर्ट रेंज सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल वीएलएसआरएसएएम का बैक-टू-बैक सफल परीक्षण किया है। दूसरा टेस्ट शुक्रवार को ओडिशा के चांदीपुर की परीक्षण रेंज में किया। रक्षा मंत्रालय ने बताया, मिसाइल को वर्टिकल लॉन्चर से लॉन्च किया गया था।

इसने कम ऊंचाई पर तीव्रगति से उड़ रहे हवाई लक्ष्य पर सटीक निशाना साधा। रक्षा मंत्रालय ने आगे बताया कि मिसाइल ने सफलतापूर्वक टारगेट का पता लगाया और उसे नष्ट कर दिया।

## उद्देश्य नई तकनीकों का परीक्षण करना

मंत्रालय ने कहा कि परीक्षण का उद्देश्य इस मिसाइल प्रणाली में लैस कई नई तकनीकों का परीक्षण भी करना था, जिसमें 'प्रॉक्सिमिटी फ्यूज' और 'सीकर' भी शामिल थे। मंत्रालय ने बयान में कहा, इस प्रणाली के प्रदर्शन की आईटीआर चांदीपुर में तैनात रडार इलेक्ट्रो-ऑप्टिकल ट्रैकिंग सिस्टम और टेलीमेट्री जैसे विभिन्न उपकरणों द्वारा सावधानीपूर्वक निगरानी व पुष्टि की गई। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने डीआरडीओ और नेवी की टीमों की उपलब्धि के लिए तारीफ करते हुए कहा कि यह परीक्षण वीएलएसआरएसएएम हथियार प्रणाली की विश्वसनीयता और प्रभावशीलता की पुष्टि करता है। डीआरडीओ के अध्यक्ष और रक्षा अनुसंधान एवं विकास विभाग के सचिव डॉ. समीर वी कामत ने भी इस परीक्षण में शामिल टीमों को बधाई दी और कहा कि यह प्रणाली भारतीय नौसेना की परिचालन क्षमताओं को महत्वपूर्ण रूप से बढ़ाएगी।

## तीसरी स्टेज में दुश्मन के टारगेट पर सटीक हमला करना



यह अग्नि सीरीज की सबसे आधुनिक, घातक, सटीक और मीडियम रेंज की परमाणु बैलिस्टिक मिसाइल है। भारत की यह परमाणु मिसाइल एक साथ दुश्मन के कई टारगेट तबाह कर सकती है। अग्नि परियोजना से जुड़े एक रक्षा अधिकारी ने कहा कि अग्नि-1 सिंगल-स्टेज की मिसाइल है, जबकि 'अग्नि प्राइम' दो स्टेज के रॉकेट मोटर पर चलने वाली मिसाइल है, जिसका तीसरा स्टेज मैन्यूवरेबल रीएंट्री व्हीकल है। यानी इससे तीसरे स्टेज को दूर से नियंत्रित करके दुश्मन के टारगेट पर सटीक हमला किया जा सकता है।

## बैलिस्टिक मिसाइल अग्नि-4 का सफल दूसरा परीक्षण

अब खौफ खाएंगे चीन और पाक



### सफलतापूर्वक रहा उड़ान परीक्षण

रक्षा मंत्रालय ने बताया कि रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन डीआरडीओ और इंडियन नेवी ने ओडिशा तट से दूर चांदीपुर में एकीकृत परीक्षण रेंज (आईटीआर) से वर्टिकल शॉर्ट रेंज सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल वीएलएसआरएसएएम का सफलतापूर्वक उड़ान परीक्षण किया।

## खबर संक्षेप

### स्टालिन ने किए 7,000 करोड़ रुपए से अधिक के समझौतों पर हस्ताक्षर



**चेन्नई।** तमिलनाडु सरकार ने अमेरिकी कंपनी 'रैपिड ग्लोबल बिजनेस सॉल्यूशंस' के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं और यह कंपनी 100 करोड़ रुपये का निवेश कर राज्य में एक नयी इकाई स्थापित करेगी। तमिलनाडु सरकार ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। राज्य सरकार द्वारा यहां जारी एक आधिकारिक विज्ञप्ति में कहा गया है कि 12 सितंबर को शिकागो में मुख्यमंत्री एम के स्टालिन की मौजूदगी में राज्य और कंपनी के अधिकारियों ने समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।

### नागमंगला हिंसा प्रदर्शन कर रहे 40 लोग हिरासत में

**बेंगलुरु।** कर्नाटक में मांड्या जिले के नागमंगला कस्बे में गणेश प्रतिमा विसर्जन जुलूस के दौरान हुई हिंसा के खिलाफ राज्य की राजधानी बेंगलुरु के टाउन हॉल के सामने विरोध प्रदर्शन करने की कोशिश कर रहे करीब 40 लोगों को शुक्रवार को हिरासत में ले लिया गया। पुलिस ने बताया कि कुछ प्रदर्शनकारी गणेश प्रतिमाओं के साथ प्रदर्शन कर रहे थे और उन लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग कर रहे थे जिन्होंने 11 सितंबर को शहर में दुकानों, वाहनों को निशाना बनाकर पथराव और तोड़फोड़ की थी। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया, ''लोगों का समूह कार्यक्रम स्थल तक जाने पर अड़े थे इसलिए उन्हें हिरासत में लेना पड़ा।

## केजरीवाल की रिहाई पर सियासी बयानबाजी का दौर, भाजपा बरसी

# 'जेल' वाला अब 'बेल' वाला सीएम हो गया है, पद से इस्तीफा दें केजरीवाल

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सीएम अरविंद केजरीवाल की सशर्त रिहाई पर भाजपा नेता गौरव भाटिया ने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय ने कट्टर बेईमान, आप के संयोजक अरविंद केजरीवाल को फिर से आईना दिखाया है। भ्रष्टाचारी अरविंद केजरीवाल को सशर्त जमानत मिली है। जेल वाला सीएम अब बेल वाला सीएम बन गया है। अब केजरीवाल को चाहिए कि वो अपने पद से इस्तीफा दे दें, अब ये कहना गलत नहीं होगा कि भ्रष्टाचार युक्त सीएम अभियुक्त।

अब वो अभियुक्त की श्रेणी में हैं। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि जमानत आदेश की शर्तें केजरीवाल पर भी लागू होंगी। केजरीवाल का पासपोर्ट कोर्ट में रहेगा। उन्हें हर सोमवार और गुरुवार को जांच अधिकारी के समक्ष पेश होना पड़ेगा। वे गवाहों को डरा नहीं सकते और साक्ष्य को नष्ट नहीं कर सकते। सीबीआई के खिलाफ 'पिंजरे का तोता' वाली टिप्पणी पर भाटिया ने कहा कि कोल गेट घोटाले के समय भ्रष्ट कांग्रेस ने सीबीआई को 'पिंजरे का तोता' बना दिया था। सीबीआई 'पिंजरे का तोता' नहीं है। आज बाज बन चुका है, भ्रष्टाचारियों को चोट लग रही है, इसलिए भ्रष्टाचारियों को दर्द हो रहा है।

### भाटिया बोले- मुख्यमंत्री का काम नहीं कर सकेंगे तो तत्काल इस्तीफा दें

उनकी गिरफ्तारी और आरोप दोनों वैध



### मुख्यमंत्री बने रहने का अधिकार खो दिया



दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि केजरीवाल मामले में सर्वोच्च न्यायालय ने स्पष्ट कर दिया है कि उनकी गिरफ्तारी वैध है, उन पर आरोप वैध हैं। केजरीवाल को सशर्त जमानत मिलना कोई विशेष उपलब्धि नहीं है। मुकदमा चलेगा और उन्हें शीघ्र लंबी सजा होगी। केजरीवाल याद रखें वह अब जयललिता, लालू यादव, मधु कोड़ा जैसे मुख्यमंत्रियों की सूची में जुड़ गए हैं और उन्हें भी जमानत मिली थी और वे शीघ्र सजा पा कर फिर जेल जाएंगे। उनको जमानत बेशक मिली हो पर उन्हें अब मुख्यमंत्री पद पर बने रहने का कोई अधिकार नहीं है। जब वे मुख्यमंत्री का काम नहीं कर सकेंगे तो वो मुख्यमंत्री क्यों? उन्हें तुरंत इस्तीफा दे देना चाहिए। 'सत्यमेव जयते' के सच्चे अर्थ से कोसों दूर हैं। आप 'सत्यमेव जयते' कहते हैं आपको मुबारक।

### जमानत मिलना न्यायिक प्रक्रिया का एक हिस्सा: कांग्रेस



प्रदेश कांग्रेस ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की जमानत पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र यादव का कहना है कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में संवैधानिक प्रक्रिया के अंतर्गत शराब घोटाले में मुख्य आरोपी केजरीवाल को सुप्रीम कोर्ट से जमानत मिलना न्यायिक प्रक्रिया का हिस्सा है। कानून अपना काम कर रहा है।

### आप ने मनाया जश्न

### तिहाड़ के बाहर फोड़े पटाखे, बांटी मिठाइयां



केजरीवाल तिहाड़ से रिहा हो गए हैं। जेल का बाहर आप नेता जश्न मनाया। आप नेता मनीष सिसोदिया, संजय सिंह और पंजाब के सीएम भगवंत मान केजरीवाल की रिहाई से पहले तिहाड़ जेल के बाहर पटाखे फोड़ने वाले पार्टी कार्यकर्ताओं की एक बड़ी भीड़ में शामिल हुए।

### पत्नी सुनीता ने बांटी मिठाइयां, बोलीं भाजपा के मंसूबों पर पानी फिरा



इस खुशी में उनकी पत्नी सुनीता केजरीवाल ने मिठाई बांटी और जश्न मनाया। इस दौरान राज्यसभा सांसद संजय सिंह, आतिशी और सोमनाथ भारती समेत कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। लोगों ने एक दूसरे को मिठाइयां खिलाई। सुनीता ने कहा कि भाजपा के मंसूबों पर पानी फिर गया है। वे विपक्ष के नेताओं को जेल में डालकर सत्ता में बने रहना चाहते हैं, उनका मकसद यही है। आप परिवार को बधाई! मजबूत बने रहने के लिए बधाई।

### यह था दिल्ली शराब घोटाला

*कोरोना काल के बीच दिल्ली सरकार ने 'दिल्ली आबकारी नीति 2021-22 लागू की थी। इस शराब नीति के कार्यान्वयन में कथित अनियमितता की शिकायतें आईं जिसके बाद उपराज्यपाल ने सीबीआई जांच की सिफारिश की। इसके साथ ही दिल्ली आबकारी नीति 2021-22 सवालों के घेरे में आ गई। हालांकि, नई शराब नीति को बाद में इसे बनाने और इसके कार्यान्वयन में अनियमितताओं के आरोपों के बीच रद्द कर दिया गया।*

## कोलकाता के डॉक्टरों का प्रदर्शन

# राष्ट्रपति और पीएम को पत्र लिख न्याय की गुहार लगाई



एजेंसी ▶▶ कोलकाता

कोलकाता के जूनियर डॉक्टरों ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को चार पन्नों का पत्र लिखकर 9 अगस्त को पश्चिम बंगाल के शहर कोलकाता में आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में एक डॉक्टर की हत्या और बलात्कार के मामले में हस्तक्षेप की अपील की है। पश्चिम बंगाल जूनियर डॉक्टर्स फ्रंट की ओर से लिखे गए पत्र की प्रतियां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा को भेजी गईं। पत्र में लिखा है कि हमारे सहयोगी अपराध का शिकार हुए हैं, उन्हें न्याय मिले।

### अंधकार दूर करें, हमें सक्षम बनाएं

पत्र में लिखा है कि हम विनम्रतापूर्वक राज्य के प्रमुख के रूप में आपके महामहिम के समक्ष मुद्दों को रखते हैं, ताकि हमारे दुर्भाग्यपूर्ण सहयोगी जो सबसे घृणित अपराध का शिकार हुए हैं, उन्हें न्याय मिले और ताकि हम, पश्चिम बंगाल स्वास्थ्य विभाग के तहत स्वास्थ्य देखभाल पेशेवर, बिना किसी डर और आशंका के जनता के प्रति अपने कर्तव्यों का पालन करने में सक्षम हो सकते हैं। इसके साथ ही आग्र किया है कि इस कठिन समय में आपका हस्तक्षेप हम सभी के लिए प्रकाश की किरण के रूप में काम करेगा, जो हमें चारों ओर से घिरे अंधेरे से बाहर निकलने का रास्ता दिखाएगा।

### आरोपी संजय का नहीं होगा नार्को टेस्ट

कोलकाता की कोर्ट ने आरजी कर मामले के आरोपी संजय रॉय के नार्को टेस्ट की अनुमति देने से इनकार कर दिया है। दरअसल, सीबीआई संजय रॉय का नार्को एनालिसिस टेस्ट कराने की योजना बना रही थी। लिहाजा केंद्रीय जांच एजेंसी ने नार्को टेस्ट की अनुमति के लिए सियालदह कोर्ट में अपील की थी। इसके तहत आज संजय रॉय को मजिस्ट्रेट के सामने पेश किया गया, लेकिन संजय ने मजिस्ट्रेट के सामने नार्को टेस्ट के लिए अपनी सहमति नहीं दी, जिसके बाद कोर्ट ने सीबीआई की प्रार्थना को खारिज कर दिया।

## पाक के बैलिस्टिक मिसाइल प्रोग्राम को लगा झटका

# चीन की कंपनियों पर अमेरिका ने लगाए प्रतिबंध, भड़का ड्रैगन

एजेंसी ▶▶ इस्लामाबाद



पाकिस्तान के बैलिस्टिक मिसाइल प्रोग्राम को अमेरिका की ओर से बड़ा झटका लगा है। अमेरिकी विदेश विभाग ने मिसाइल प्रतिबंध कानून के तहत पाकिस्तान के बैलिस्टिक मिसाइल प्रोग्राम से जुड़ी आपूर्ति करने के लिए एक चीनी रिसर्च इंस्टीट्यूट और कई कंपनियों पर प्रतिबंध लगाया। अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने एक बयान में कहा, 'विदेश विभाग बैलिस्टिक मिसाइलों और नियंत्रित मिसाइल उपकरणों और टेक्नोलॉजी के प्रसार में शामिल पांच संस्थाओं और एक व्यक्ति के खिलाफ कार्रवाई कर रह है।

## यूएस ने जर्मनी और भारत के लिए अपना समर्थन जाहिर किया

# सुरक्षा परिषद में स्थायी सदस्यता के लिए अमेरिका भारत के साथ

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिका ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में सुधार के संबंध में नए प्रस्ताव पेश किए। इस दौरान भारत, जापान और जर्मनी को सुरक्षा परिषद में स्थायी सदस्यता देने के दीर्घकालीन समर्थन को दोहराया। संयुक्त राष्ट्र में अमेरिकी राजदूत लिंडा थॉमस-ग्रीनफील्ड ने गुरुवार को इस बारे में बयान दिया। विदेश संबंध परिषद के कार्यक्रम में लिंडा ने कहा कि अमेरिका अफ्रीकी देशों को सुरक्षा परिषद में अस्थायी सदस्यता देने के अलावा दो अफ्रीकी देशों को स्थायी सदस्य बनाने का भी समर्थन करता है।

### भारत दुनिया में सबसे बड़ी आबादी वाला देश

बातचीत के दौरान उनसे पूछा गया कि भारत, जर्मनी और जापान को स्थायी सदस्य बनाने के लिए अमेरिका के दीर्घकालिक समर्थन का क्या अर्थ है। इस पर उन्होंने कहा कि जी-4 की जहां तक बात है, तो हमने जापान, जर्मनी और भारत के लिए अपना समर्थन जाहिर किया है। ब्राजील के लिए स्पष्ट रूप से समर्थन व्यक्त किया गया। जी-4 में ब्राजील, जर्मनी, भारत और जापान शामिल हैं। चारों देश संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की स्थायी सदस्यता के लिए एक-दूसरे के दावों का समर्थन करते हैं। थॉमस-ग्रीनफील्ड ने कहा कि भारत दुनिया में सबसे बड़ी आबादी वाला देश है, और हम परिषद में उसके शामिल होने का वास्तव में दृढ़ता से समर्थन करते हैं।

# राम मंदिर की सफाईकर्मी से सामूहिक दुराचार

**अयोध्या।** जिले के रौनाही थाना क्षेत्र की रहने वाली एक छात्रा से तीन युवकों ने पखवारे भर तक अलग-अलग होटलों में ले जाकर दुष्कर्म किया। उसके 5अन्य दोस्तों ने भी उससे छेड़छाड़ की। छात्रा की तहरीर पर कैंट थाने की पुलिस ने 8लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। छात्रा ने बताया कि वह एक महाविद्यालय में बीए तृतीय वर्ष की छात्रा और राम जन्मभूमि मंदिर में सफाई कर्मी है। वह सहादतगंज निवासी वंश चौधरी नामक युवक को पिछले चार वर्ष से जानती है। 16 अगस्त को वंश उसके दोस्त विनय और शारिक घुमाने के बहाने उसे अंगूरी बाग स्थित एक गेस्ट हाउस में ले जाकर दुष्कर्म किया।

### अयोध्या के रौनाही थाना क्षेत्र की है पीड़िता

सैन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया Central Bank of India
क्षेत्रीय कार्यालय, रायपुर (छ.ग.) Regional Office, Raipur (C.G.)

परिशिष्ट-4 [नियम - 8 (1)] कब्जा नोटिस (अचल संपत्ति के लिए)

यतः (Whereas)

अधोहस्ताक्षरी ने जो वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 (2002 का अधिनियम 54) के अधीन सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया का प्राधिकृत अधिकारी है, प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए उधार लेने वाले को निम्नलिखित तिथि को एक मांग नोटिस में उल्लेखित रकम 60 दिनों के भीतर प्रतिदाय करने की मांग करने के लिए जारी की थी।

उधार लेने वाले द्वारा रकम का प्रतिदाय करने में असफल रहने पर, उधार लेने वाले और जनसाधारण को यह सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 8 के साथ पठित अधिनियम की धारा 13(4) के अधीन उसे प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए निम्नलिखित दिनांक को यहाँ नीचे वर्णित संपत्ति का कब्जा ले लिया है।

उधार लेने वाले तथा जमानतदार को विशिष्ट रूप से और जनसाधारण को इसके द्वारा सावधान किया जाता है कि वह इस संपत्ति से संबंधित कोई व्यवहार न करें एवं यदि करता है तो वह निम्नलिखित देय धनराशि तथा उस पर देय ब्याज तथा अन्य प्रभार के लिए **सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया** के प्रभार के अधीन होगा।

**देनदारों का ध्यान रक्षित संपत्तियों को मुक्त कराने के लिए उपलब्ध समय हेतु अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के प्रावधानों की ओर आकृष्ट किया जाता है।**

संपत्ति का विवरण

| क्र. | उधारकर्ताओं तथा जमानतदारों का नाम | मांग सूचना की राशि/दिनांक | कब्जा लेने की तारीख |
|---|---|---|---|
| 1. | 1. **श्री लेखराम वर्मा** पिता श्री मंगतू राम वर्मा, **पता :-** स्लॉटर हाऊस के सामने, काली मंदिर के पास, न्यू कृष्णा नगर, सुपेला, भिलाई, दुर्ग (छ.ग.), **शाखा : राधिकानगर**<br>**सम्पति का विवरण:** श्री लेखराम वर्मा के नाम पर भूखण्ड क्र. 12, खसरा क्र. 149/4, प.ह.नं. 14/19, वार्ड क्र. 14, पुरानी बस्ती, कुरूद, रा.नि.मं. दुर्ग-1, तहसील व जिला - दुर्ग (छ.ग.), क्षेत्रफल - 1140 वर्गफीट पर स्थित आवासीय संपत्ति का समस्त भाग तथा अंश। **बाऊण्ड्री :** उत्तर में - 20फीट सड़क, दक्षिण में - गोवर्धन साहू का भूखण्ड, पूर्व में - सीताराम साहू का भूखण्ड क्र. 11, पश्चिम में - विक्रेता की शेष भूमि भूखण्ड क्र. 13 | सूचना दिनांक 03.06.2022, रू. 5,94,888/- + उस पर देय ब्याज तथा व्यय। दिनांक : 31.05.2022 | 09.09.2024 |
| 2. | 1. **श्री इस्लाम खान** पिता श्री शेर खान, 2. **श्रीमती शमीम खान** पति श्री इस्लाम खान, **दोनों निवासी -** वार्ड क्र. 22, नया पारा, कोदूमल धर्मशाला के पास, जिला - धमतरी (छ.ग.), **शाखा : भखारा**<br>**सम्पति का विवरण:** श्रीमती शमीन खान पति श्री इस्लाम खान के नाम पर शीट क्र. 21 सी, भूखण्ड क्र. 61/2, राम सागर पारा वार्ड, पोस्ट व ब्लॉक - धमतरी, तहसील व जिला - धमतरी (छ.ग.), क्षेत्रफल - 49.0 वर्गमीटर (यथा ; 527.0 वर्गफीट) पर स्थित नजूल लीज होल्ड आवासीय संपत्ति का समस्त भाग तथा अंश। **बाऊण्ड्री :** उत्तर में - वीर सिंह का मकान, दक्षिण में - विक्रेता की भूमि, पूर्व में - भजन लाल का मकान तथा भूमि, पश्चिम में - नगर निगम सड़क। | रू. 2,39,949/- + उस पर देय ब्याज तथा व्यय। दिनांक : 13.02.2023 | 10.09.2024 |
| 3. | **श्री कोमल राम पटेल** पिता श्री जीवन राम, **श्रीमती झामिन बाई** पति केशूराम मरार, **दोनों निवासी -** वार्ड क्र. 15, रनवा, तरशिवा धमतरी, जिला - धमतरी (छ.ग.)-493773, **शाखा : भखारा**<br>**सम्पति का विवरण:** श्रीमती झामिन बाई पति श्री केशूराम मरार के नाम पर खसरा क्र. 1284 भाग, ग्राम - रनवा, पीसी क्र. 15, वार्ड क्र. 07, कुल क्षेत्रफल - 1144 वर्गफीट (निर्मित क्षेत्रफल - 700 वर्गफीट), तहसील व जिला - धमतरी (छ.ग.) पर स्थित आवासीय भूमि तथा भवन का समस्त भाग तथा अंश। **बाऊण्ड्री :** उत्तर में - भगवानी का मकान, दक्षिण में - गली, पूर्व में - गली, पश्चिम में - जगत का मकान। | रू. 5,93,279/- + उस पर देय ब्याज तथा व्यय। दिनांक : 06.06.2024 | 10.09.2024 |
| 4. | 1. **श्री महेश कुमार सिन्हा** पिता स्व. श्री बिशालराम सिन्हा, 2. **श्रीमती कस्तूरबा सिन्हा** पति श्री महेश कुमार सिन्हा, **दोनों निवासी -** ग्राम/पोस्ट - निपानी, तहसील - पाटन, जिला - दुर्ग (छ.ग.)-491223, **शाखा : भखारा**<br>**सम्पति का विवरण:** श्रीमती कस्तूरबा सिन्हा पति श्री महेश कुमार सिन्हा के नाम पर खसरा क्र. - 720, प.ह.नं. 52, ग्राम व पोस्ट - निपानी, क्षेत्रफल - 476.76 वर्गमीटर, रा.नि.मं. - पाटन, तहसील - पाटन, जिला - दुर्ग (छ.ग.) पर स्थित आवासीय भूमि तथा भवन का समस्त भाग तथा अंश। **बाऊण्ड्री :** उत्तर में - पुनीत राम का क्षेत्र, दक्षिण में - आम सड़क, पूर्व में - राधेश्याम सिन्हा का मकान, पश्चिम में - रानीतराई - बेल्हारी मार्ग। | रू. 10,26,070/- + उस पर देय ब्याज तथा व्यय। दिनांक : 05.04.2024 | 10.09.2024 |

दिनांक : 10.09.2024, स्थान : रायपुर — प्राधिकृत अधिकारी/मुख्य प्रबंधक, सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया

## 'हाउस रेंट अलाउंस' के बदलाव को मिली मंजूरी

# सीआरपीएफ के जवानों के लिए खुशखबरी, 'एक्स' और 'वाई' श्रेणी में अपग्रेड हुए पोस्टिंग स्टेशन, बढ़ गया एचआरए

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देश के सबसे बड़े केंद्रीय अर्धसैनिक बल 'सीआरपीएफ', की चुनिंदा यूनिटों में तैनात जवानों के लिए खुशखबरी है। जिस जगह पर ये यूनिट/बटालियन या दफ्तर हैं, उस स्थान को अब 'एक्स' और 'वाई' श्रेणी वाले शहरों में अपग्रेड कर दिया गया है।

इसके चलते जवानों को इन शहरों की श्रेणी के हिसाब से 'हाउस रैंट अलाउंस' मिलेगा। कुछ जगहों के लिए शहरों का अपग्रेडेशन कई वर्ष पूर्व से किया गया है। इसके लिए जवानों को एरियर दिया जाएगा। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने वित्त विभाग की हरी झंडी मिलने के बाद सीआरपीएफ के लिए उक्त आदेश जारी किया है।





### जवानों को बढ़े हुए एचआरए का एरियर मिलेगा

ग्रुप सेंटर पुणे, रेंज, सीडब्लूएस-2, आईआईएम पुणे, कंपोजिट अस्पताल पुणे, 242 बटालियन और पुणे जिले में आने वाले बल के अन्य संस्थान/इकाई, ये सभी 'एक्स' क्लास सिटी में आएंगे। 'एक्स' श्रेणी वाले शहर के हिसाब से एचआरए की दरें, एक जुलाई 2021 से मान्य होंगी। यानी जवानों को बढ़े हुए एचआरए का एरियर मिलेगा। गुवाहाटी ग्रुप सेंटर, नॉर्थ ईस्ट जोन गुवाहाटी, कंपोजिट अस्पताल गुवाहाटी, यहां पर 'वाई' क्लास श्रेणी वाले शहरों की एचआरए दरें लागू होंगी। यह अपग्रेडेशन एक अक्टूबर 2023 से माना जाएगा। यहां पर भी जवानों को एरियर मिलेगा। आईजी राजस्थान सेक्टर, नयाला कैंप स्थित 246 बटालियन एवं दफ्तर, यहां पर भी 'वाई' क्लास श्रेणी की एचआरए दरें लागू होंगी। ये दरें, एक मार्च 2023 से मान्य होंगी। भोपाल/ रायसेन स्थित 107 आरएएफ एवं हिनोतिया रायसेन स्थित बल के दफ्तर भी 'वाई' क्लास श्रेणी वाले शहरों में शामिल होंगे। यहां पर एचआरए की नई दरें एक अक्टूबर 2023 से लागू होंगी।

### नई दरें तीन साल या आगामी आदेशों तक लागू रहेंगी

केंद्रीय गृह मंत्रालय की पुलिस डिवीजन-2 के (पीएफ 3 डेस्क) द्वारा सीआरपीएफ महानिदेशक को लिखे पत्र में कहा गया है कि विभिन्न यूनिटों में 'हाउस रैंट अलाउंस' के बदलाव को मंजूरी दे दी गई है। एचआरए श्रेणी के अंतर्गत जिन शहरों की श्रेणी का अपग्रेडेशन हुआ है, वहां पर एचआरए की नई दरें अगले तीन साल या आगामी आदेशों तक तक लागू रहेंगी।

## जैकेट के शेष

### बताई जाती है ....

दी जाती है। स्नातकोत्तर डिग्री हासिल करने के इच्छुक छात्र पाठ्यक्रम आसान होने के कारण एमए हिंदी में दाखिले ले लेते हैं, लेकिन भाषा विज्ञान में उन्हें रुचि नहीं रहती है।

### सर चढ़कर कैसे बोलेगी ...

ही प्रतिवर्ष भाषा विज्ञान के छात्रों के लिए तरस जाता है। इस वर्ष यहां भाषा विज्ञान की 20 में से सिर्फ 9 सीटें ही भर सकी हैं। बीते कई वर्षों से यही स्थिति है। गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी में भी सीटें नहीं भर सकी हैं। बिलासपुर के अटल बिहारी वाजपेयी यूनिवर्सिटी में तो अब तक हिन्दी विभाग ही नहीं खुला है। जगदलपुर विवि में भी भाषा विज्ञान की सुध किसी ने नहीं ली है। जबकि पं. सुंदरलाल शर्मा ओपन यूनिवर्सिटी में दूरस्थ माध्यम से हिंदी में बीए-एमए कराया जा रहा है। यहां भी भाषा विज्ञान अध्ययन की सुविधा नहीं है।

**दशकों प्राचीन हिंदी विभाग, दाखिले 60 फीसदी भी नहीं** : गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी में हिंदी विभाग दशकों पुराना है, किन्तु यहां भी पहले की अपेक्षा हिन्दी पाठ्यक्रमों पढ़ने विद्यार्थियों का रुझान कम है। हिन्दी विभाग में स्नातक स्तर के पाठ्यक्रम में कुल 75 सीटें है, जिनमें इस सत्र अभी तक 39 विद्यार्थियों ने प्रवेश लिए हैं। हिंदी के स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम में 40 सीटों में से 22 सीटों पर प्रवेश हुए हैं। इस तरह स्नातक-स्नातकोत्तर दोनों पाठ्यक्रमों में तीन राउंड की काउंसिलिंग पश्चात मुश्किल से आधी सीटें ही भर पाई हैं। वहीं हिन्दी विभाग में प्राध्यापकों के सात पदों में तीन ही रेगुलर प्राध्यापक कार्यरत हैं और चार प्राध्यापकों के पद रिक्त हैं, जिन पर अतिथि प्राध्यापक रखकर काम चलाया जाता है।

**हिंदी प्रकोष्ठ के स्टाफ को भेज दिया दूसरे विभाग** : गुरू घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी में अलग से राजभाषा प्रकोष्ठ भी है, जिसमें एक हिंदी अधिकारी नियुक्त है। राजभाषा प्रकोष्ठ द्वारा केन्द्र सरकार की राजभाषा संबंधी नीतियों का क्रियान्वयन करना है और समय-समय पर राजभाषा हिन्दी से संबंधित प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित किया जाता है। इसके साथ ही हिन्दी साहित्य एवं हिन्दी साहित्यकारों के जयंती उपलक्ष्य पर कार्यक्रम कराए जाते हैं, लेकिन राजभाषा प्रकोष्ठ में केवल एक हिन्दी अधिकारी कार्यरत हैं और वहां नियुक्त दो कार्यालयीन स्टाफ को दूसरे विभाग में पदस्थ कर दिया गया है।

### पाठ्यक्रम प्रारंभ ....

पाठ्यक्रम का प्रस्ताव भी नहीं भेजा गया है। बस्तर के भाषा वैज्ञानी डॉ. सतीश कहते हैं, भाषा विज्ञान पूरी तरह साहित्य से अलग है। हिंदी साहित्य पढ़ने वालों को कहानी, कविता, उपन्यास आदि का अध्ययन कराया जाता है, जबकि भाषा विज्ञान पूर्ण रूप से भाषा से संबंधी विषय है। इसमें व्याकरण, ध्वनि, स्वर, व्यंजन आदि बताए जाते हैं।

### इस पर करें ...

छात्रों से हरिभूमि ने बात की और उनकी सीखने की ललक, जरूरत और तरीके को समझा। कलिंगा यूनिवर्सिटी में इस वक्त 500 से ज्यादा विदेशी मूल के स्टूडेंट्स हैं। अफ्रीका, अफगानिस्तान, बांग्लादेश, नेपाल, सूडान, नामिबिया, नाइजीरिया जैसे कई देशों के विद्यार्थी यहां पढ़ाई कर रहे हैं। इनमें से ज्यादातर छात्रों ने अपनी शिक्षा के साथ हिंदी बोलने, समझने और लिखने के लिए आसपास संसाधन तलाशा और करीबियों की मदद से हुनर को लपक लिया और आज वे अच्छी तरह हिंदी बोल सकते हैं।

**हिन्दी सीखने दोस्तों से ली क्लास** : यहां बीटेक द्वितीय वर्ष के छात्र अहमद इदरीस अगमज सूडान का निवासी। वह दो साल से छत्तीसगढ़ में है। उसने बताया, शुरुआती दिनों में हिन्दी ना आने के कारण उसे बात करने में परेशानी होती थी। इसी परेशानी के बीच उसे भी हिंदी समझने, लिखने-पढ़ने की इच्छा हुई और उसने रायपुर और हैदराबाद के दो दोस्तों को इसका माध्यम बनाया। दोनों दोस्तों ने उसकी मदद की और आज वह हिंदी बोल सकता है। इस काम में प्राध्यापक ने भी मदद की। उसका यह भी मानना है कि हिन्दी भाषा सीखने के बाद उसके कम्युनिकेशन स्किल में सुधार आया।

### यूट्यूब से सीख ....

वह हिंदी पहले से बेहतर बोल सकता है। हिन्दी भाषा नहीं आने के कारण पहले दोस्त नहीं थे। उसने बताया, हिन्दी सीखने के बाद अभी मेरे काफी दोस्त बने। कॉलेज द्वारा आयोजित कार्यक्रमों में हिन्दी में स्पीच व बॉलीवुड गाना गाने का मौका भी मिला। इसके साथ ही सिटी व बाजार में हिन्दी भाषा बोलता देख, अन्य लोग बात करने के लिए उत्साहित रहते हैं।

### राज्य में गो-तस्करी, ...

**बिलासपुर रेंज : हत्या डकैती के केस 6 माह में नहीं सुलझे** : मुख्यमंत्री ने कहा कि बिलासपुर पुलिस रेंज में अपराधों में कमी आई है, लेकिन इससे संतुष्ट नहीं होते हुए पुलिस की सक्रियता का स्तर और बेहतर करने की जरूरत है। इसी प्रकार उन्होंने कहा कि दुर्ग पुलिस रेंज को और ज्यादा मेहनत करने की जरूरत है। उन्होंने नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि हत्या और डकैती के मामले 6 महीने में भी नहीं सुलझ पा रहे हैं, ये उचित नहीं है। कई मामलों में आरोपी फरार है, इस पर जल्दी कार्रवाई होनी चाहिए।

**राजनांदगांव रेंज : अवैध शराब बिक्री को लेकर आक्रोश** : मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि राजनांदगांव पुलिस रेंज में कुछ जगह अच्छे काम हुए हैं, त्रिनेत्र एप और चिटफंड मामलों में अच्छी कार्रवाई हुई है लेकिन सिर्फ इतना पर्याप्त नहीं है। अवैध शराब बिक्री की बहुत शिकायत है, पुलिस के संरक्षण के आरोप लगते है, ये बिलकुल नहीं होना चाहिए, अवैध शराब बिक्री पूरी तरह बंद होना चाहिए। कई जगहों में जांच को लेकर काफी आक्रोश है, शिकायत मिलती है की जांच टीम सही से जांच नहीं कर रही, अधिकारी जांच में उपस्थित नहीं रहते है, ऐसी लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी, काम में लापरवाही बिल्कुल नहीं होनी चाहिए।

### गो तस्करी, नशाखोरी ...

तथा ऐसे केस में प्राथमिकता से त्वरित गति से कार्रवाई होनी चाहिए। अवैध शराब, जुआ-सट्टा, नशाखोरी पर हो जीरो टॉलरेंस, शिकायतें मिलने पर एसपी होंगे जिम्मेदार होंगे।

### महादेव सट्टा केस, सुनवाई ....

पेश करेगा। ज्ञात हो कि दोनों आरोपियों ने रायपुर की विशेष अदालत द्वारा जारी गैर जमानती वारंट के खिलाफ याचिका लगाई गई है। दरअसल, सौरभ चंद्राकर और रवि उप्पल के खिलाफ ईडी कोर्ट ने गैर जमानती वारंट जारी किया है। इसी वारंट को आरोपियों ने वरिष्ठ एडवोकेट कपिल सिब्बल और किशोर श्रीवास्तव के जरिए बिलासपुर हाईकोर्ट में चुनौती दी है। मामले की सुनवाई जस्टिस रविंद्र अग्रवाल की कोर्ट में सुनवाई चल रही है। रवि उप्पल के वकील ने किशोर श्रीवास्तव जज के सामने ईडी की एफआईआर पढ़ी। एफआईआर पढ़ने के दौरान ईडी पर गलत जानकारी देने का आरोप लगाया गया।

### एफआईआर में उल्लेख ....

का रिफ्रेंस दिया। इनमें से एक केस दाऊद इब्राहिम से जुड़ा हुआ भी है। वहीं ईडी की तरफ से अधिवक्ता सौरभ पांडेय और अधिवक्ता जोहेब हुसैन ने बहस की। वारंट मामले में शुक्रवार को सुनवाई हुई। ईडी के अधिवक्ताओं ने कहा कि बहस की प्रक्रिया में और कई दिन लग सकते हैं।

### भारी मात्रा में ....

होटल के पास बच्चों द्वारा कारतूस से खेले जाने की सूचना मिली। इसके बाद पुलिस तथा फोरेंसिक की टीम मौके पर पहुंची और कारतूस को अपने कब्जे में लिया। जांच करने पर सारे कारतूस जिंदा मिले। पुलिस इसकी जानकारी जुटाने की कोशिश कर रही है कि इतनी बड़ी मात्रा में आखिर लावारिश हालत में कारतूस कैसे पहुंचे। इसके लिए पुलिस मौके पर लगे आसपास सीसीटीवी फुटेज की पड़ताल कर रही है। राजधानी में इस तरह लावारिश हालत में इतनी संख्या में कारतूस मिलने की घटना को पुलिस सुरक्षा के लिहाज से काफी गंभीर मान रही है। एसएसपी संतोष सिंह ने कारतूस मिलने की घटना की गंभीरता से जांच करने के निर्देश दिए हैं।

### 10 दिन में ....

2 सितंबर को मध्यरात्रि तबीयत बिगड़ने पर मां भारती को वे एमएमआई लेकर गए थे। डाक्टरों ने उन्हें स्वाइन फ्लू फिर लंग्स में इंफेक्शन बताया था। इस आधार पर उनका दस दिन तक इलाज चलता रहा, मगर स्वास्थ्य में सुधार नहीं हुआ, लेकिन बिल आठ लाख रुपए तक बन चुका था। उल्टे भारती खेमानी वेंटिलेटर पर पहुंच गई थीं। अस्पताल प्रबंधन ने इसे भी कमीशनखोरी का तरीका बनाया और महिला को एयर एंबुलेंस से हैदराबाद के अस्पताल भेजने का झांसा दिया। इसके लिए रेड एंबुलेंस के माध्यम से 6 लाख 11 हजार रुपए खर्च कराकर एयर एंबुलेंस बुक कराया गया। परिजनों को इस बात का विश्वास था कि भारती की जान बच जाएगी, मगर हकीकत कुछ और थी। गंभीर हालत वाली मरीज के लिए जो एयरक्राफ्ट लाया गया था, उसमें जरूरी उपकरण नहीं था और ऑक्सीजन भी काम नहीं कर रहा था, जिसकी मरीज को नितांत जरूरत थी। उड़ान भरने के बाद 15 मिनट बाद एयरक्राफ्ट वापस एयरपोर्ट में लैंड हो गया। भारती को पुनः एमएमआई लाया गया, मगर तब तक उसकी जान जा चुकी थी।

**स्वाइन फ्लू के मामले में संदेही** : सूत्रों के मुताबिक स्वाइन फ्लू की पॉजिटिव रिपोर्ट के मामले में एमएमआई हास्पिटल पिछले दो तीन सालों से संदेह के दायरे में रहता है। यहां इलाज के लिए आने वाले ज्यादातर मरीजों को इससे पीड़ित पाया जाता है। पिछले साल ऐसे ही प्रकरणों को ध्यान में रखते हुए स्वास्थ्य विभाग द्वारा नोटिस जारी कर नियमानुसार स्वाइन फ्लू की जांच करने की सख्त हिदायत दी गई थी। इसके अलावा इलाज के नाम पर वसूली और लापरवाही के मामले में एमएमआई हास्पिटल काफी बदनाम रहा है।

### दुनिया के पहले ...

दौरान कई रिकॉर्ड तोड़े। इंस्टाग्राम पर रोनाल्डो के 639 मिलियन यानी 63.9 करोड़ से ज्यादा फॉलोअर्स हैं, जो सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर उनके 100 करोड़ फॉलोअर्स का सबसे बड़ा हिस्सा है। मैनचेस्टर यूनाइटेड और रियल मैड्रिड के इस पूर्व खिलाड़ी के फेसबुक पर 170.5 मिलियन यानी 17 करोड़ और 'एक्स' पर 113 मिलियन यानी 11 करोड़ फॉलोअर्स हैं। यू ट्यूब, चीनी प्लेटफॉर्म वीबो और कुआईशू पर भी उनके कुछ फॉलोअर्स मौजूद हैं।

### हमने इतिहास बनाया, ....

दुनिया के सबसे बड़े स्तर तक, मैंने हमेशा अपने परिवार और आपके लिए खेला है। अब हम एक बिलियन के आंकड़े पर एक साथ खड़े हैं। आप हर कदम पर, सभी उतार-चढ़ावों में मेरे साथ रहे हैं। यह यात्रा हमारी यात्रा है और हमने दिखाया है कि हम जो हासिल कर सकते हैं उसकी कोई सीमा नहीं है।'

# यूरोप की धरती से जयशंकर ने दिखाया कांग्रेस और पश्चिमी देशों को आइना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



विदेश मंत्री डॉ.एस.जयशंकर अक्सर वैश्विक मंचों पर बड़ी बेबाकी के साथ भारत का पक्ष रखते हुए नजर आते हैं। सवाल चाहे उनके अपने देश की आंतरिक व्यवस्था से जुड़े हों या बाकी दुनिया से सरोकार रखते हों। जयशंकर के तर्कपूर्ण जवाब सभी को दांतों तले उंगली दबाने पर मजबूर कर देते हैं। ताजा मामला उनकी तीन देशों की यात्रा के अंतिम पड़ाव स्विट्जरलैंड (जिनिवा) से जुड़ा हुआ है। जहां शुक्रवार को भारतीय समुदाय को संबोधित करने के बाद थिंक टैंक 'जिनिवा सेंटर फॉर सिक्योरिटी पॉलिसी' में फ्रांसीसी राजदूत जीन डेविड लेविटे के साथ संवाद सत्र में भारत के विदेश मंत्री ने अपने तथ्यपरक जवाबों से घरेलू स्तर पर कांग्रेस और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पश्चिम के विकसित देशों को आइना दिखाया।


## नाम परिवर्तन की सूचना

सर्वसाधारण को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि मेरे अवयस्क पुत्र श्रीयुत मिश्रा का नाम बदलकर गोविंद मिश्रा (GOVIND MISHRA) रख लिया है। अतः भविष्य में मेरे पुत्र को गोविंद मिश्रा (GOVIND MISHRA) नाम से जाना पहचाना जावे। सो विदित होवें।

पुराना नाम- (श्रीयुत मिश्रा)
नया नाम- (गोविंद मिश्रा)

अजय कुमार मिश्रा
क्वार्टर नं. 1 बी-87 वार्ड नं. 7,
स्टॉफ कालोनी जमुना कालरी,
हरद, जिला-अनूपपुर (म.प्र.)

## नाम परिवर्तन की सूचना

सर्वसाधारण को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि मेरे अवयस्क पुत्र अच्युत मिश्रा का नाम बदलकर अनंत मिश्रा (ANANT MISHRA) रख लिया है। अतः भविष्य में मेरे पुत्र का अनंत मिश्रा (ANANT MISHRA) नाम से जाना - पहचाना जावे। सो विदित होवें।

पुराना नाम (अच्युत मिश्रा)
नया नाम (अनंत मिश्रा)
अंजय कुमार मिश्रा
कार्टर नं.1बी -87 वार्ड नं.7,
स्टॉफ कालोनी जमुना
कालरी, हरद अनूपपुर म.प्र.)

## छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्युशन कं. लिमि.

(छत्तीसगढ़ शासन का एक उपक्रम) (छ.रा.वि.मं. की एक उत्तरवर्ती कंपनी)
कार्यालय-कार्यपालन अभियंता (सं./सं.) संभाग, छ.स्टे.पॉ.डिस्ट्री.कं.लिमि. कसडोल

क्र./48-00/सामा./1818 कसडोल, दिनांक 13/09/2024

**// बिजली बंद की सूचना //**

समस्त सम्मानीय उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है कि 11 के.व्ही. पचरी सब स्टेशन में अति आवश्यक मेंटेनेंस कार्य हेतु दिनांक 15.09.2024, दिन- रविवार को / 11 के. व्ही. नगरदा एवं टुण्डरी फीडर से संबंधित सभी ग्रामों की विद्युत आपूर्ति प्रातः 11:00 बजे से शाम 04:00 बजे तक बंद रहेगी। उपभोक्ताओं को होने वाली असुविधा के लिए खेद है, आवश्यकतानुसार समय में परिवर्तन किया जा सकता है ।

"स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा का संरक्षण करें।"

(आर.के.साहू 91543882)
कार्यपालन अभियंता (सं./सं.) संभाग,
छ.स्टे.पॉ.डिस्ट्री.कं.लिमि. कसडोल

## कार्यालय खण्ड चिकित्सा अधिकारी

सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सिमगा, जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)
contact us: 07726-299374, E-mail id - bmosimga@gmail.com

क्रमांक / एन.एच.एम. / 2024-25/1614 सिमगा, दिनांक 13.09.2024

**// निविदा आमंत्रण //**

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत विकासखंड सिमगा में जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम अंतर्गत प्रसुता महिला तथा अंतःरोगी भर्ती मरीजों हेतु सुबह शाम भोजन एवं नास्त की व्यवस्था हेतु दिनांक 13/09/2024 से 27/09/2024 तक मुहरबंद लिफाफे में निविदा आमंत्रित किया जाता है।, निविदा शर्ते एवं अन्य जानकारी इस कार्यालय के कार्यालयीन समय पर राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन विकासखंड कार्यक्रम प्रबंधक इकाई कक्ष क्रं. 26 से प्राप्त किया जा सकता है।

खण्ड चिकित्सा अधिकारी
सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सिमगा
जिला- बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)

## कार्यालय, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जगदलपुर, जिला- बस्तर (छ.ग.)

Email id: cmhobastar@gmail.com / Telephone No. 07782-222281

**// द्वितीय खुली निविदा आमंत्रण सूचना //**

क्रमांक / निविदा /2024-25 /4832 जगदलपुर, दिनांक 12/09/2024

कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला- बस्तर, जगदलपुर अंतर्गत निम्नानुसार निविदायें आमंत्रित की जाती है :-

**कार्यालयीन उपयोग हेतु दैनिक व मासिक आधार पर चिकित्सा अधिकारी/ नोडल अधिकारियों के लिये चार पहिया वाहन प्रदायगी बाबत ।** (फर्म एवं कार्यस्थल नगर पालिक निगम जगदलपुर शहरी क्षेत्र में स्थापित हो को प्राथमिकता)

निविदा हेतु आवश्यक शर्ते वेबसाईट www.bastar.gov.in में देखा जा सकता है । निविदा प्रपत्र कार्यालय, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जगदलपुर, जिला- बस्तर (छ.ग.) से कार्यालयीन दिवस पर प्रातः 11.00 से संध्या 4.00 बजे तक राशि रूपये 1000 / - (एक हजार रूपये मात्र) निविदा प्रपत्र मूल्य का डिमांड ड्रफ्ट / बैंकर्स चेक जो कि नॉन रिफंडेबल है, जमा कर प्राप्त किये जा सकते हैं। डी.डी. / बैंकर्स चेक District Health Society, Bastar Payable at Jagdalpur के नाम से देय हो स्वीकार किये जावेंगे।

निविदा प्रपत्र बिक्री की अंतिम तिथि : 30/09/2024, सायं 4.00 बजे तक
मुहरबंद निविदा पंजीकृत डाक एवं स्पीड पोस्ट, कुरियर द्वारा कार्यालय को प्राप्त होने की अंतिम तिथि : 04/10/2023, अपरान्ह 3.00 बजे तक
निविदा खोले जाने की तिथि : 04/10/2023 को अपरान्ह 4.00 बजे

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी,
जगदलपुर, जिला-बस्तर (छ.ग.)
G-242502506/3

F.No.1-2/2022/Advt.173(PPL)/R-I/Pt.File

## राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद
श्री अरबिंदो मार्ग, नई दिल्ली-110016
(भर्ती -1 अनुभाग)

**-: अधिसूचना :-**

1. राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद के द्वारा अजमेर, भोपाल, भुवनेश्वर, मैसूरु और शिलांग में स्थित अपने क्षेत्रीय शिक्षा संस्थानों के लिए प्रिंसिपल (ग्रुप 'ए') के 05 (01 प्रत्याशित रिक्ति सहित) पदों को भरने के लिए विज्ञापन संख्या 175/2024 जारी किया जा रहा है। पात्रता शर्तों और अन्य विवरणों के लिए कृपया एनसीईआरटी की वेबसाइटः www.ncert.nic.in पर जाएं (लिंक अनाउंसमेंट - वैकेंसी - एकेडमिक देखें)।
2. विज्ञापन संख्या 175/2024 की अधिसूचना के जवाब में भरे हुए आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि रोजगार समाचार में इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि के 21 दिन के पश्चात है।

अवर सचिव
(भर्ती -1 अनुभाग)
CBC 21104/12/0004/2425

Government of Jharkhand
## OFFICE OF THE TRIBAL WELFARE COMMISSIONER
2nd Floor, Kalyan Complex, Balihar Road, Morabadi, Ranchi -834008

**NOTICE INVITING RFP**
**(Request for Proposal for Supply of Library Books in Welfare Residential Schools of Jharkhand)**

I. Office of Tribal Welfare Commissioner (TWC), Ranchi intends to select an agency via e-tendering for procurement & supply of library books in the Welfare Residential Schools of the State of Jharkhand in the current financial year 2024-25. TWC intends to procure the books appropriate and useful for these school libraries.
II. TWC invites RFP from the eligible Publishing Houses / Booksellers for the supply of books for school libraries in the state of Jharkhand. Detailed terms and conditions may be viewed on the website https://jharkhandtenders.gov.in

Schedule of Events

| Sl. No | Event Descriptions | Timeline |
|---|---|---|
| 1. | Date of Issue of Advertisement | Date-14-09-2024 |
| 2. | Date & time of downloading the RFP | 14-09-2024 to 04 -10-2024 up to 06:00 PM, from the e-Procurement Portal (https://jharkhandtenders.gov.in) |
| 3. | Date & time of Pre –Bid Meeting | 18-09-2024 at 3:00 PM at 2nd Floor, Kalyan Complex, Balihar Road, Morabadi, Ranchi |
| 4. | Last date & time for submission (upload) of online bidding document. | 05-10-2024 till 06:00 PM, on the e Procurement Portal (https:// jharkhandtenders.gov.in) |
| 5. | Last date & time for submission of Original copy of Affidavit & sample books. | 07-10-2024 by 12:30 PM at Office of Tribal Welfare Commissioner 2nd Floor, Kalyan Complex, Balihar Road, Morabadi, Ranchi |
| 6. | Time, Date of opening of Technical Bid | 07-10-2024 by 03:00 PM on the e-Procurement Portal (https://jharkhandtenders.gov.in) |
| 7. | Time, Date of opening of Financial Bid | To be announced later on the e-Procurement Portal (https:// jharkhandtenders.gov.in) |

Note- (i) Interested bidders may obtain further information about this Notice Inviting RFP from the Office of Tribal Welfare Commissioner, 2nd Floor, Kalyan Complex, Balihar Road, Morabadi, Ranchi
(ii) No e-tender will be accepted after closing date and time in any circumstances.

Tribal Welfare Commissioner
Jharkhand, Ranchi
PR 335794 (Schedule Tribe, Schedule Caste, Minority and Backward Class Welfare Department) 24-25 (D)

## कार्यालय, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.)

क्रमांक/स्टोर/2024/ 6949 जांजगीर, दिनांक 11/09/2024

**// दवाई सामग्री क्रय हेतु निविदा //**

वित्तिय वर्ष 2024-25 के लिए जिले में एवं अधिनस्थ स्वास्थ्य संस्थाओं में लगने वाली दवाई सामग्री क्रय हेतु निर्माताओं/ उनके अधिकृत विक्रेताओं से दवाई सामग्री प्रदाय करने हेतु मोहरबंद निविदाए आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत कर (संबंधित निर्माता कंपनी का मूल अधिकार पत्र सहित) रू. 2000.00 बैंक ड्राफ्ट (नान रिफेण्डबल) भुगतान कर प्राप्त किया जा सकता है। बैंक ड्राफ्ट मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला जांजगीर चाम्पा के नाम से देय होगा । निविदा डाकघर के स्पीड पोस्ट से ही कार्यालयीन समय पर अधोहस्ताक्षरकर्ता कार्यालय में जमा की जा सकेगी ।

टीपः- अधिकृत विक्रेता को संबंधित निर्माता फर्म का मूल अधिकार पत्र आवेदन पत्र के साथ प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा ।

01. निविदा फार्म बिक्री की अंतिम तिथि - 25.09.2024 बजे तक
02. निविदा फार्म जमा करने की अंतिम तिथि - 30.09.2024 दोपहर 3.00 बजे तक
03. निविदा खोलने की तिथि - 01.10.2024 सायं 04.00 बजे

स्थानः- कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला जांजगीर चाम्पा (छ.ग.)

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी
जिला- जांजगीर-चाम्पा (छ.ग.)
G-242502518/1

## NAVA RAIPUR ATAL NAGAR VIKAS PRADHIKARAN

Paryavas Bhawan, North Block, Sector- 19, Nava Raipur Aatal Nagar Distt. Raipur- 492002, Chhattisgarh. Tel No: +91 771 2512500; Fax No.: +91 771 2512400.
Website: www.navaraipuratalnagar.com, http://eproc.cgstate.gov.in

**E-Procurement Tender Notice**

The Chief Executive Officer, NRANVP invites tender for following work:

**NIT No: 31/4(3)/ SOA-CH/EEC-I/CE/NRANVP/2024-25 Nava Raipur Atal Nagar Dated: 13.092024**

**Name of Work: " Construction with Interior Finishes of State of the Art Conference Hall at 5th Floor Manatralaya Mahanadi Bhawan at Sector-19 Nava Raipur Atal Nagar, Dist-Raipur (C.G)".**

Estimated cost: **INR 11.58 Crs.**, EMD: **INR 12,58,000/-** Period of Completion: **12 Months**

**Last Time & Date of Online Submission: 15:00hrs on 04.10.2024**

The E-Procurement tender documents can be downloaded from the portal (Website) http://eproc.cgstate.gov.in directly and shall be submitted online on the same website only after making on payment of bid participation fees online.

**Amendment in tender, if any, will only be uploaded on the website and shall not be published in any newspaper.**

Chief Engineer (Engg.)
NRANVP
S-41446/1


## पेज एक के शेष

### दृश्यम फिल्म की...

छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट में तत्काल सुनवाई के अनुरोध के साथ चुनौती दी गई। याचिकाकर्ता द्वारा यह तर्क दिया गया कि निर्माण अनुज्ञा जारीकर्ता अधिकारी ने स्वयं एनबीटी बनकर आलोच्य नोटिस जारी किया है, जबकि इन्होंने ही भवन निर्माण की अनुमति प्रदान की है। जानबूझकर सिर्फ तीन दिन का समय दिया गया है। यह नोटिस सद्भावना पूर्ण तरीके से जारी नहीं की गई है। प्रकरण की तत्काल सुनवाई जस्टिस पार्थ प्रतिम साहू की सिंगल बेंच में की गई। सुनवाई करने के बाद कोर्ट ने इस नोटिस को 15 दिन के लिए स्थगित करते हुए याचिकाकर्ता को अनुज्ञप्ति की प्रति एवं नोटिस का जवाब सीएमओ नगर पंचायत सीतापुर के समक्ष प्रस्तुत करने के लिए कहा है। साथ ही नगर पंचायत सीतापुर द्वारा पारित किए जाने वाले अंतिम निर्णय से व्यथित होने पर अपील के लिए भी 15 दिन का समय देने का आदेश कोर्ट ने दिया है।

### यह है मामला...

करते रहे। वहीं 16 जून को संदीप की पत्नी सलीमा ने थाने में संदीप का अपहरण कर हत्या करने की आशंका व्यक्त करते हुए रिपोर्ट लिखाई थी। तीन माह तक कोई कार्रवाई नहीं होने पर आदिवासी समाज ने धरना प्रदर्शन कर दबाव बनाया। इसके बाद पुलिस हरकत में आई। कड़ाई से पूछताछ करने पर आरोपियों ने हत्या कर शव दफनाने की बात स्वीकार की एवं उसके निशानदेही पर पुलिस ने पानी टंकी के नीचे से शव बरामद किया है।

### आपके विभाग में...

गए पत्र में कहा गया है कि लोक निर्माण विभाग में 1320 करोड़, लोकस्वास्थ्य यांत्रिकी में 220 करोड़, नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग में 348 करोड़ तथा विधि और विधायी विभाग में 2.29 करोड़ पूंजीगत व्यय हुआ है। श्री साव को भेजे गए पत्र में ये भी कहा गया है पूंजीगत व्यय अंतर्गत निर्माण कार्यों के लिए निर्माण कंपनियों,ठेकेदारों के समय पर भुगतान करने से कार्यों की निर्धारित समयावधि में पूर्णता सुनिश्चित होती है। इससे कार्यों की गुणवत्ता भी बेहतर होती है तथा भविष्य में कार्यों की निविदा दरों में भी कमी आती है। इसलिए जुलाई 2024 तक लंबित सभी नियमित देयकों का भुगतान 30 सितंबर 2024 तक करने के लिए अपने अधीनस्थों को निर्देशित करें। भारत सरकार द्वारा भी निर्माण कार्यों को निर्धारित लागत एवं समय सीमा में पूर्ण करने के सुझाव दिए जाते हैं।

**पहली छहमाही में खर्च 40 प्रतिशत हो** : यह भी बताया गया है कि वित्त विभाग द्वारा विभागों के लिए निर्धारित सीमा के अनुसार प्रथम छैमाही में 40 प्रतिशत,( प्रथम तिमाही में 25 तथा द्वितीय में 15 प्रतिशत) व्यय किया जाना है। विभाग में पूंजीगत व्यय की योजनाओं के अंतर्गत स्वीकृत कार्यों में निरंतर व्यय तथा इसका नियमित पर्यवेक्षण किया जाना आवश्यक है। पूंजीगत व्यय अधिक होने से रोजगारों का सृजन तथा अर्थव्यवस्था को गति प्रदान करने में गुणात्मक प्रभाव पड़ता है।

### बताया किस मंत्री के...

विकास विभाग में 171 करोड़, गृह विभाग में 31 करोड़, पूंजीगत व्यय हुआ है। मंत्री रामविचार नेताम के आदिम जाति विकास विभाग, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विभाग में 20 करोड़, कृषि एवं किसान कल्याण विभाग में 18 करोड़ पूंजीगत व्यय हुआ है।

# ईडी ने पश्चिम बंगाल के कई हिस्सों में की छापेमारी

कोलकाता। ईडी ने कथित राशन घोटाले के मामले में शुक्रवार को पश्चिम बंगाल के कई स्थानों में छापेमारी की। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। संघीय जांच एजेंसी के विभिन्न दलों ने यह छापेमारी की। अधिकारियों के अनुसार, ईडी के अधिकारियों ने राशन दुकान, व्यापारियों के घरों और गोदामों, एक खाद्य निरीक्षक के आवास और एक सहकारी बैंक की जयनगर, देगांगा, कल्याणी और बसंती स्थित शाखा जैसे स्थानों पर भी तलाशी ली।

## राशिफल

**मेष** – किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। जीवनसाथी का साथ मिलेगा। कारोबार में भागदौड़ अधिक रहेगी।

**वृष** – धैर्यशीलता में कमी भी हो सकती है। संयत रहें। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। वाहन के रखरखाव एवं वस्त्रों आदि पर खर्च बढ़ सकते हैं।

**मिथुन** – माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। कारोबार में परिवर्तन की सम्भावना बन रही है। लाभ में वृद्धि होगी।

**कर्क** – मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कुछ चिंता परेशान भी हो सकती हैं। माता का साथ मिलेगा। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**सिंह** – आत्मविश्वास में कमी रहेगी। संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। कारोबार में वृद्धि होगी। किसी मित्र का सहयोग भी मिल सकता है।

**कन्या** – आशा-निराशा के भाव मन में हो सकते हैं। मित्रों का सहयोग मिलेगा। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**तुला** – कला एवं संगीत में रुचि रहेगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य में सुधार होगा। कारोबार में भाग-दौड़ बढ़ेगी, परन्तु स्वास्थ्य के प्रति सचेत भी रहे।

**वृश्चिक** – संयत रहें। क्रोध से बचें। बातचीत में संयत रहें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्चों में वृद्धि होगी। किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है।

**धनु** – आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु मन अशान्त भी रहेगा। आत्मसंयत रहें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कारोबार के लिए विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं।

**मकर** – माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता रहेगी। मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। कारोबार से लाभ में वृद्धि होगी।

**कुंभ** – आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। फिर भी धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। बातचीत में सन्तुलित भी रहें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है।

**मीन** – आत्मविश्वास तो भरपूर रहेगा, परन्तु आत्मसंयत रहें। अपनी भावनाओं को वश में रखें। पिता का साथ मिलेगा। किसी रुके धन की प्राप्ति हो सकती है।

## शब्द पहेली - 5632



**बाएँ से दाएँ**
1.महीन व कीमती कपड़ा-4
3.गिरवी रखी वस्तु-3
5.चहा,पेय पदार्थ-2
6.ऐयार,गुप्तचर-3
7.संध्या,सांझ-2
9.रसद,किराणा सामग्री-3
11.करामात,करतब-5
14.विक्रय स्थल-3
16.कलाकार-4
17.चाहत,लगन-2
18.सद्,अच्छा-2
19.लंबा कोट-4
23.पानी की बूंद-3
24.कमर में पहना जाने वाला आभूषण-5
27.लोभ,लालसा-3
28.दौड़ना(अंग्रेजी-2)
30.रेखा,लाइन-3
31.अकुवा,आकड़ा-2
32.अव्यवस्थित भीड़-3
33.अचानक,सहसा-4

**ऊपर से नीचे**
1.शराब-2
2.सम्राट,शहंशाह-4
3.सांभर जैसा खाद्य-3
4.सरुर, मद-2
5.चापलूस-4
6.प्राण, जीवन तत्व-2
8.चिंतन-3
10.भद्र, कुलीन-3
12.अपराध-3
13.पिता का भाई-2
15.यात्री दल-3
17.प्रेम लगन-3
18.भ्रमर,जलावर्त-3
20.चमड़ी,त्वचा-2
21.अनुकृति-3
22.आर्द्रक-4
23.कटि,मध्यांग-3
25.हठ करना, जिद करना,रोना-4
26.साजन,सनम-3
27.थूक,लेस-2
29.भीगा हुआ-2
31.उम्मीद,आशा-2

### शब्द पहेली- 5631 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | स | ह | का | रि | ता | | अ | चा | न | क |
| हा | र | | य | | ना | वि | क | | त | र |
| थ | | त | र | जु | मा | | ल | ता | | दा |
| मा | कू | ल | | | र | थ | | क | वि | ता |
| र | | घ | | फ | ना | | खा | | र | |
| ना | म | र | ख | ना | | रा | ज | म | ह | ल |
| | थ | | त | | मो | ह | | ह | | प |
| क | ना | त | | रा | ह | | | क | पा | ल |
| र | | ना | प | | त | म | क | ना | | पा |
| ता | ना | | ली | ड | र | | थ | | का | ना |
| र | च | यि | ता | | मा | ख | न | चो | र | |

## सूडोकू नवताल - 5643

★★★★☆ कठिन

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | | | | | 1 | 9 | | |
| | | | | | | 8 | 5 | |
| | | | 7 | 3 | | | | |
| | | | 3 | | | | 4 | 7 |
| 9 | | | | | | | | 2 |
| 8 | 5 | | | | 6 | | | |
| | | | | 5 | 8 | | | |
| | 7 | 4 | | | | | | |
| | | 6 | 2 | | | | | 5 |

MANGAL SENACHA, BANGA_ORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकू नवताल - 5642 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 4 | 5 | 6 | 9 | 8 | 1 | 7 | 3 |
| 1 | 7 | 6 | 4 | 3 | 5 | 8 | 2 | 9 |
| 3 | 8 | 9 | 1 | 2 | 7 | 6 | 5 | 4 |
| 9 | 1 | 7 | 3 | 6 | 2 | 4 | 8 | 5 |
| 5 | 6 | 3 | 8 | 7 | 4 | 9 | 1 | 2 |
| 4 | 2 | 8 | 5 | 1 | 9 | 3 | 6 | 7 |
| 7 | 3 | 1 | 9 | 5 | 6 | 2 | 4 | 8 |
| 8 | 9 | 2 | 7 | 4 | 1 | 5 | 3 | 6 |
| 6 | 5 | 4 | 2 | 8 | 3 | 7 | 9 | 1 |



# ट्विंकल संग शादी के बारे में कभी नहीं सोचा था

**मुंबई।** बॉलीवुड के खिलाड़ी कुमार यानी अक्षय कुमार ने अपने अब तक के करियर में तमाम हिट फिल्में दी हैं। हालांकि, पिछले कुछ सालों से एक्टर अपनी प्रोफेशनल लाइफ में काफी चुनौतियों का सामना कर रहे है बावजूद इसके वे फैंस के दिलों पर राज करते हैं। वहीं अक्षय अपनी पर्सनल लाइफ में काफी खुश हैं। उन्होंने एक्ट्रेस टर्न राइटर ट्विंकल खन्ना से शादी की है और इनकी मैरिड लाइफ को 23 साल हो गए हैं। शादी के इतने साल बाद भी अक्षय और ट्विंकल अक्सर रोमांस करते हुए कपल गोल सेट करते नजर आते हैं। हालांकि, अक्षय ने कभी नहीं सोचा था कि वह भारतीय सिनेमा के पहले सुपरस्टार राजेश खन्ना की बेटी ट्विंकल खन्ना से शादी करेंगे।

## लाइफ Style



# कंगना

## शूटिंग के बीच सैफ अली खान पर भड़की थीं

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

एक्टर सैफ अली खान अपनी फिल्म 'देवरा' को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। इसी बीच हम आपके लिए एक्टर का वो किस्सा लेकर आए हैं। जब कंगना रनौत ने उन्हें भरे सेट पर डांट दिया था। दरअसल सैफ अली खान और कंगना रनौत एक साथ फिल्म 'रंगून' में काम किया था। जो साल 2017 में रिलीज हुई थी।

इस फिल्म में सैफ और कंगना के साथ शाहिद कपूर भी नजर आए थे। हालांकि, तीन बड़े स्टार होने के बावजूद भी ये फिल्म बॉक्स ऑफिस पर बुरी तरह से पिटी थी। लेकिन इसके सेट पर कुछ सैफ और कंगना के बीच कुछ ऐसा हुआ था। जो आज भी याद किया जाता है। दरअसल जब दोनों एक सीरियर सीन की शूटिंग कर रहे थे तो सैफ काफी फनी फेस बना रहे थे। जिसे देख कंगना अपना आपा खो बैठी और सैफ पर भड़क उठी। कंगना ने सैफ पर गुस्सा करते हुए कहा कि, 'ये क्या है सैफ, हम एक फिल्म की शूटिंग कर रहे हैं, इसे जरा सीरियली लीजिए। मजाक मत कीजिए, ये जरूरी सीन है।'

खबरों के अनुसार कंगना और सैफ के बीच विवाद ना बढ़े, इसलिए डायरेक्टर विशाल भारद्वाज ने आकर बीच-बचाव किया। साथ ही कंगना को समझाया कि सैफ सिर्फ मजाक कर रहे थे। बता दें कि कंगना रनौत इन दिनों अपनी फिल्म 'इमरजेंसी'को लेकर चर्चा में बनी हुई हैं। जिसमें वो पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के किरदार में नजर आएंगी। वहीं सैफ अली खान बहुत जल्द जाह्नवी कपूर और जूनियर एनटीआर के साथ साउथ की फिल्म 'देवरा'में नजर आएंगे। जिसका हाल ही में ट्रेलर रिलीज किया गया है।

## हॉलीवुड मसाला



# 'वेनम-द लास्ट डांस' का ट्रेलर जारी

**लॉस एंजिल्स।** 'वेनमः द लास्ट डांस' का नया रोमांचकारी ट्रेलर रिलीज हो गया है। टॉम हार्डी अपनी एंटी-हीरो गाथा की तीसरी किस्त में एडी ब्रॉक के रूप में वापस आ गए हैं। इस किस्त के साथ फ्रेंचाइजी का समापन हो जाएगा, जिस कारण दर्शकों के बीच इस किस्त के लिए और उत्साह देखने को मिल रहा है। ट्रेलर में सिंबियोट्स एक रहस्यमय प्राणी से भाग रहे हैं। टॉम हार्डी का एडी ब्रॉक यात्रियों से भरे विमान में एक एलियन जैसे राक्षस से लड़ता है और बाद में वेनम ब्रॉक को बताता है कि एलियन को उसके मालिक ने भेजा था।



# वीर दास होस्ट करेंगे एमी अवॉर्ड 2024

**मुंबई।** अपनी कॉमेडी और एक्टिंग से फेमस वीर दास ने फैंस को एक ऐसी गुड न्यूज सुनाई है कि सभी खुशी से झूम उठेंगे। वो न्यूयॉर्क में होने वाले इंटरनेशनल एमी अवॉर्ड को होस्ट करेंगे। ऐसा करने वाले वो पहले भारतीय हैं। उन्होंने सभी का आभार जताया है और अपनी एक्साइटमेंट भी जाहिर की है। दीपिका पादुकोण से लेकर प्रियंका चोपड़ा तक, कई बॉलीवुड हस्तियां कान फिल्म फेस्टिवल से लेकर ऑस्कर तक में शिरकत कर भारत का मान बढ़ाती हैं। अब कॉमेडियन-एक्टर वीर दास ने भी सभी का सीना गर्व से चौड़ा कर दिया है। वो इंटरनेशनल एमी अवॉर्ड शो 2024 को होस्ट करेंगे और ऐसा करने वाले वो पहले भारतीय हैं। उन्होंने इस सम्मान के लिए आभार जताया और कहा कि वो बहुत ज्यादा एक्साइटेड हैं। वीर ने स्टैंड-अप कॉमेडी में अपना करियर शुरू किया। भारत और विदेशों में कई जगहों पर परफॉर्म किया।



# किंग खान की लकी चार्म हैं दीपिका

**मुंबई।** सुपरस्टार शाहरुख खान के दिल की रानी उनकी वाइफ गौरी खान हैं। लेकिन, फिल्मों को लेकर लकी चार्म वो गौरी को नहीं, बल्कि इस एक्ट्रेस को मानते हैं, जिनके साथ कई हिट दी हैं। बॉलीवुड एक्टर शाहरुख खान की पिछले कई सालों से बैक टू बैक फिल्में फ्लॉप हो रही थीं लेकिन 'पठान' (2023) से उनकी जबरदस्त वापसी हुई। इस फिल्म में उनकी लीड एक्ट्रेस दीपिका पादुकोण ही थीं और फिल्म की ऐसी कामयाबी का श्रेय शाहरुख ने दीपिका को दे दिया था। फिल्म पठान की सक्सेस के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस रखी गई थी, जिसमें शाहरुख खान ने दीपिका के लिए कहा था, 'मेरे लिए घर पर मेरी लकी चार्म मेरी वाइफ गौरी और बच्चे हैं। वहीं, फिल्मों में मेरी लकी चार्म दीपिका हैं। पिछले कई सालों से मैं फिल्मों में कुछ एक्सपेरिमेंट कर रहा था, लेकिन सफल नहीं हुआ फिर दीपिका मेरे साथ 'पठान' करने को तैयार हुईं और रिजल्ट आपके सामने है।'



# करण जौहर की फिल्म को किया था मना

**नई दिल्ली।** सिद्धांत ने कॉलेज से थिएटर और प्ले में एक्टिंग करना शुरू कर दिया था। कॉलेज में पॉपुलर फेस कंटेस्ट जीतने के बाद सिद्धांत ने अपने सीए फाइनल के एग्जाम छोड़कर ऑडिशन देना शुरू कर दिया था. उन्होंने करण जौहर के प्रोडक्शन में बन रही ब्रह्मास्त्र का ऑडिशन भी क्लियर कर लिया था, लेकिन बाद में पिता की सलाह के बाद उन्होंने इस फिल्म में काम करने से मना कर दिया था। जबकि उन्हें तीन फिल्मों का कॉन्ट्रैक्ट ऑफर किया गया था मगर उन्होंने मना कर दिया। एक इंटरव्यू में सिद्धांत ने बताया कि कैसे उनके पापा ने ब्रह्मास्त्र में काम करने से मना किया था। वो उस समय स्क्रिप्ट लिख रहे थे और मैं बहुत एक्साइटेड था। लेकिन, मेरे पिता ने मुझे ये नहीं करने दिया। उन्होंने कहा- तुम इससे बहुत बेटर हो। आज भी वह मुझे पुश करते हैं।

## टीवी मसाला




# 'बिग बॉस 18' में एक-दूसरे से टकराएंगे ये सेलेब्स!

**नई दिल्ली।** बहुत जल्द सलमान खान का सबसे पॉपुलर टीवी शो 'बिग बॉस 18' कलर्स पर दस्तक देने जा रहा है। ऐसे में इसमें शामिल होने वाली कंटेस्टेंट के भी नाम सामने आने शुरू हो गए हैं। इस लिस्ट का पहला नाम टीवी एक्टर शीजान खान का है। जो एक्ट्रेस तुनीषा शर्मा की आत्महत्या के बाद काफी विवादों में रहे थे। टीवी के फेमस शो 'ये हैं मोहब्बतें'में नजर आ चुके एक्टर करण पटेल का भी नाम बिग बॉस 18 के लिए सामने आ रहा है। सुरभि ज्योति - 'कुबूल है' और 'नागिन जैसे शोज में अपनी एक्टिंग से लोगों का दिल जीत चुकी एक्ट्रेस सुरभि ज्योति भी बिग बॉस 18 में हिस्सा ले सकती हैं। खबरें ये भी हैं कि इस बार शो में सोशल मीडिया स्टार जैन सैफ भी नजर आएंगी। इनके अलावा सोशल मीडिया सेंसेशन डॉली चायवाला वाला का नाम भी बिग बॉस 18 की लिस्ट में शामिल है। ये एक फेमस सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर हैं। बिग बॉस 18 के लिए बंगाल की जानी-मानी टीवी एक्ट्रेस और टीएमसी की पूर्व सांसद रही नुसरत जहां का नाम भी सामने आया है। इस बार शो में टीवी एक्ट्रेस दलजीत कौर भी हिस्सा लेने जा रही हैं। जो अपनी दूसरी शादी टूटने को लेकर काफी दिनों से चर्चा में हैं।

# बप्पा के पंडाल में सिमरन को करना पड़ा बदसलूकी का सामना

**मुंबई।** टीवी अभिनेत्री सिमरन बुधरूप हाल ही में लालबागचा राजा पंडाल में अपनी मां के साथ पहुंची थी, जहां उन्हें काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। सिमरन बुधरूप ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर पोस्ट साझा करते हुए पंडाल में अपने खराब अनुभव के बारे में बताया। उन्होंने लिखा कि पंडाल में बप्पा के दर्शन करना निराशाजनक अनुभव रहा। मैं अपनी मां के साथ आशीर्वाद लेने के लिए लालबाग चा राजा गईं, मगर कर्मचारियों के बर्ताव ने चीजें खराब कर दी। सिमरन ने बताया कि वहां एक बाउंसर ने फोटो खींच रही मेरी मां के हाथ से फोन छीन लिया। मां ने अपना फोन वापस लेने की कोशिश की तो उन्हें धक्का मारा गया। इसके बाद मैं मामले में कूदी तो महिला बाउंसरों ने मेरे साथ भी बदसलूकी की। फिर मैंने उनकी इस हरकत को रिकॉर्ड करना शुरू किया तो उन्होंने मेरा भी फोन छीनने की कोशिश की। सिमरन ने आगे लिखा कि जब उन लोगों को मालूम हुआ कि वो एक अभिनेत्री हैं, तब जाकर वे पीछे हटे।



# शाहरुख से भी महंगे घर में रहेंगी

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड अदाकारा सोनम कपूर अपने पति और रईस बिजनेसमैन आनंद आहूजा के साथ लंदन में एक आलीशान घर में रहती हैं। हालांकि अब रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कि सोनम और आनंद जल्द ही एक नए आलीशान महल में शिफ्ट होने वाले हैं। विभिन्न मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक शाहरुख के 'मन्नत' की कीमत 200 करोड़ रुपए है। वहीं, सोनम के नए घर की कीमत इससे 26 करोड़ रुपए ज्यादा है। दरअसल, सोनम के ससुर और आनंद के पिता हरीश आहूजा ने लंदन में ही करोड़ों की कीमत की एक नई प्रॉपर्टी खरीदी है। खबरें है कि इसमें सोनम और आनंद जल्द ही शिफ्ट होने जा रहे हैं। सोनम के ससुर हरीश आहूजा ने इसी साल जुलाई में ये प्रॉपर्टी खरीदी थी। हरीश आहूजा ने जुलाई में आठ मंजिला रेजिडेन्शियल कॉन्वेंट खरीदा था। ये घर नॉटिंग हिल में केनसिंगटोन गार्डनस से थोड़ी दूरी पर ही स्थित है। हरीश आहूजा ने इस आलीशान प्रॉपर्टी के लिए 226 करोड़ रुपए (27 मिलियन डॉलर) का भुगतान किया है। गौरतलब है कि सोनम कपूर और आनंद आहूजा का ये नया घर बॉलीवुड एक्टर शाहरुख खान के घर से भी ज्यादा महंगा है। शाहरुख खान का घर 'मन्नत' काफी पॉपुलर है। विभिन्न मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक शाहरुख के 'मन्नत' की कीमत 200 करोड़ रुपए है। वहीं, सोनम के नए घर की कीमत इससे 26 करोड़ रुपए ज्यादा है।



# एक्शन-थ्रिलर से भरपूर होगी शाहिद-तृप्ति की फिल्म

मुंबई। निर्माता साजिद नाडियाडवाला इन दिनों अपनी आगामी फिल्म सिकंदर को लेकर चर्चा में हैं, जिसमें सलमान खान मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। वहीं, शुक्रवार को साजिद ने अपनी एक और एक्शन-थ्रिलर फिल्म की घोषणा अपने सोशल मीडिया अकाउंट इंस्टाग्राम पर की है। इस फिल्म में पहली बार शाहिद कपूर और तृप्ति डिमरी की जोड़ी नजर आएगी। इस फिल्म का निर्देशन विशाल भारद्वाज करेंगे। 13 सितंबर को साजिद नाडियाडवाला ग्रैंडसन के आधिकारिक इंस्टाग्राम पेज ने उनके आगामी प्रोजेक्ट की आधिकारिक घोषणा पोस्ट की। साजिद नाडियाडवाला द्वारा समर्थित और विशाल भारद्वाज द्वारा निर्देशित, इस फिल्म में शाहिद कपूर और तृप्ति डिमरी मुख्य भूमिकाओं में नजर आएंगे। साजिद ने पोस्ट में अपनी, तृप्ति, विशाल और शाहिद की तस्वीर का एक कोलाज साझा किया। और पोस्ट पर लिखा, 'मैं बेहद ही उत्साहित हूं अपने प्रतिभाशाली निर्देशक और मेरे प्रिय मित्र विश्ला भारद्वाज के साथ जुड़ने के लिए। साथ ही पावरहाउस अभिनेता शाहिद कपूर के साथ मिलकर काम करने के लिए बेहद रोमांचित हूं।



# 'तुम ही हो' होगी रोमांटिक फिल्म दिखेगी सिद्धांत-मृणाल की जोड़ी

**मुंबई।** निर्देशक संजय लीला भंसाली अपने बेहतरीन निर्देशन के लिए जाने जाते हैं। संजय की कुछ समय पहले वेब सीरीज हीरामंडी रिलीज हुई थी। इस वेब सीरीज ने सोशल मीडिया पर जमकर सुर्खियां बटोरीं। मीडिया रिपोर्ट्स से मिली जानकारी के अनुसार, अब संजय एक म्यूजिक आधारित प्रेम कहानी लेकर आ रहे हैं। इस फिल्म में सिद्धांत चतुर्वेदी और मृणाल ठाकुर की रोमांटिक जोड़ी देखने को मिलेगी। संजय की आगामी फिल्म का शीर्षक 'तुम ही हो' हो सकता है। फिल्म एक प्रेम कहानी पर आधारित होगी। हालांकि, निर्माताओं ने इस फिल्म को लेकर किसी भी प्रकार की कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस फिल्म की शूटिंग मई 2023 से शुरू हो चुकी है। फिल्मांकन का अगला शेड्यूल उत्तराखंड के खूबसूरत राज्य में होगा। टीम सितंबर के आखिर में उत्तराखंड जाएगी और शूटिंग के अगले चरण के लिए अक्टूबर में कुछ समय के लिए वहीं रुकेगी। सिद्धांत और मृणाल बाकी टीम के साथ वहां शूटिंग में शामिल होंगे।



## अमोल की पहली हिंदी फिल्म के 50 साल पूरे, लगातार तीन फिल्मों ने मनाई थी जुबली

# एंग्री यंगमैन के दौर में खूब भाया ये बॉय नेक्स्ट टूर

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

फिल्म 'रजनीगंधा' की रिलीज को 50 साल पूरे हो गए हैं। गोल्डन जुबली मना रही यह फिल्म जब रिलीज हुई थी तो इसकी महक भी खूब बिखरी। यह फिल्म मन्नू भंडारी की कहानी 'सच यही है' पर बनाई गई थी। इसी फिल्म के जरिए अमोल पालेकर ने हिंदी सिनेमा में डेब्यू किया था। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर जबर्दस्त रही और सिनेमाघरों में फिल्म ने सिल्वर जुबली मनाई थी। यह भी दिलचस्प है कि अमोल पालेकर हिंदी फिल्म इंडस्ट्री के ऐसे इकलौते एक्टर हैं, जिनकी लगातार तीन फिल्मों ने सिल्वर जुबली मनाई। पहली फिल्म 'रजनीगंधा' के बाद 'छोटी सी बात' और 'चितचोर' ने भी सिल्वर जुबली मनाई थी।



### अमिताभ बच्चन के साथ बनाने की थी योजना

बासु चटर्जी ने इस फिल्म का निर्देशन किया था। दिलचस्प है कि बासु चटर्जी पहले इस फिल्म को अमिताभ बच्चन, शशि कपूर और शर्मिला टैगोर के साथ बनाना चाहते थे। फिर उनका मन बदला और वे अपर्णा सेन के पास पहुंचे, लेकिन उनकी फीस बहुत ज्यादा थी। इसके बाद उन्होंने नए सितारों के साथ यह फिल्म बनाने का फैसला लिया। लिहाजा, अमोल पालेकर और विद्या सिन्हा को फिल्म में लिया गया। यह उनकी डेब्यू फिल्म थी। कहा जाता है कि शुरुआत में इस फिल्म से वितरक हाथ खींच रहे थे। लेकिन, जब यह फिल्म सिनेमाघरों में लगी तो छा गई और सिल्वर जुबली फिल्म साबित हुई।

### मिला था बेस्ट फिल्म का फिल्मफेयर

'रजनीगंधा' वर्ष 1974 की सबसे ज्यादा कमाऊ फिल्मों में शामिल है। वर्ष 1975 में 'रजनीगंधा' को बेस्ट फिल्म का फिल्मफेयर मिला था। इस फिल्म में धर्मेंद्र और सायरा बानो कैमियो भूमिका में नजर आए थे। दरअसल, फिल्म के दोनों लीड एक्टर ही सिनेमा में नए आवंतुक थे। इसी तरह धर्मेंद्र फिल्म 'छोटी सी बात' (1976) में भी हेमा मालिनी के साथ कैमियो भूमिका में दिखे। वे 'जानेमन जानेमन' गाने में नजर आए थे, जो मुख्य रूप से विद्या सिन्हा और अमोल पर फिल्माया गया था।



### खूब हिट रहे फिल्म के गाने

इस फिल्म की रिलीज के वक्त आलम यह था कि बासु चटर्जी को फिल्म के लिए कोई वितरक नहीं मिल रहा था, इसलिए उन्होंने इसे मुंबई के आकाशवाणी सिनेमा में प्रदर्शित किया। इस फिल्म के दोनों गाने 'रजनीगंधा फूल तुम्हारे' और 'कई बार यूं ही देखा है' खूब हिट रहे। 'रजनीगंधा फूल तुम्हारे' तो बेहद लोकप्रिय रहा। इस गाने को लता मंगेशकर ने गाया था। इसके बोल योगेश ने लिखे थे। 'कई बार यूं ही देखा है' गाने के लिए मुकेश को बेस्ट मेल प्लेबैक सिंगर का राष्ट्रीय पुरस्कार मिला था।

## खबर संक्षेप

### इलाज के नाम ठगी, गिरफ्तार

**भिलाई।** इलाज के नाम पर ठगी करने वाले दो युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। युवकों के खिलाफ पुलिस ने धारा 420,34 के तहत जुर्म दर्ज किया है। सीएसपी हरिश पाटिल ने बताया कि वर्ष 2023 में दो युवकों द्वारा उपचार करने के नाम पर पीड़ित से 70 हजार रूपये का ठगी कर लिया था. जिसकी शिकायत छावनी पुलिस थाने में किया गया। थाना प्रभारी छावनी चेतन सिंह चन्द्राकर के नेतृत्व में आरोपी को पकड़ने पतासाजी की गई।

### युवक का अपहरण कर मारपीट, चार गिरफ्तार

**भिलाई।** कार में जबरन बिठाकर अपहरण कर ले जाने वाले चार युवको को पुलिस ने चंद घटों में गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने धारा 140(3),127 (2),296,351 (3),115(2),3 (5) बीएनएस 25 आर्म्स एक्ट के तहत जुर्म दर्ज किया है। सीएसपी हरिश पाटिल ने बताया कि 11 सितंबर की रात ग्राम उमदा निवासी हेमन्त चंद्राकर उर्फ भोला अपने जीजा के साथ बस्ती में एक्सीडेंट होकर गिर पड़ा। इस दौरान गांव वालों को हेमंत गाली गलौज कर रहा था। पीड़ित अपने साथी जतीन देवांगन और गांव के कुछ लोगो के साथ मिलकर समझाया था। इसी बात को लेकर दूसरे दिन दोपहर को हेमन्त चंद्राकर अपने दोस्त हथखोज संजय यादव, कैम्प 2 बैंकुठधाम सूरज गवांडे, घासीदास नगर जामुल सीताराम राजू उर्फ राजू के साथ कार सीजी 04-एच 4153 से ग्राम उमदा सांस्कृतिक भवन के पास पहुचा।

# शिक्षक की मांग को लेकर बच्चों सहित पालकों ने स्कूल के गेट में जड़ा ताला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

नए शिक्षण सत्र को शुरू हुए दो माह से अधिक हो गया है। बावजूद शिक्षा विभाग की उदासीनता के चलते स्कूलों में शिक्षकों की पर्याप्त व्यवस्था नहीं हो पाई है। यही कारण है कि शिक्षकों की कमी के चलते आए दिन स्कूलों में तालाबंदी हो रही है। शुक्रवार को महासमुंद ब्लॉक के सिनोधा में शिक्षक की मांग को लेकर शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला में पालकों और विद्यार्थियों ने स्कूल में ताला जड़ दिया। बता दें कि नए शिक्षण सत्र के प्रारंभ होने से पूर्व शासन द्वारा स्कूलों में शिक्षक सहित अन्य व्यवस्था दुरुस्त करने तमाम निर्देश दिए जाते हैं, बावजूद इन निदेशों का पालन जमीनी स्तर पर कितना होता है, यह स्कूल खुलने के बाद पता चलता है। जिले में नए शिक्षण सत्र शुरू हुए दो माह से अधिक का समय बीत गया है। लेकिन, इन दो माह में स्कूलों में शिक्षक की कमी को लेकर स्कूलों में तालाबंदी सहित शिकायत और प्रदर्शन के कई मामले सामने आते रहे है। इधर, इतने दिन बीत जाने के बाद भी स्कूलों में शिक्षकीय व्यवस्था दुरुस्त नहीं हो पाई है। मालूम हो कि शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला सिनोधा में कक्षा 6 वीं से लेकर 8 वीं तक 71 विद्यार्थी अध्ययनरत हैं। जिन्हें पढ़ाने के लिए एक प्रधान पाठक एवं दो शिक्षक पदस्थ थे। लेकिन, वर्ष 2018 में शिक्षा विभाग ने एक शिक्षिका को बृजराज पाठशाला महासमुंद में अटैच कर दिया और शिक्षक की सेलरी आज भी सिनोधा स्कूल से निकाली जा रही है। तब से लेकर आज तक सिनोधा स्कूल में एक प्रधानपाठक व एक शिक्षक के भरोसे बच्चे पढ़ाई कर रहे हैं।

### एक प्रधानपाठक व एक शिक्षक के भरोसे सिनोधा का मीडिल स्कूल

#### तीन दिवस का दिया गया था अल्टीमेटम

नियमानुसार पूर्व माध्यमिक शाला में एक प्रधानपाठक व तीन शिक्षक की पदस्थापना करने का नियम है। लंबे समय से स्कूल में शिक्षक की कमी को लेकर पालकों ने 11 सितंबर को ब्लॉक शिक्षाधिकारी को तत्काल बृजराज शाला में अटैच शिक्षिका को अपनी मूल शाला में भेजने के संबंध में ज्ञापन सौंपते हुए तीन दिवस का समय दिया था। इस अवधि में शिक्षिका की उपस्थिति न होने पर शुक्रवार को शाला में ताला बंदी करने की चेतावनी भी दी थी।



#### आदेश के बाद भी नहीं दी उपस्थिति

जानकारी के अनुसार जन चौपाल में शिकायत के बाद 27 अगस्त को जिला शिक्षा अधिकारी ने बृजराज पाठशाला में अटैच शिक्षिका श्रीमती स्वाति चन्द्राकर को शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला सिनोधा में उपस्थिति देने का आदेश जारी किया था। लेकिन, शिक्षिका ने वहां उपस्थिति नहीं दीं। मामले में बीईओ लीलाधर सिन्हा ने बताया कि जैसे ही स्कूल में तालाबंदी की खबर मिली।

### आगमन: बाघ बाघिन की चहलकदमी पर वन विभाग रख रहा है नजर

# भोरमदेव अभ्यारण में बाघ-बाघिन का बसेरा, 25 गांवों में मुनादी

हरिभूमि न्यूज ▶▶|कवर्धा

कबीरधाम जिले के भोरमदेव वन्यजीव अभ्यारण्य में लंबे समय बाद एक बार फिर बाघ-बाघिन की चहलकदमी व धमक दिखाई दी है। वन विभाग की माने तो पिछले एक महीने से बाघ भोरमदेव अभ्यारण में चहलकदमी करते नजर आ रहा है। जिसकी तस्वीरें भी वन विभाग के कैमरे में कैद हो रही है। खास बात ये है कि इस बार बाघ बाघिन जोड़े में भोरमदेव अभ्यारण पहुंचा है। अभ्यारण क्षेत्र में बाघ बाधिन की मौजूदगी का पता लगते ही वन विभाग ने भोरमदेव वाइल्ड वाइल्डलाइफ सैंक्चुरी से लगे लगभग 25 गांवों में बाघ बाघिन की मौजूदगी की जानकारी देते हुए लोगों को जंगल में नहीं जाने की मुनादी करा दी है। हालांकि अभी तक बाघ-बाघिन द्वारा किसी को नुकसान पहुंचाए जाने की खबर सामने नहीं आई है। वहीं वन विभाग भी बाघ-बाघिन की हर गतिविधियों में नजर रखे हुए है।



#### कई स्थानों पर लगाए गए कैमरे

वन विभाग से मिली जानकारी के अनुसार भोरमदेव अभ्यारण में पिछले एक महीने से बाघ और बाघिन की चहलकदमी देखने को मिल रही है। विभाग ने बाध-बाधिन की हर गतिविधियों और चहल कदमी में नजर रखने के लिए जगह-जगह ट्रैप कैमरा लगाया हुआ है। जिससे बाघ के जंगल में घूमने की कई तस्वीरें कैमरे में कैद हो रही है। कई जगहों पर बाघ के फूट प्रिंट भी मिले हैं। लगातार वन विभाग के अधिकारी, कर्मचारी बाघ के मूवमेंट पर नजर बनाए हुए हैं। वनमंडल अधिकारी शशि कुमार ने बताया कि भोरमदेव अभ्यारण्य के कोर रेंज में बाघ बाघिन का मूवमेंट की सूचना मिली है।

#### कान्हा पार्क से आते हैं बाघ

भोरमदेव अभ्यारण कान्हा नेशनल पार्क से लगा है। जहां काफी संख्या में बाघ मौजूद है। समय-समय पर बाघ विचरण करने या बाघिन अपने बच्चों को जन्म देने भोरमदेव अभ्यारण आती है। भोरमदेव अभ्यारण से भी बाघ बाघिन कान्हा जाते हैं। इस कारण यहां बाघों का मूवमेंट बना रहता है। इस बार दो साल बाद जोड़े में बाघ का मूवमेंट हुआ है। इससे पूर्व भी कई बार भोरमदेव अभ्यारण में बाघ की मौजूदगी देखी जा चुकी है।

# बीजेपी नेता की हत्या के मामले में कांग्रेसी नेता तोयनार सरपंच समेत दो गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बीजापुर पुलिस ने भाजपा नेता तिरुपति कटला की हत्या व नक्सल संलिप्तता में शामिल होने के आरोप में तोयनार सरपंच विजय पाल शाह मंडावी व येमैया जंगम को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। वहीं मामले में फरार एक अन्य आरोपी की तलाश की जा रही है। दोनों की गिरफ्तारी के बाद बीजापुर विधायक विक्रम शाह मंडावी ने प्रेसवार्ता कर पूरे मामले में भाजपा नेताओं के इशारे पर गिरफ्तारी का आरोप लगाया है। विधायक ने कहा कि नक्सल हमले के बाद घायल भाजपा नेता को अस्पताल पहुंचाने वाले की 6 महीने बाद उसी की हत्या में आरोपी बनाना राजनीतिक षड़यंत्र कर फंसाने का आरोप लगाया है। भाजपा नेता तिरुपति कटला की हत्या के आरोप में तोयनार सरपंच और कांग्रेस नेता विजय पाल शाह मंडावी और गांव के एक युवक की गिरफ्तारी को लेकर सियासत तेज हो गई है। विधायक मंडावी का कहना है कि घटना के बाद विजय पाल ने लहुलूहान तिरुपति कटला को मानवता दिखाते अस्पताल पहुंचाने वाहन का बंदोबस्त किया था।

- विधायक मंडावी ने कहा झूठे मामले में फंसाया गया

#### भाजपा नेता के शादी समारोह से लौटते समय की गई थी हत्या

जानकारी के मुताबिक तोयनार सरपंच विजय पाल मंडावी वर्ष 2018 से 2022 के बीच कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष के पद पर थे। वहीं 1 मार्च 2024 को जनपद पंचायत सदस्य और भाजपा नेता तिरुपति कटला एक शादी समारोह में शामिल होने के लिए तोयनर गए थे। जब तिरुपति कटला शादी से लौट रहे थे, तो नक्सलियों ने उनकी हत्या कर दी थी। नक्सली हमले में उनके घायल होने की जानकारी मिलने पर सरपंच विजय पाल मंडावी मौके पर पहुंचे। उन्होंने गाड़ी की व्यवस्था कर भाजपा नेता को अस्पताल भिजवाया था। जिनकी उपचार के दौरान मौत हो गई थी।


epaper : www.haribhoomi.com
हरिभूमि CLASSIFIED
Email : response.haribhoomi@gmail.com
आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से अदाणी पोर्ट्स को सर्वाधिक 1.37 प्रतिशत का नुकसान उठाना पड़ा। इसके बाद आईटीसी, भारती एयरटेल, एनटीपीसी, मारुति, एशियन पेंट्स, सन फार्मा, पावर ग्रिड, हिंदुस्तान यूनिलीवर और लार्सन एंड टुब्रो के शेयर भी गिरकर बंद हुए। इसके उलट बजाज फिनसर्व, बजाज फाइनेंस, इंडसइंड बैंक, टाटा स्टील, एक्सिस बैंक और टेक महिंद्रा के शेयरों में तेजी का रुख देखने को मिला।

### दर में कटौती की संभावनाएं

जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, पिछले सत्र में आई तेज उछाल के बाद बाजार ने राहत की सांस ली और लगभग स्थिर स्तर पर बंद हुआ। घरेलू खुदरा मुद्रास्फीति आरबीआई के तय दायरे के भीतर होने के बावजूद खाद्य कीमतों में तेजी रिजर्व बैंक को नीतिगत दर पर विवेकपूर्ण बने रहने के लिए प्रभावित कर सकती है। घरेलू बाजार में विदेशी संस्थागत निवेशकों की तरफ से अधिक खरीदारी आने और अमेरिकी बॉन्ड प्रतिफल में गिरावट ने अमेरिकी फेडरल रिजर्व के दर में कटौती की संभावनाओं को बढ़ा दिया है। इससे घरेलू निवेशकों की धारणा को बल मिलेगा। गुरुवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक, अगस्त में खुदरा मुद्रास्फीति 3.65 प्रतिशत रही।




### पहली बार 83 हजार का आंकड़ा पार

शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, एफआईआई ने गुरुवार को 7,695 करोड़ रुपए मूल्य के शेयरों की शुद्ध खरीद की। बीएसई सेंसेक्स गुरुवार को कारोबार के दौरान पहली बार 83,000 के स्तर को पार करने के बाद 1,439.55 अंक उछलकर 82,962.71 के रिकॉर्ड स्तर पर बंद हुआ था। एनएसई निफ्टी भी 470.45 अंक बढ़कर 25,388.90 के रिकॉर्ड बंद स्तर पर बंद हुआ था।

### अन्य बाजारों में भी गिरावट

एशिया के अन्य बाजारों में जापान का निक्की और चीन का शंघाई कंपोजिट गिरकर बंद हुए जबकि दक्षिण कोरिया का कॉस्पी एवं हांगकांग का हैंगसेंग बढ़त पर रहा। यूरोपीय बाजार बढ़त के साथ कारोबार कर रहे थे। अमेरिकी बाजार बृहस्पतिवार को बढ़त के साथ बंद हुए थे।

### रुपया छह पैसे की बढ़त के साथ 83.90 पर बंद



अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले रुपया छह पैसे की तेजी के साथ 83.90 प्रति डॉलर पर बंद हुआ। विदेशी बाजार में डॉलर के कमजोर होने तथा विदेशी पूंजी प्रवाह के कारण रुपये को बल मिला। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि रुपये का कारोबार सीमित दायरे में रहा। भारतीय रिजर्व बैंक घरेलू मुद्रा पर मजबूत पकड़ बनाए हुए है। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा बाजार में रुपया 83.92 पर खुला और कारोबार के दौरान अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 83.85 के उच्चतम स्तर पर गया और 83.98 के निम्नतम स्तर तक आया। अंत में 83.90 पर बंद हुई, जो पिछले बंद भाव से छह पैसे अधिक है। रुपया बृहस्पतिवार को तीन पैसे की बढ़त के साथ 83.96 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था।

## चीन से रसायन आयात पर सब्सिडी रोधी शुल्क पांच साल के लिए बढ़ा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत ने घरेलू कंपनियों को संरक्षण देने के लिए कीटनाशकों में इस्तेमाल होने वाले एक चीनी रसायन पर लगाए गए सब्सिडी-रोधी शुल्क को अगले पांच साल के लिए बढ़ा दिया है। वाणिज्य मंत्रालय की जांच इकाई डीजीटीआर ने चीन से 'एट्राजीन टेक्निकल' रसायन के आयात पर लगा शुल्क जारी रखने की सिफारिश की थी। उसके बाद इसे पांच साल के लिए बढाने का निर्णय लिया गया है।"इस अधिसूचना के तहत लगाया गया प्रतिपूरक (सब्सिडी-रोधी) शुल्क इस अधिसूचना के प्रकाशन की तारीख से पांच साल की अवधि के लिए लगाया जाएगा। वित्त मंत्रालय ने इस आयातित उत्पाद पर 11.94 प्रतिशत तक का शुल्क लगाया है। वाणिज्य उपचार महानिदेशालय ने अपनी जांच में पाया था कि मौजूदा शुल्कों ने अधिक भारतीय उत्पादकों को बाजार में प्रवेश करने की अनुमति दी है और घरेलू उद्योग को अपनी क्षमता का विस्तार करने में मदद की है।



■ वित्त मंत्रालय ने इस आयातित उत्पाद पर 11.94 प्रतिशत तक का शुल्क लगाया

### सब्सिडी रोधी शुल्क लगाने का नियम

सब्सिडी वाले निर्यात से आयातक देश में उस उत्पाद की कीमत प्रभावित होती है, जिससे विनिर्माण कंपनियों के मार्जिन और मुनाफे पर असर पड़ता है। वैश्विक व्यापार मानदंडों के तहत कोई देश ऐसे आयातों पर प्रतिपूरक या सब्सिडी रोधी शुल्क लगा सकता है। इसके साथ ही वित्त मंत्रालय ने चीन और वियतनाम से वेल्डेड स्टेनलेस स्टील पाइप और ट्यूब के आयात पर सब्सिडी-रोधी शुल्क को भी पांच साल के लिए बढ़ा दिया है।

## पेंट की बीमारियों का मुख्य कारण खराब जीवनशैली : डॉ. विनोद

**रायपुर।** भाठागांव स्थित उर्मिला मेमोरियल हॉस्पिटल, छत्तीसगढ़ के स्वास्थ्य क्षेत्र में अपनी उत्कृष्टता और सेवा के लिए तेजी से लोकप्रिय हो रहा है। हॉस्पिटल में पेट से जुड़ी जटिल बीमारियों का इलाज 'की होल' पद्धति से किया जाता है। 150 बिस्तरों वाले इस सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल में गैस्ट्रो, यूरो, ओंको, कार्डियक और कैंसर संबंधित विशेषज्ञता मौजूद है। यहां सभी प्रकार की सर्जरी और चिकित्सा सेवाएं प्रदान की जाती हैं। हॉस्पिटल के डायरेक्टर और लेप्रोस्कोपिक सर्जन डॉ. विनोद कुमार सिंह ने 25,000 से अधिक सर्जरी की हैं, डॉ विनोद कुमार सिंह ने हरिभूमि के साथ एक विशेष बातचीत की। इस साक्षात्कार में डॉ. विनोद ने पेट की बीमारियों और उनके उपचार पर विस्तृत चर्चा की।

**प्रश्न - पेट दर्द के विभिन्न प्रकार होते हैं। यह कैसे पता करें कि यह साधारण दर्द है या गंभीर समस्या का संकेत?**

*उत्तर - पेट दर्द के विभिन्न कारण हो सकते हैं। इसका पता लगाने के लिए सोनोग्राफी, एंडोस्कोपी और सीटी स्कैन जैसी जांचें की जाती हैं। इन जांचों के आधार पर यह निर्धारित किया जाता है कि दर्द क्यों हो रहा है और उसका उपचार क्या होगा।*

**प्रश्न - बच्चों में पेट में संक्रमण के मुख्य कारण क्या हैं और इससे बचाव के उपाय क्या हैं?**

*उत्तर - बच्चों में पेट संक्रमण का मुख्य कारण सही आहार की कमी और कम इम्यूनिटी है। बच्चों को पोषक तत्वों से भरपूर आहार देना और उनकी इम्यूनिटी को मजबूत करना आवश्यक है।*



उर्मिला मेमोरियल हॉस्पिटल के डायरेक्टर से खास बातचीत

**प्रश्न - पेट के कैंसर के शुरुआती लक्षण क्या हैं और यह क्यों होता है?**

*उत्तर - पेट के कैंसर के शुरुआती लक्षणों में पेट में दर्द, खून की उल्टी और वजन में कमी शामिल हैं। यह बीमारी आमतौर पर अल्कोहल और नशीले पदार्थों के सेवन से होती है।*

**प्रश्न - पेट की समस्याओं से बचने के लिए कौन-कौन सी नियमित जांच करानी चाहिए?**

*उत्तर - साल में एक बार सोनोग्राफी कराना चाहिए और जिन लोगों को एसिडिटी की समस्या है, उन्हें एंडोस्कोपी करानी चाहिए।*

**प्रश्न - आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को हॉस्पिटल में कौन-कौन सी सुविधाएं मिलती हैं?**

*उत्तर - हमारे हॉस्पिटल में आयुष्मान भारत योजना, बीजू कार्ड और मुख्यमंत्री सहायता कोष के तहत इलाज की सुविधाएं प्रदान की जाती हैं। इसके अतिरिक्त उर्मिला फाउंडेशन के माध्यम से भी गरीब मरीजों को मुफ्त इलाज की सुविधा उपलब्ध है।*

## सेनको गोल्ड एंड डायमंड्स का 'अपरुपा' दुर्गा पूजा अभियान



**कोलकाता।** सेनको गोल्ड एंड डायमंड्स एक अग्रणी अखिल भारतीय आभूषण रिटेलर है, जिसे लगातार चौथे साल टीआरए द्वारा दूसरे सबसे भरोसेमंद आभूषण ब्रांड के रूप में सूचीबद्ध किया गया है। सेनको गोल्ड एंड डायमंड्स ने इस वर्ष दुर्गा पूजा के अवसर पर 'अपरूपा' नामक नए अभियान की घोषणा की है। इस अभियान का उद्देश्य न केवल मां दुर्गा की आंतरिक सुंदरता और शक्ति को सम्मानित करना है, बल्कि महिलाओं की सम्मान सुंदरता और शक्ति का उत्सव भी मनाना है।

सेनको गोल्ड एंड डायमंड्स की निदेशक और विपणन एवं डिजाइन प्रमुख जोइता सेन ने कहा कि हमारा अभियान दुर्गा पूजा के समय बंगाल की सांस्कृतिक समृद्धि, कारीगरी और महिला की आंतरिक सुंदरता का जश्न मनाता है। हमने हमारे ब्रांड एंबेसडर ईशा साहा, मधुमिता सरकार, सौरसेनी मइत्रा और स्वास्तिका दत्ता को शामिल किया है, जो विभिन्न प्रकार की महिलाओं और उनके अद्वितीय व्यक्तित्व का प्रतिनिधित्व करती हैं। इन आभूषणों के डिजाइन पारंपरिक और आधुनिकता के बीच संतुलन को प्रदर्शित करते हैं, जो हमारे अभियान की मूल भावना को उजागर करते हैं।

## 1200 रुपए बढ़ा सोने का भाव चांदी में दिखी 2000 की चमक



**नई दिल्ली।** सोने की कीमतों में उछाल का सिलसिला जारी है। मजबूत वैश्विक रुझानों के बीच शुक्रवार को घरेलू बाजारों में आभूषण विक्रेताओं की ओर से भी सोने की खरीदारी बढ़ी। इससे शुक्रवार को राष्ट्रीय राजधानी में सोने की कीमत में 1,200 रुपए बड़ा उछाल आया और यह उछलकर करीब दो महीने के उच्चतम स्तर 75,550 रुपए प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। गुरुवार को यह कीमती धातु 74,350 रुपए प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। औद्योगिक इकाइयों और सिक्का निर्माताओं की ओर से मांग बढ़ने से चांदी की कीमत भी लगातार चौथे सत्र में बढ़ी। चांदी में 2,000 रुपए का बड़ा उछाल दिखा और यह 89,000 रुपए प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई। गुरुवार को पिछले बंद भाव में यह सफेद धातु 87,000 रुपए प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। पिछले चार सत्रों में धातु 5,200 रुपए प्रति किलोग्राम चढ़ चुकी है।

## देश का विदेशी मुद्रा भंडार 689.24 अरब डॉलर के नए उच्च स्तर पर

एजेंसी ▶▶| मुंबई।

देश का विदेशी मुद्रा भंडार छह सितंबर को समाप्त सप्ताह में 5.25 अरब डॉलर बढ़कर 689.23 अरब डॉलर के नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। भारतीय रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को जारी आंकड़ों में यह जानकारी दी। इससे पिछले सप्ताह विदेशी मुद्रा भंडार 2.29 अरब डॉलर बढ़कर 683.99 अरब डॉलर हो गया था। रिजर्व बैंक के शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, छह सितंबर को समाप्त सप्ताह में मुद्रा भंडार का अहम हिस्सा मानी जाने वाली विदेशी मुद्रा आस्तियां 5.11 अरब डॉलर बढ़कर 604.14 अरब डॉलर हो गईं। डॉलर के संदर्भ में उल्लेखित विदेशी मुद्रा आस्तियों में विदेशी मुद्रा भंडार में रखे गए यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी मुद्राओं की घट-बढ़ का प्रभाव शामिल होता है।

## सरकार ने प्याज पर न्यूनतम निर्यात मूल्य हटाया



**नई दिल्ली।** सरकार ने प्याज के निर्यात के लिए पहले तय की गई न्यूनतम मूल्य सीमा शुक्रवार को हटा दी। इससे अंतरराष्ट्रीय बाजार में प्याज की अधिकता के बीच भारतीय किसानों को स्थितियों का लाभ उठाने में मदद मिलेगी। सरकार ने पहले न्यूनतम निर्यात मूल्य के तौर पर 550 डॉलर प्रति टन की सीमा तय की थी। इसका मतलब यह था कि किसान इस दर से कम कीमत पर अपनी उपज विदेश में नहीं बेच सकते थे। विदेश व्यापार महानिदेशालय ने एक अधिसूचना जारी कर तत्काल प्रभाव से न्यूनतम निर्यात मूल्य को हटा दिया। यह कदम महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव से पहले उठाया गया है, जो प्याज का प्रमुख उत्पादक राज्य है।

डॉ.वाशानी दर-दाँत गम पेंट
दर-दाँत (गम पेंट)®
बायो-डेंट गम पेंट, मुंह के छाले, दांत दर्द और जलन में लाभकारी यह आर्युवेदिक दवा है, यह हर्बल दवा 100 प्रतिशत सुरक्षित है
HMS देखकर खरीदें
94060-21769
असली केंदवा मलहम
दाद, खाज, खुजली, केंदवा के लिये।
ढक्कन पर केंदवा मलहम लिखा देखें।
रजि.नं. 573034बी देखकर खरीदें। ओरिजनल का होलोग्राम (हरि) देखकर खरीदें।

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्प्लेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311
Email:bsinghania111@yahoo.co.in
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Cente
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479
0771-4020411
www.makeoverraipur.com
त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

मोतियाबिंद
आयुष्मान कार्ड सुविधा
SBH साईं बाबा नेत्र हॉस्पिटल
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर ई.एन.टी. हॉस्पिटल (ISO 9001-2000 Certified)
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.)
फोन: 0771-4044551
समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

सुविधाएं : मेडिसिन, पॉलीट्रामा, बर्न एण्ड प्लास्टिक लप्रोस्कोपिक सर्जरी, जनरल सर्जरी, स्पाईन एण्ड न्यूरो सर्जरी, आर्थो, कैंसर (कीमोथैरेपी व सर्जरी), स्त्री रोग, जोड़ प्रत्यारोपण
पाल जी स्वास्तिक नर्सिंग होम
बर्न एण्ड पॉलीट्रामा सेंटर मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
(आयुष्मान भारत स्कीम के तहत नि:शुल्क ईलाज की सुविधा उपलब्ध)
श्यामनगर जल विहार कॉलोनी पानी टंकी के पास तेलीबांधा मरीन ड्राइव के पीछे
मो. 7991031330
मो. 0771-4347172

उपलब्ध विशेषताएं
• लेप्रोस्कॉपिक एवं जनरल सर्जरी
• जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी
• ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल)
• गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल (मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ई.रोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कॉपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलब्ध
OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

मनोरोग नशा उन्मूलन एवं यौन रोग विशेषज्ञ
प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक
मो. 9977247553
नया पता : शॉप नं. 119, प्रथम तल, लालगंगा मिडास, फाफाडीह, रायपुर
समय : सुबह 11.00 से शाम 5.00 बजे तक
सिरदर्द, मिर्गी, मानसिक तनाव, घबराहट, असामान्य व्यवहार, डिप्रेशन, शीर्ध पतन, आदि, हर माह के प्रथम रविवार को कवर्धा में 12.00 से 4.00 एवं 8.30 से 10.30 बेमेतरा में

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं।
* आयुष्मान कार्ड / राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव *
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन डॉ. रितेश रंजन (MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

सुविधाएं : पी.एफ.टी. ब्रांकोस्कोपी स्लीप स्टडी
डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
स्पेशलिस्ट : खासी, श्वॉस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद
गरचा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड, रायपुर
मो. 7999450384, 7042974029
समय : दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 7987119756, 9303508130

# ग्रेटर नोएडा को एफ1 ने दिलाई थीं सुर्खियां...13 साल बाद क्रिकेट स्टेडियम ने किया शर्मसार

एजेंसी ▶▶| ग्रेटर नोएडा

खेलों की बात करें तो अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ग्रेटर नोएडा का नाम 2011 में मजबूती से उभरा था। तब भारत में पहली बार फॉर्मूला-1 रेस 30 अक्टूबर, 2011 को ग्रेटर नोएडा के बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट पर कराई गई थी। लेकिन इसके 13 साल बाद जब यहां के शहीद विजय सिंह पथिक स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट की मेजबानी मिली तो अव्यवस्थाओं का अंबार दिखा। दरअसल, यहां अफगानिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच टेस्ट मैच शुक्रवार को रद्द हो गया। गीली आउटफील्ड और लगातार बारिश के कारण मैच की एक भी गेंद फेंकी नहीं जा सकी। दूसरी तरफ, सुविधाओं के अभाव ने हालात और बिगाड़ दिए। टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में ऐसी स्थिति महज 8वीं बार आई।



### अफगान-न्यूजीलैंड टेस्ट एक भी गेंद फेंके बगैर रद्द

अफगानिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच एकमात्र टेस्ट शुक्रवार को एक भी गेंद फेंके बगैर लगातार बारिश के कारण रद्द हो गया और टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में ऐसी स्थिति आठवीं बार आई है। टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में सात बार ही ऐसा हुआ है जब एक भी गेंद फेंके बिना मैच रद्द हुआ हो। पिछली बार ऐसा 26 साल पहले 1998 में हुआ था। उस समय भी न्यूजीलैंड टीम ही थी जिसे डुनेडिन में भारत से खेलना था। भारत में पहली बार कोई टेस्ट एक भी गेंद फेंके बगैर रद्द हुआ है।

### टेस्ट मैच जो एक भी गेंद फेंके बगैर रद्द

| टीमें | स्थान | वर्ष |
|---|---|---|
| इंग्लैंड/ऑस्ट्रेलिया | मैनचेस्टर | 1890 |
| इंग्लैंड/ऑस्ट्रेलिया | मैनचेस्टर | 1938 |
| ऑस्ट्रेलिया/इंग्लैंड | मेलबर्न | 1970 |
| न्यूजीलैंड/पाकिस्तान | डुनेडिन | 1989 |
| वेस्टइंडीज/इंग्लैंड | जॉर्जटाउन | 1990 |
| पाकिस्तान/जिम्बाब्वे | फैसलाबाद | 1998 |
| न्यूजीलैंड/भारत | डुनेडिन | 1998 |
| अफगानिस्तान/न्यूजीलैंड | ग्रेटर नोएडा | 2024 |





### मूलभूत सुविधाओं का अभाव

*एनसीआर में पिछले कई दिनों से लगातार बारिश हुई। इसका असर ग्रेटर नोएडा स्टेडियम भी दिखाई दिया। यहां मैच के दौरान मूलभूत सुविधाओं का अभाव, ग्राउंड कवर की कमी, खराब ड्रेनेज, कुशल मैदानकर्मियों की कमी दिखी। वहीं सुपर सोपर पर्याप्त संख्या में नहीं होने से समस्या दिखी। पहले दो दिन सूरज निकलने के बावजूद खिलाड़ियों की सुरक्षा को देखते हुए अंपायरों ने खेल नहीं कराने का फैसला लिया।*

### शामियाने से ढकी गई आउटफील्ड

*सूत्रों की माने तो ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने उत्तर प्रदेश क्रिकेट संघ से दो सुपर सोपर मांगे थे, जो मेरठ स्टेडियम से भेजे गए। दिन में विवाह में इस्तेमाल होने वाले पारंपरिक शामियाने का इस्तेमाल आउटफील्ड ढंकने के लिए किया गया और शाम को बरसाती लगाई गई। कोटला से डीडीसीए अधिकारियों ने आउटफील्ड कवर भेजे, लेकिन वह काफी नहीं थे। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के पास कुशल मैदानकर्मी भी नहीं थे, जिसकी वजह से मजदूरों को काम पर लगाया गया।*

## खबर संक्षेप



### अमेरिका डेविस कप के अंतिम आठ में पहुंचा

**जुहाई।** अमेरिका ने स्लोवाकिया के खिलाफ अपने दोनों एकल मैच जीतकर शुक्रवार को डेविस कप फाइनल्स के अंतिम आठ में अपनी जगह पक्की कर ली। ग्रुप-सी में अमेरिका की इस जीत के साथ ही जर्मनी में अंतिम आठ में पहुँचने में सफल रहा। मैकेंजी मैक्डोनाल्ड ने लुकास क्लेन के खिलाफ 6-4, 6-3 से जीत दर्ज कर अमेरिका को शानदार शुरुआत दिलायी तो वहीं डेविस कप में पदार्पण करने वाले ब्रैंडन नकाशिमा को भी जोजेफ कोवालिक के खिलाफ परेशानी का सामना नहीं करना पडा। नकाशिमा ने 6-3, 6-3 से आसान जीत दर्ज की।

### संन्यास ले चुके खिलाड़ी 'रीसेट' में करें आवेदन

**नई दिल्ली।** खेल मंत्री मनसुख मंडाविया ने शुक्रवार को देश भर के संन्यास ले चुके खिलाड़ियों से हाल में शुरू किए गए 'सेवानिवृत्त खिलाड़ी सशक्तिकरण प्रशिक्षण (रीसेट)' कार्यक्रम के लिए आवेदन करने और भारतीय खेल पारिस्थितिकी तंत्र में सक्रिय रूप से योगदान देने की अपील की। इस पहल की शुरुआत मंडाविया ने 29 अगस्त को राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर की थी। मंत्री ने कहा, 'रीसेट कार्यक्रम संन्यास ले चुके हमारे उन खिलाड़ियों को पहचान दिलाने और उन्हें सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है जिन्होंने अपनी उपलब्धियों से देश को गौरवान्वित किया है।'



### कनाडा, आस्ट्रेलिया और जर्मनी दूसरा मैच जीते

**मैनचेस्टर।** कनाडा, आस्ट्रेलिया और जर्मनी डेविस कप फाइनल्स में लगातार दूसरी जीत के साथ ग्रुप चरण में अपराजेय रहे हैं जबकि चेक गणराज्य के थॉमस मचाक लगातार दूसरे दिन घायल हो गए। कनाडा ने फिनलैंड को 3-0 से हराया जबकि आस्ट्रेलिया ने चेक गणराज्य को इसी अंतर से मात दी। जर्मनी ने चिली को 3-0 से हराया। चेक गणराज्य के थॉमस ने स्पेन के कार्लोस अल्काराज के खिलाफ भी चोटिल होकर कोर्ट छोड़ दिया था।



### भारत को एकल के लिए बालाजी पर भरोसा

**स्टाकहोम।** भारतीय डेविस कप टीम ने लगातार दूसरी बार एकल मुकाबले की जिम्मेदारी निभाने के लिए युगल विशेषज्ञ एन श्रीराम बालाजी पर भरोसा जताया है जो स्वीडन के खिलाफ विश्व ग्रुप एक के मैच में कप्तान रोहित राजपाल की अगुवाई वाली टीम का शुरुआती मैच खेलेंगे। भारतीय कप्तान ने टीम में दूसरे एकल खिलाड़ी के तौर पर रामकुमार रामनाथन को चुना है। इस साल की शुरुआत में पाकिस्तान में 'ग्रास कोर्ट' पर एकल में प्रतिस्पर्धा करने वाले बालाजी शनिवार को स्वीडन के शीर्ष खिलाड़ी एलियास यमेर (विश्व रैंकिंग 238) के खिलाफ मैच के साथ इस इनडोर मुकाबले की शुरुआत करेंगे।

## क्रिकेट : बांग्लादेश के खिलाफ श्रृंखला के लिए भारतीय टीम का अभ्यास शुरू

# कोहली ने की बल्लेबाजी, बुमराह ने जांची तेजी, गौतम की 'गंभीर' चर्चा

एजेंसी ▶▶| चेन्नई

एक महीने के ब्रेक के बाद भारतीय टीम ने बांग्लादेश के खिलाफ आगामी दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला के लिए अभ्यास शुरू कर दिया है और पहले अभ्यास सत्र में चैंपियन बल्लेबाज विराट कोहली ने नेट पर 45 मिनट बिताए जबकि तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने भी जमकर अभ्यास किया। बांग्लादेश के खिलाफ पहला टेस्ट 19 सितंबर से खेला जाएगा। कप्तान रोहित शर्मा, कोहली समेत पूरी टीम यहां एम ए चिदंबरम स्टेडियम पर एकत्र हुई।

नए गेंदबाजी कोच मोर्नी मोर्कल और सहायक कोच अभिषेक नायर भी मौजूद थे। बीसीसीआई ने पहले दिन के अभ्यास की तस्वीरें साझा करके लिखा, 'उलटी गिनती शुरू। टीम इंडिया ने रोमांचक घरेलू सत्र के लिए तैयारी शुरू कर दी।' तस्वीरों में दिखाया गया है कि पूरी टीम गंभीर, सहयोगी स्टाफ और कप्तान रोहित की बात ध्यान से सुन रही है। एक स्थानीय सूत्र ने बताया, 'विराट करीब 45 मिनट वहां था और बुमराह ने भी लगातार गेंदबाजी की।'



### सुबह ही पहुंचे खिलाड़ी

इससे पहले पीली जर्सी पहने रोहित सुरक्षाकर्मियों के घेरे में हवाई अड्डे से बाहर निकले जबकि विराट लंदन से सीधे तड़के यहां पहुंचे हैं। तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह, बल्लेबाज केएल राहुल, विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत गुरुवार को ही यहां पहुंच गए थे। खिलाड़ी एक महीने से अधिक के ब्रेक के बाद मैदान पर लौटेंगे। अगस्त में श्रीलंका के खिलाफ वनडे श्रृंखला में भारत को पराजय का सामना करना पड़ा था। नये कोच गौतम गंभीर के साथ यह पहली टेस्ट श्रृंखला है। बांग्लादेश ने हाल ही में पाकिस्तान को टेस्ट श्रृंखला में 2-0 से हराया है।

### टेस्ट डब्लूटीसी का हिस्सा

यह श्रृंखला विश्व टेस्ट चैंपियनशिप चक्र का हिस्सा है। भारत को इसके बाद न्यूजीलैंड से तीन टेस्ट मैचों की श्रृंखला और आस्ट्रेलिया में पांच मैचों की बॉर्डर गावस्कर श्रृंखला खेलनी है। भारत डब्लूटीसी में 68.52 प्रतिशत अंक लेकर शीर्ष पर है जबकि आस्ट्रेलिया 62.52 प्रतिशत अंक के साथ दूसरे स्थान पर है। बांग्लादेश 45.83 प्रतिशत अंक लेकर चौथे स्थान पर है। दूसरा टेस्ट 27 सितंबर से कानपुर में खेला जाएगा।

## फुटबॉल

# एआईएफएफ में आमूलचूल बदलाव करने का समय



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दिग्गज फुटबॉलर बाईचुंग भूटिया ने अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ में मौजूदा पदाधिकारियों को बर्खास्त करने की मांग करते हुए हाल के दिनों में राष्ट्रीय टीम के खराब प्रदर्शन के लिए राष्ट्रीय संस्था को जिम्मेदार ठहराया। भूटिया ने एआईएफएफ की कड़ी आलोचना करते हुए कहा कि भारतीय फुटबॉल के लिए रोडमैप के अभाव के कारण हाल ही में तीन देशों के इंटरकॉन्टिनेंटल कप में भारत को घरेलू धरती पर सीरिया (0-3) के हाथों शर्मनाक हार का सामना करना पड़ा और मॉरीशस (0-0) के खिलाफ मैच ड्रा रहा। पूर्व भारतीय कप्तान ने एआईएफएफ प्रशासन में आमूलचूल बदलाव की मांग की। उन्होंने कहा, 'मेरा मानना है कि यह अच्छा संकेत नहीं है। पिछले कुछ समय से हमारे प्रदर्शन में लगातार गिरावट आ रही है। हम पहले शीर्ष 100 में शामिल थे लेकिन अब 125वें स्थान पर खिसक गए हैं। मुझे लगता है कि फुटबॉल को एक नए शासी निकाय और चुनाव तथा नई शुरुआत की जरूरत है। नहीं तो फुटबॉल में हमारा स्तर लगातार गिर रहा है।'

### फुटबॉलर अनवर अली का निलंबन वापस



**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय को शुक्रवार को बताया गया कि अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ की 'प्लेयर्स स्टेटस कमेटी' भारत के डिफेंडर अनवर अली को निलंबित करने का अपना आदेश वापस ले लेगी। एआईएफएफ की ओर से पेश वकील ने न्यायमूर्ति संजीव नरूला के समक्ष कहा कि इस मुद्दे पर शनिवार को समिति द्वारा नए सिरे से विचार किया जाएगा और सभी पक्षों को सुनने के बाद 'विस्तृत आदेश' पारित किया जाएगा। अदालत पीएससी के फैसले के खिलाफ अली और उनकी वर्तमान टीम ईस्ट बंगाल और मूल क्लब दिल्ली एफसी की याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी।

## क्रिकेट

# स्टेडियमों के नवीनीकरण पर 12.8 अरब खर्च करेगा पीसीबी




एजेंसी ▶▶| कराची

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने अगले साल होने वाली आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी से पहले लाहौर, कराची और रावलपिंडी में स्टेडियमों के नवीनीकरण के लिए 12.8 अरब (पाकिस्तानी) रुपए आवंटित किए हैं। पीसीबी अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने यह जानकारी दी। फैसलाबाद में 'बोर्ड ऑफ गवर्नर्स' की बैठक में नकवी ने आश्वासन दिया कि तीनों स्थान चैंपियंस ट्रॉफी की मेजबानी के लिए समय पर तैयार हो जाएंगे। नकवी ने राशि के वितरण का विवरण देते हुए बताया कि 12.8 अरब में से 7.7 अरब रुपए लाहौर के गद्दाफी स्टेडियम के नवीनीकरण पर खर्च किए जा रहे हैं। नकवी के मुताबिक गद्दाफी स्टेडियम में फ्लड लाइट्स को बदलने के लिए 523 मिलियन रुपए खर्च किये जा रहे हैं जबकि दर्शकों के सीटों के लिए 375 मिलियन रुपए और बाहरी विकास कार्यों के लिए 93 मिलियन रुपए आवंटित किए गए हैं। पीसीबी इसके साथ ही कराची स्थित नेशनल स्टेडियम पर 3.5 अरब रुपए और रावलपिंडी स्टेडियम के नवीनीकरण पर 1.5 अरब रुपए खर्च कर रहा है।

### आजम का आत्मविश्वास डगमगाया : मोईन

**कराची।** पाकिस्तान के पूर्व टेस्ट कप्तान मोईन खान ने कहा है कि पिछले कुछ वर्षों में आजम खान के साथ जिस तरह का व्यवहार किया गया, उसके कारण उनके बेटे के आत्मविश्वास को ठेस पहुँची है। पाकिस्तान के इस पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज ने अपने बेटे के करियर को हुए नुकसान के लिए पूर्व पीसीबी अध्यक्ष रमीज राजा को जिम्मेदार ठहराया है। मोईन ने कहा कि अमेरिका में 2024 टी20 विश्व कप के दौरान पाकिस्तान द्वारा खेले गए सभी मैच देखने के बाद वह आत्मविश्वास से कह सकते हैं कि उनका बेटा विकेटकीपर बल्लेबाज की भूमिका के लिए सबसे उपयुक्त है।

### कोहली और स्मिथ में दिखेगी प्रतिद्वंद्विता



**नई दिल्ली।** आस्ट्रेलियाई हरफनमौला ग्लेन मैक्सवेल भारत के खिलाफ इस साल के आखिर में होने वाली बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के दौरान आधुनिक दौर के दो महान बल्लेबाजों विराट कोहली और स्टीव स्मिथ के मुकाबले को लेकर रोमांचित हैं। कोहली और स्मिथ मौजूदा दौर के 'फैब फोर' बल्लेबाजों में शामिल है जिसमें इंग्लैंड के कप्तान जो रूट और न्यूजीलैंड के केन विलियमसन भी हैं। मैक्सवेल ने कहा, 'जिस तरह से ये दोनों सुपरस्टार बल्लेबाज स्मिथ और कोहली खेल रहे हैं, मुझे लगता है कि बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के नतीजे पर इनकी बल्लेबाजी का काफी असर पड़ेगा।'

### नडाल ने लावेर कप से नाम वापिस लिया



**बर्लिन।** रफेल नडाल ने अगले सप्ताह बर्लिन में होने वाले लावेर कप से नाम वापिस ले लिया जिससे यह अस्पष्ट हो गया है कि स्पेन का यह महान टेनिस खिलाड़ी आगे कब खेलेंगे। नडाल ने पेरिस ओलंपिक के बाद से नहीं खेला है। उन्होंने कहा, 'मुझे यह बताते हुए निराशा हो रही है कि मैं अगले सप्ताह बर्लिन में लावेर कप नहीं खेल सकूंगा। यह टीम स्पर्धा है और मैं टीम यूरोप का समर्थक हूं। मुझे वही करना है जो टीम के लिए सर्वश्रेष्ठ है और इस समय दूसरे खिलाड़ी हैं जो टीम को जिता सकते हैं।'

# क्रैस्टो-कपिला की जोड़ी ने सेमीफाइनल में बनाई जगह

एजेंसी ▶▶| हो ची मिन्ह सिटी

भारत की तनीषा क्रैस्टो और ध्रुव कपिला की मिश्रित युगल जोड़ी ने शुक्रवार को यहां पहला गेम गंवाने के बाद शानदार वापसी करके वियतनाम ओपन सुपर 100 बैडमिंटन टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। ध्रुव और तनीषा की छठी वरीयता प्राप्त जोड़ी ने 44 मिनट तक चले क्वार्टर फाइनल मैच में सतीश कुमार करुणाकरण और आद्या वरियाथ की हमवतन शीर्ष वरीयता प्राप्त जोड़ी को 14-21, 21-10, 21-14 से हराया। थारुन मन्नेपल्ली का शानदार अभियान



हालांकि अंतिम आठ के मुकाबले में समाप्त हो गया। वह पुरुष एकल क्वार्टर फाइनल में जापान के शोगो ओगावा से 13-21, 13-21 से हार गए। क्रैस्टो और कपिला को लय में आने में समय लगा। शुरुआती गेम में सतीश और आद्या हावी रहे। इसके बाद क्रैस्टो और कपिला ने अच्छा खेल दिखाया और दूसरे गेम में आसानी से जीत दर्ज की।

### विश्व कप में भारत की अगुवाई करेंगे कोठारी



**कोलकाता।** मौजूदा राष्ट्रीय चैंपियन और दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी सौरव कोठारी मंगोलिया के उलानबाटर में शुक्रवार से होने वाले स्नूकर विश्व कप में भारतीय चुनौती की अगुवाई करेंगे। कोठारी को वहीं पर 21 से 25 सितंबर तक होने वाली आईबीएसएफ विश्व 6 रेड स्नूकर चैम्पियनशिप के लिए भी वाइल्ड कार्ड मिला है।भारत के पारस गुप्ता और कमल चावला भी इसमें भाग ले रहे हैं। विश्व स्नूकर कैलेंडर की इन अहम चैम्पियनशिप में 20 से अधिक देशों के भाग लेने की संभावना है।

## एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी : लगातार चार जीत से उत्साहित भारत

# भारतीय टीम का पाक के खिलाफ मुकाबला आज

एजेंसी ▶▶| हुलुनबुइर

सेमीफाइनल में जगह बना चुकी अपराजेय भारतीय टीम चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के खिलाफ शनिवार को हीरो एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी के बहु प्रतीक्षित आखिरी राउंड रॉबिन मैच में अपना दबदबा कायम रखने उतरेगी। चार मैचों में चार जीत दर्ज करके गत विजेता भारत अंकतालिका में शीर्ष पर है जबकि पाकिस्तान दूसरे स्थान पर है। पेरिस ओलंपिक कांस्य पदक विजेता भारत ने चीन को 3-0 से, जापान को 5-1 , मलेशिया को 8-1 और कोरिया को 3-1 से हराया। दूसरी ओर महान फॉरवर्ड ताहिर



जमां के मार्गदर्शन में खेल रही पाकिस्तानी टीम ने मलेशिया और कोरिया से 2-2 से ड्रॉ खेला। इसके अलावा जापान को 2-1 और चीन को 5-1 से हराया। मौजूदा फॉर्म की बात करें तो भारत का पलड़ा भारी है। हांगझोउ एशियाई खेलों में पिछले साल भारत ने पाकिस्तान को 10-2 से हराया था। उससे पहले चेन्नई में एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी में पाकिस्तान पर 4-0 से जीत दर्ज की थी। जकार्ता में 2022 एशिया कप में युवा भारतीय टीम ने पाकिस्तान को 1-1 से ड्रॉ पर रोका जबकि 2021 एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी ढाका में भारत ने पाकिस्तान को 4-3 से हराकर कांस्य पदक जीता था।

### प्रतिद्वंद्विता का कोई मुकाबला नहीं

भारतीय कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने पेरिस ओलंपिक का शानदार फॉर्म बरकरार रखा है और वह पाकिस्तान के खिलाफ खेलने को लेकर काफी उत्साहित हैं। हरमनप्रीत ने कहा, 'मैं अपने जूनियर दिनों से पाकिस्तान के कुछ खिलाड़ियों के खिलाफ खेलता आया हूं। मेरा उनसे अच्छा संबंध है और वे भाई जैसे हैं। मैदान पर हालांकि किसी भी प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ जज्बात पर काबू रखना होता है। विश्व हॉकी में भारत और पाकिस्तान की प्रतिद्वंद्विता का कोई मुकाबला नहीं है। मुझे यकीन है कि दुनिया भर में हॉकीप्रेमियों को इस मैच का इंतजार होगा।'

# कब्र से निकालते हैं लाशें नए कपड़े पहनाकर पिलाते हैं सिगरेट!



**जकार्ता।** दुनिया में जितने देश हैं, उससे कहीं ज्यादा मान्यताएं हैं। अलग-अलग देशों में ऐसे ऐसी जाति-समुदाय के लोग रहते हैं जो सालों से बड़ी ही विचित्र परंपराओं को मानते आ रहे हैं। ऐसी ही एक परंपरा इंडोनेशिया में रहने वाले एक समुदाय में है। ये लोग मरने के बाद अपने प्रियजनों को बेहद विचित्र ढंग से याद करते हैं। भारतीय परंपराओं की तरह इनके यहां भी साल में कुछ खास दिन होते हैं, जिसमें ये अपने पूर्वजों को याद करते हैं, पर सिर्फ पूजा-पाठ से ही नहीं याद रखते, बल्कि पूर्वजों की कब्र खोदकर उन्हें बाहर निकाल लेते हैं और फिर लाश को नहलाते-धुलाते हैं। एक वेबसाइट के अनुसार इंडोनेशिया के साउथ सुलावेसी में ताना तोराजा इलाका है।

### लाशों से जीवित इंसानों की तरह बातें करते हैं

अगस्त में फसल की बुआई से ठीक पहले ये त्योहार मनाया जाता है। इसकी तस्वीरें काफी भयानक होती हैं। ये लोग लाशों को उनकी कब्र से निकालते हैं। फिर उन्हें नहला-धुलाकर नए कपड़े पहनाते हैं। उनसे जीवित इंसानों की तरह बातें करते हैं, उनके साथ फोटो खिंचवाते हैं, उनके लिए खाने-पीने की चीजें बनाते हैं, उन्हें सिगरेट तक पिलाते हैं।

### उत्साह से मनाते हैं जश्न

इस जश्न के बाद वो उनकी कब्रों को साफ करते हैं और दोबारा उन्हें दफन कर देते हैं। हर साल वो ऐसा करते हैं। लाश को सुरक्षित रखने के लिए काफी सावधानी बरतते हैं। जिन लोगों की मृत्यु हाल ही में हुई होती है, उनकी लाशों को भी कुछ महीनों तक ये लोग अपने घर में ही रखे रहते हैं। जब जलसा होता है, तो उसमें लोग उत्साहित नजर आते हैं और नाच-गाना भी करते हैं। भैंसों से लेकर सूअर तक की बलि दी जाती है। जितना बड़ा-पैसे वाला आदमी होता है, उतने ज्यादा जानवरों को कटवाया जाता है। कई बार तो 100 सूअर और 10 तक भैंसों की बलि दी जाती है। जानवरों के मांस को जलसे में आए लोगों को खिला दिया जाता है। आपको जानकर हैरानी होगी कि छोटे बच्चों की लाशों को खोखले पेड़ों में दफनाया जाता है।

# 'गांव के आदमी से शादी करो, सरकार देगी 3 लाख', लड़कियों को मिला ऑफर

*शादी-ब्याह का मामला इतना अलग होता है कि अब तो माता-पिता भी इसे लेकर बच्चों को सलाह कम ही देते हैं। ऐसे में सोचिए क्या किसी देश की सरकार को ये अधिकार है कि वो लड़कियों को पैसों का लालच देकर उनकी शादी करवाए।*



**टोक्यो।** अपनी तकनीक और नैतिक मूल्यों की वजह से चर्चा में रहने वाला जापान इन दिनों एक ऐसी ही अजीबोगरीब स्कीम की वजह से सुर्खियों में है। आपने शायद ही कभी इस तरह का ऑफर सुना होगा। हालांकि, एक एशियन देश में ही लड़कियों को सरकार की ओर से गांव के मर्दों से शादी करने पर पैसे देने की स्कीम जारी की गई। एक रिपोर्ट के मुताबिक जापान की सरकार ने शादियों को बढ़ावा देने के लिए इस तरह की स्कीम लाई थी, जिसकी वजह से उन्हें विपक्ष का घोर विरोध झेलना पड़ गया।



### पलायन की वजह से कई इलाका हो जाता है खाली

*जापान की सरकार ने जो प्लान तैयार किया था, उसके मुताबिक लड़कियों को प्रोत्साहित किया जा रहा था कि वे 600,000 येन यानी 3 लाख 52 हजार रुपए ले लें और गांव के लड़के से शादी कर लें। चूंकि, जापान में गांव से होने वाले पलायन की वजह से कई जगहों पर पूरा का पूरा इलाका ही खाली हो चुका है।*

### वापस लेनी पड़ गई स्कीम

*इस स्कीम को लेकर विपक्ष और सोशल मीडिया पर भी लोगों का काफी विरोध देखने को मिला। इसकी वजह से सरकार को अपनी स्कीम वापस लेनी पड़ गई। वैसे आपको बता दें कि चीन में इस तरह की स्कीम काफी सामान्य हैं। मार्च में यहां के गुआंगडॉन्ग प्रांत में लोगों को शादी और बच्चे पैदा करने पर पैसे ऑफर किए गए थे।*

# किंग कोबरा से भी अधिक खतरनाक है भारत की ये मछली, गिरगिट की तरह बदलती है रंग

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

जब भी कुछ जहरीली जीवों की बात होती है तो आमतौर पर दिमाग में सांप और बिच्छू की ही तस्वीर आती है। मगर, आज हम आपको एक ऐसी मछली के बारे में बताने जा रहे हैं जिसका पूरा शरीर ही विषैला होता है। खास बात ये है कि ये मछली भारत में पाई जाती है, और इसकी खोज भारत के वैज्ञानिकों ने ही की है।

जी हां, हम बात कर रहे हैं स्कार्पियन फिस की जो भारत के मन्नार की खाड़ी में पाई जाती है। मन्नार की खाड़ी एक उथले पानी की खाड़ी है जो हिन्द महासागर में लक्षद्वीप सागर के एक भाग का हिस्सा है। खैर, केंद्रीय समुद्री मत्स्य अनुसंधान संस्थान के शोधकर्ताओं ने 2020 में सेतु कराई तट, मन्नार की खाड़ी में इस दुर्लभ स्कॉर्पियन फिश का पता लगाया था। यह पहली बार है जब यह विशेष प्रजाति भारतीय जल में जीवित पाई गई थी। वैज्ञानिकों के मुताबिक ये मछली इतनी खतरनाक होती है कि इसे खाने से इंसान की मौत भी हो सकती है।

### कांटों में होता है न्यूरोटॉक्सिन

*मछली को 'स्कॉर्पियन फिश' कहा जाता है, क्योंकि इसके कांटों में न्यूरोटॉक्सिन होता है। न्यूरोटॉक्सिन रासायनिक पदार्थ होता है जो नर्वस सिस्टम(तंत्रिका तंत्र) के लिए बेहद जहरीला और खतरनाक होता है। आम तौर पर सांप जैसे किंग कोबरा और समुद्री सांपों में इस प्रकार का विष होता है। जब कांटे किसी व्यक्ति को छेदते हैं, तो विष तुरंत इंजेक्ट हो जाता है। यही कारण है कि इस मछली को खाने से मौत भी हो सकती है।*



### कंपन से महसूस कर सकती है आसपास की चीजें

*स्कॉर्पियन फिस कई मायनों में सामान्य मछलियों से अलग होती है। स्कॉर्पियन फिस शिकार करने के लिए एक विशेष प्रणाली का उपयोग करती है जिसे पार्श्व संवेदी प्रणाली कहा जाता है। यह प्रणाली एक अंतर्निर्मित रडार की तरह है जो मछली को पानी में छोटी-छोटी हरकतों और कंपन को महसूस करने में मदद करती है। इस तरह, यह मछली आस-पास तैर रही अन्य मछलियों या जानवरों का पता लगा सकती है, भले ही वह उन्हें देख न सके। इसकी वजह से स्कार्पियन फिस को शिकार करने में और शिकारियों से बचने काफी मदद मिलती है।*

### गिरगिट की तरह रंग बदल सकती है यह मछली

स्कॉर्पियन फिस गिरगिट की तरह रंग बदलने में माहिर होती है। इस मछली में रंग बदलने और शिकारियों से बचने के साथ शिकार को पकड़ने के लिए छलावरण करने की क्षमता होती है। छलावरण खुद की रक्षा करने का तरीका है जिसका उपयोग जीव अपने स्वरूप को छिपाने के लिए करते हैं। स्कार्पियन फिस इर्द-गिर्द मौजूद चीजों के जैसे खुद का ढाल लेती है।

### शिकार के लिए घात लगाए बैठी रहती है स्कॉर्पियन फिश

स्कार्पियन फिश स्कार्पेनिडे परिवार से संबंधित हैं जो ज्यादातर समुद्री मछली होती हैं जिसमें दुनिया की कई जहरीली प्रजातियां शामिल हैं। यह मछली आमतौर पर दुनिया के इंडो-वेस्ट पैसिफिक क्षेत्र में पाई जाती है। यह एक बेहद खतरनाक मछली है और जो समुद्र के तल में शांति से अपना रंग बदलकर लेटी रहती है और शिकार को अपने पास आने का इंतजार करती है।

# ये है दुनिया का सबसे महंगा मसाला, एक किलो खरीदने के लिए खर्च करने पड़ते हैं लाखों रुपए

**नई दिल्ली।** मसाले के नाम में अब तक आपने लौंग, बड़ी इलायची, छोटी इलायची, काली मिर्च, जीरा, दालचीनी, मेथी, हल्दी, धनिया पाउडर आदि के नाम तो जरूर सुने होंगे। अगर नहीं, तो आज हम आपको इसी बारे में बताने जा रहे हैं। असल में हम बात कर रहे हैं केसर की। केसर को अक्सर 'रेड गोल्ड' यानी 'लाल सोना' भी कहा जाता है। इसकी कीमत इतनी है कि आप सुनकर हैरान हो जाएंगे। आपको जानकर आश्चर्य होगा कि एक किलो केसर की कीमत लाखों रुपए में होती है। केसर को अंग्रेजी में सैफ्रान कहा जाता है।

*आमतौर पर भारतीय रसोई में इन्हीं मसालों का इस्तेमाल किया जाता है। ये मसाले काफी किफायती दाम पर बाजारों में मिलते हैं। वहीं क्या आप इस बारे में जानते हैं कि दुनिया का सबसे महंगा मसाला कौन सा है?*



### केसर के फायदे

केसर न केवल स्वाद और सुगंध के लिए बल्कि अपने औषधीय गुणों के लिए भी जाना जाता है। यह पाचन में सुधार करता है, तनाव कम करता है, और त्वचा के लिए भी फायदेमंद होता है। केसर में एंटीऑक्सीडेंट्स की भरपूर मात्रा होती है जो शरीर को कई बीमारियों से बचाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

### केसर का उपयोग

*केसर का उपयोग मुख्य रूप से खाद्य पदार्थों में स्वाद और रंग के लिए किया जाता है। इसे दूध, खीर, पुलाव और कई अन्य व्यंजनों में डाला जाता है। केसर का उपयोग कॉस्मेटिक उत्पादों में भी किया जाता है।*

### क्यों इतना महंगा है केसर?

केसर का पौधा बहुत ही नाजुक होता है और इसे उगाना काफी मुश्किल है। केसर का एक किलो सूखा धागा प्राप्त करने के लिए लगभग 1.5 लाख से भी अधिक फूलों की जरूरत होती है। इसके अलावा, केसर के धागों को हाथ से ही तोड़ा जाता है, जिसके लिए बहुत समय और मेहनत लगती है। भारत में केसर की खेती मुख्य रूप से जम्मू-कश्मीर के पंपोर इलाके में होती है। पंपोर, बर्फ से ढका पहाड़ों के नीचे बसा एक शहर है। केसर की खेती के लिए ठंडा और आर्द्र मौसम के साथ खास तरह की मिट्टी की जरूरत होती है। मैदानी इलाकों में केसर की खेती संभव नहीं है। यही कारण है कि केसर इतना महंगा होता है। एक किलो केसर की कीमत लगभग 3.5 से 4 लाख रुपए तक हो सकती है, बाकी इसकी कीमत समय-समय पर बदलती रहती है।

### नकली केसर की समस्या

*केसर की बढ़ती मांग के कारण बाजार में नकली केसर भी खूब मिलता है। नकली केसर में कई तरह के हानिकारक रसायन मिलाए जाते हैं, जो स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हो सकते हैं। इसलिए केसर हमेशा किसी विश्वसनीय दुकान से खरीदना चाहिए। साथ ही, केसर को खरीदने से पहले उसकी अच्छी तरह जांच कर लें।*

# ऐसी जेल जिसे चलाते हैं अपराधी, दुश्मनों को कर देते हैं मगरमच्छ के हवाले!

**काराकस।** आपने फिल्मों में देखा होगा कि जब खूंखार अपराधी जेल में बंद होते हैं, तो वो जेल के अंदर से अपने साम्राज्य को चलाते हैं। सभी काले कारनामे सलाखों के पीछे से भी चलते रहते हैं। ऐसा सिर्फ फिल्मों में ही नहीं, असल दुनिया में भी होता है। दुनिया में एक ऐसी जेल वेनेजुएला में है, जो इस वजह से कुख्यात है। इसे बेहद खतरनाक जेलों में से एक माना जाता है। इस जेल में खूंखार अपराधी बंद हैं जो असल मायनों में इसे चलाते हैं। अंदर उनकी ही बंदूकों का राज है और ये भी माना जाता है कि वो अपने दुश्मनों को जेल में मौजूद मगरमच्छ को खिला देते हैं।




# इतिहास और कुदरत का संगम हैं नीली पहाडियां, खास वजह से मिलता है ये रंग



एजेंसी ⏭ सिडनी

ऑस्ट्रेलिया में ब्लू माउंटेन प्राचीन हैं, जिनमें अनुपम वनस्पतियां और जीव हैं, और हैरत में डालने वाला प्राकृतिक आकर्षण पैदा करते हैं। इस क्षेत्र का सांस्कृतिक और ऐतिहासिक महत्व है, जिसमें आदिवासी लोगों की छोड़ी गई रॉक आर्ट और नक्काशी है। इसके नीले दिखने की खास वजह है। ऑस्ट्रेलिया के पूर्वी न्यू साउथ वेल्स में स्थित ब्लू माउंटेन केवल एक हैरतअंगेज नजारा भर नहीं हैं। वे भूवैज्ञानिक इतिहास, अद्वितीय वनस्पतियों और जीवों और समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का खजाना हैं। प्राचीन चट्टान संरचनाओं से लेकर जीवंत स्थानीय समुदायों तक, ब्लू माउंटेन प्राकृतिक सुंदरता और ऐतिहासिक महत्व की मिली जुली मिसाल हैं जो हर साल लाखों पर्यटकों को आकर्षित करता है।

### हजारों सालों से रह रहे हैं आदिवासी

*ब्लू माउंटेन का ऐतिहासिक महत्व है। यहां आदिवासी हजारों सालों से रह रहे हैं। गुंडुंगुरा और दारुग लोगों ने अपने पीछे रॉक आर्ट और नक्काशी छोड़ी है, जो उनकी कहानियां और इतिहास बताती हैं। यहां एक रिट्रीट, ब्लू माउंटेन अब एक लोकप्रिय पर्यटन क्षेत्र है जहां अच्छी सड़कों से पहुंचा जा सकता है। इस क्षेत्र में 27 से ज़्यादा शहर हैं, जिनमें लेउरा, वेंटवर्थ फॉल्स और ग्लेनब्रुक शामिल हैं, जिनमें से हर एक में सुंदर सुंदरता और स्थानीय संस्कृति है।*

### कई तरह के अनोखे पौधों और जानवरों का है घर

*ब्लू माउंटेन असल में एक नेशनल पार्क का हिस्सा है जो कई तरह के रास्ते और मनमोहक नजारे प्रदान करता है। 1959 में स्थापित, ब्लू माउंटेन नेशनल पार्क 2,690 वर्ग किलोमीटर में फैला हुआ है और यूनेस्को की विश्व धरोहर स्थल है। 140 किलोमीटर से ज़्यादा लंबे पैदल चलने के रास्तों के साथ, पार्क में छोटी सैर से लेकर हफ़्ते भर चलने वाले ट्रेक तक सब कुछ उपलब्ध है। उल्लेखनीय रास्तों में सिक्स फ्रुट ट्रैक, नेशनल पास और ग्रैंड कैन्यन वॉक शामिल हैं। ब्लू माउंटेन कई तरह के अनोखे पौधों और जानवरों का घर है, जिनमें से कुछ दुनिया में कहीं और नहीं पाए जाते. यहां 150 से ज़्यादा अनोखी पौधों की प्रजातियां पाई जाती हैं, जिनमें थिरिमया मेगालोंगेंसिस भी शामिल है, जो 2015 में खोजा गया एक नारंगी फूल है जिसकी गंध फफूंद और सड़ी हुई मछली जैसी होती है। यह क्षेत्र ईस्टर्न ब्रशटेल पोसम और स्पॉटेड-टेल्ड क्वोल जैसे जानवरों का घर है, जो धरती पर और कहीं नहीं पाए जाते।*

## शोक संदेश
## भावभीनी श्रद्धांजलि

जन्मतिथि
12.08.1952

पुण्यतिथि
09.09.2024



## स्व. श्रीमती कमला देवी साहू

सौम्यता उनकी सुगंध थी, आनंद उनका जीवन था, सत्कर्म उनकी शोभा और परोपकार उनका कर्तव्य था।
मीठी मधुर स्मृतियां आपकी कभी नही मिट पायेंगी, आपका व्यवहार आपकी बातें, सैदव हमें याद आयेंगी।।

अत्यंत दुख के साथ आपको सूचित करना पड़ रहा है कि मेरी धर्म पत्नी श्रीमती कमला देवी साहू का आकस्मिक निधन दिनांक 09 सितम्बर 2024 को हो गया है, जिसका संपूर्ण अंतिम कार्यक्रम दिनांक 15.09.2024, दिन रविवार को संपन्न होगा।

निमंत्रण पत्र भेजा गया है जिन स्नेहीजनों को निमंत्रण पत्र नहीं मिला हो इसे ही निमंत्रण स्वीकार कर श्रद्धांजलि देने की कृपा करें।

**स्थान**
ग्राम पाउवारा
(उतई - अण्डा मार्ग)
जिला दुर्ग (छ.ग.)

जिसका संपूर्ण अंतिम कार्यक्रम
दिनांक 15.09.2024,
दिन रविवार को संपन्न होगा।

**विनीत**
ताम्रध्वज साहू (पति)
सदस्य-कांग्रेस वर्किंग कमेटी (CWC)
पूर्व गृह मंत्री छ.ग.







हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com